CMYK

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

बिलासपुर, रविवार, 26 नवम्बर 2023

वर्ष - 33 | अंक -207 | पृष्ठ - 12 |

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

संपर्क करें :-
bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

एक परिवार के 48 सदस्यों ने एक साथ डाला वोट पृष्ठ 3

मड़ई
▸ छत्तीसगढ़ी दिवस म उठत सवाल पृष्ठ 4

▸ हार्दिक पांड्या को शायद लगता है कि उनका समय पूरा हो गया है और अब वापस मुंबई इंडियंस लौट जाएं : एबी डिविलियर्स पृष्ठ 10

देश विदेश
▸ फिलिस्तीन के समर्थन में अमेरिका में प्रदर्शन
▸ कराची के शॉपिंग मॉल में लगी आग, नौ लोगों की मौत
▸ ऑस्ट्रेलिया में कथित हमले के बाद भारतीय छात्र कोमा में
पृष्ठ 9

## सार संक्षेप

### संविधान दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का होगा आयोजन

**नई दिल्ली।** विधि एवं न्याय मंत्रालय रविवार को यहां भारतीय विधि संस्थान के सहयोग से विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में संविधान दिवस मनाएगा। इसी दिन 1949 में भारत ने संविधान को अपनाया था। इस कार्यक्रम में पांच तकनीकी सत्रों वाली एक राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी भी आयोजित की जायेगी। इससे कानूनी विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और शिक्षा जगत सहित अन्य लोगों को 247 के विजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश में कानूनों में सुधार की जरूरतों पर विचार-विमर्श करने का अवसर मिलेगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे और वह पूर्ण सत्र में मुख्य भाषण देंगे।

### ट्रेड फेयर के अंतिम वीकेंड पर उमड़ी भीड़

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित ट्रेड फेयर के अंतिम वीकेंड पर दिल्ली पवेलियन में जमकर भीड़ उमड़ी एवं लोग पेवेलियन के सभी स्टालों पर जमकर खरीदारी करते देखे गए। दिल्ली पवेलियन में बने अक्षरधाम मंदिर के साथ सेल्फी लेने का भी लोगों में जमकर क्रेज देखा गया। वहीं पवेलियन में रोज हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्टेज शो का भी लोगों ने लुत्फ उठाया।

### मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत ट्रेन द्वारकाधीश रवाना

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत शनिवार को 83वीं ट्रेन दिल्ली के बुजुर्गों को लेकर द्वारकाधीश के लिए रवाना हुई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यात्रा पर जाने से पहले यहाँ एक कार्यक्रम में तीर्थयात्रियों से मुलाकात के बाद कहा कि दिल्ली के बुजुर्गों को लेकर ट्रेन लगभग हर सप्ताह तीर्थयात्रा पर जा रही है। इसी कड़ी में आज भी एक ट्रेन 78 तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही है।

### जेयू में रैगिंग से मौत मामले में छह आरोपी छात्रों के विवि में प्रवेश पर रोक

**कोलकाता।** । जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के छह छात्रों को, जो इस साल संस्थान के एक नए छात्र की दुःखद मौत के मामले में आरोपी हैं, अनिश्चित काल के लिए विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया गया है।

### दिल्ली को कोई राहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली में समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शनिवार शाम 389 पर रहा जो बहुत खराब श्रेणी में है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (सफर) के आंकड़ों में यह बात कही गई है।

### महाराष्ट्र में मुसलमानों को 5फीसदी आरक्षण नहीं मिलने पर उलेमाओं कीआंदोलन की चेतावनी

पुणे । ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड (एआईयूबी) ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर महाराष्ट्र में मुस्लिम समुदाय को राज्य सरकार द्वारा शिक्षा में 5 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा नहीं किया गया तो यह समुदाय बड़ा आंदोलन शुरू करेगा।

# राजस्थान में 68 फीसदी से अधिक मतदान

## सर्वाधिक 76.57 फीसदी मतदान जैसलमेर में, सबसे कम 60.71 फीसदी पाली जिले में दर्ज

**जयपुर**, 25 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान की 199 विधानसभा सीटों पर शनिवार शाम 6 बजे मतदान सपन्न हो गया। पांच बजे तक 68 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के अनुसार शाम 5 बजे तक प्रदेश में 68.24 फीसदी मतदान हुआ है। कई जगह झड़प और बवाल हुआ। बूथ कैप्चर किया गया। मतगणना 3 दिसंबर को होगी। सर्वाधिक 76.57 प्रतिशत मतदान जैसलमेर जिले में हुआ, जबकि सबसे कम 60.71 प्रतिशत पाली जिले में दर्ज किया गया।



**भरतपुर जिले की कामां व नगर में विवाद**

भरतपुर जिले की कामां और नगर विधानसभा क्षेत्र में विवाद हुआ। नगर विधानसभा क्षेत्र के सुकेत गांव में राजकीय प्राथमिक स्कूल के बूथ पर हंगामा कर दिया। यहां एक व्यक्ति दीवार फांदकर बूथ में घुस गया और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से मारपीट शुरू कर दी। उसने वीवीपैट में तोड़फोड़ की। हंगामे की वजह से करीब 30 मिनट तक मतदान बंद रहा। धौलपुर जिले के बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में खुले का पूरा गांव में बूथ कैप्चरिंग करने की कोशिश की गई। यहां लोगों की फ्लाइंग स्क्वॉड के मजिस्ट्रेट हरिओम सिरवार से झड़प हो गई। गाड़ी में तोड़फोड़ कर ड्राइवर से मारपीट की। कैमरामैन का कैमरा और फोन छीनकर ले गए। इसके बाद गांव के दो पक्षों के बीच फायरिंग और पत्थरबाजी हुई। घटना में मजिस्ट्रेट के ड्राइवर सहित तीन लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के रजई कला गांव में भी फायरिंग का मामला सामने आया। कंचनपुर के एक मतदान केंद्र पर बसपा प्रत्याशी जसवंत गुर्जर और भाजपा कैंडिडेट गिर्राज मलिंगा के समर्थक आमने-सामने हो गए। वहीं अब्दुलपुर गांव में दो पक्ष आपस में भिड़ गए और पथराव कर दिया।

**फतेहपुर शेखावाटी में दो गुटों में झगड़ा**

सीकर के फतेहपुर शेखावाटी में दो गुटों में झगड़ा हो गया। दोनों ने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके। घटना बोचीवाल भवन के पीछे बूथ संख्या 128 से 200 मीटर दूर मोहल्ले में हुई। पथराव में एक कॉन्स्टेबल समेत 3 लोग घायल हो गए। चूरू के सरदारशहर के एक बूथ पर कांग्रेस-भाजपा कार्यकर्ताओं में झड़प भी हुई है। जोधपुर के लूणी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी जोगाराम पटेल के कार्यालय पर हमले का आरोप लगाया। सीकर, श्रीगंगानगर जिलों के कई बूथों पर ईवीएम में खराबी के कारण मतदान में देरी हुई। अलवर, झालावाड़, श्रीमाधोपुर सहित कई विधानसभाओं के बूथों पर दूल्हा-दुल्हन भी वोट करने पहुंचे। टोंक की निवाई विधानसभा में 113 साल की वोटर भूली देवी ने भी वोट डाला।

# मुख्यमंत्री के पिता नंदकुमार की तबीयत नाजुक, मिलने पाटन पहुंचे सीएम भूपेश

**रायपुर**, 25 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्ययमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल की तबियत काफी नाजुक बतायी जा रही है। पिता की तबियत बिगड़ने की जानकारी के बाद सीएम भूपेश बघेल आज शनिवार को शांति नगर स्थित पाटन सदन पहुंचकर पिता से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य संबधित जानकारी ली।



कुछ दिन पहले ही नंद कुमार बघेल की तबियत बिगड़ने पर उन्हे मोवा के बालाजी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जिन्हे उपचार के बाद स्वास्थ्य लाभ मिलने पर हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया था। आज बताया जा रहा है कि एक बार फिर नंद कुमार बघेल की तबियत ज्यादा खराब हो गयी। स्थिति नाजुक होने की खबर मिलते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने पिता से मिलने तत्काल शांति नगर स्थित पाटन सदन पहुंचे। मुख्यमंत्री ने पाटन सदन पिता के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के बाद डॉक्टरों की टीम से इलाज के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री के पिता की तबियत एक बार फिर ज्यादा खराब होने पर डॉक्टरों की टीम द्वारा बेहतर इलाज करने का प्रयास किया जा रहा है।

### नैनीताल में कार गहरी खाई में गिरी, 5 की मौत

**नैनीताल।** नैनीताल जिले में शनिवार को दिल्ली के पर्यटकों की कार गहरी खाई में गिर गई। इसमें सभी पांच लोगों की मौत हो गई है। नैनीताल के कोटाबाग क्षेत्र में हुआ। माना जा रहा है कि इसी वजह से कार चालक ने संतुलन खो दिया। लोगों ने कार को खाई में गिरा देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि बाघनी गांव में पर्यटकों की कार खाई में गिरने से पांच लोगों की मौत हुई है। मृतकों की शिनाख्त अब तक नहीं हुई है।

**सिलक्यारा सुरंग मामला**

# फिर बाधित हुआ बचाव अभियान

## सुरंग के भीतर टूटी बरमा मशीन



**उत्तरकाशी**, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए अभियान चल रहा है लेकिन इस बीत अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने शनिवार को बताया कि सुरंग में बड़े पैमाने पर बचाव अभियान के 14वें दिन बरमा मशीन खराब होने से अब इस प्रक्रिया में ज्यादा समय लग सकता है क्योंकि यह ऑपरेशन तकनीकी रूप से और ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है।

**अब धैर्य की जरूरत है**

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन ने कहा कि अब धैर्य की जरूरत है क्योंकि बचावकर्मियों को किसी दबाव में नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थिति युद्ध जैसी है और ऑपरेशन को लेकर भविष्यवाणी नहीं की जा सकती है।

**वर्टिकल ड्रिलिंग शुरू की जाएगी**

रिपोर्ट के मुताबिक, बचाव अभियान में ऑगर (बरमा) मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है जो मलबे के बीच से ड्रिलिंग कर रही है लेकिन रास्ते में धातु बाधा आने पर इसका काम रुक जाता है। इस बीच कई बार बरमा मशीन में खराबी का सामना करना पड़ा है। बचावकर्मी अब बरमा मशीन को निकाल रहे हैं। इसके बाहर आने पर मैन्युअल ड्रिलिंग और वर्टिकल ड्रिलिंग शुरू की जाएगी।

फिलहाल मुख्यमंत्री धामी एक बार फिर टनल पर पहुंचे हैं। उन्होंने वर्टिकल ड्रिल पर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी विशेषज्ञों की सलाह से आगे के एक्शन पर फैसला लिया जाएगा। एनडीएमए सदस्य ने कहा कि फिलहाल 47 मीटर की खुदाई हो चुकी है, उसे स्थिर रखना है और बरमा मशीन का टूटा हुआ हिस्सा हटाना है।

### कांग्रेस ने खड़े किए सवाल

देहरादून। उत्तरकाशी सिलक्यारा में 14 दिन से टनल में फंसे मजदूरों को निकालने की लगातार कोशिश की जा रही है। हर दिन मजदूरों के सफल रेस्क्यू ऑपरेशन में कोई न कोई बाधा आ जाती है। जिसके कारण अभी तक टनल में फंसे मजदूरों को नहीं निकाला जा सका है। वहीं, टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने में हो रही देरी के मामले पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा है। मामले में कांग्रेस ने बीजेपी सरकार और सिस्टम पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने बाकायदा इसके लिए एक पोस्टर भी जारी किया है।

**टीएमसी सांसद की बढ़ सकती है मुश्किलें**

# महुआ मामले में सीबीआई जांच शुरू

**नई दिल्ली**, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा में पैसा लेकर सवाल पूछने आरोपों से घिरी टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के मामले में सीबीआई ने लोकपाल के निर्देश पर प्रारम्भिक जांच शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि इस मामले में अब महुआ की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। फिलहाल प्रारम्भिक जांच में एजेंसी पहले यह सुनिश्चत करेगी कि आरोप जांच के योग्य है अथवा नहीं। अगर इस जांच में सीबीआई को पर्याप्त साक्ष्य मिल जाते हैं तों वह महुआ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच आगे बढ़ा सकती है। मालूम हो कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की शिकायत के आधार पर मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई जांच की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिन्होंने टीएमसी सांसद पर संसद में सवाल पूछने के बदले एक कारोबारी से पैसा लेने का आरोप लगाया था।



■ आचार समिति भी कर चुकी है निष्कासित करने की सिफारिश

**संसद सदस्यता भी हो सकती है समाप्त**

इस मामले में लोकसभा आचार समिति ने पहले ही महुआ मोइत्रा को दोषी मानते हुए निचले सदन सदन से निष्कासित करने की अपनी सिफारिश लोकसभा अध्यक्ष के पास भेज दी है। माना जा रहा है कि 4 दिसम्बर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में यह प्रस्ताव लोकसभा में रखा जा सकता है। सदन सहमत हुआ तो टीएमसी सांसद की सदस्यता खत्म हो सकती है।

# डीए डीआर के आदेश में विलम्ब से रोष

**रायपुर**, 25 नवंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग से अनुमति के बाद भी महंगाई की मार झेल रहे कर्मचारी और पेंशनरों को केंद्र की भांति महंगाई भत्ता और महंगाई राहत के भुगतान के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से आदेश जारी करने में हो रहे विलम्ब से भारी रोष है। आरोप लगाया है कि इस अनावश्यक देरी के लिए केवल ब्यूरोकेट ही जिम्मेदार है। ऐसा प्रतीत होता है कि वे जानबूझकर अड़ंगा लगा रहे हैं। उक्त आरोप जारी विज्ञप्ति में छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन के प्रदेश संयोजक तथा भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने लगाया है। उन्होंने बताया कि 2017 से अबतक कई महीने का डीए डीआर का एरियर हजम करने वाली छत्तीसगढ़ सरकार कर्मचारियों और पेंशनरों के मामले में आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है का पहाड़ा पकड़ कर मितव्ययता के नाम पर पूरा एरियर की राशि हजम कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग से अनुमति कर्मचारियों और पेंशनरों को डीए डीआर देने हेतु ली गई और अनुमति आते ही अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी अपना खुद का महंगाई भत्ता (डीए) आदेश जारी कर लिए। जिनके लिए अनुमति ली गई उन पेंशनरों और कर्मचारियों के लिए आदेश का कोई पता नहीं है।

■ ब्यूरोकेट पर अड़ंगा लगाने का आरोप

■ अनुमति कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए और आदेश ब्यूरोकेट अधिकारियों का पर ब्यूरोकेट्स पूरी तरह से हावी है।



जब जब केन्द्र सरकार डीए डीआर देती है तब देर सबेर अपने लिए खुद के हस्ताक्षर से पूरा एरियर का आदेश जारी कर यही ब्यूरोकेट राज्य सरकार के खजाने को खाली करती आ रहे हैं।

हद तो तब हो गई जब एक ही दिन एक नहीं दो अलग अलग आदेश जारी कर पहले 42 और दूसरे आदेश में 46 फीसदी के महंगाई भत्ता लेने के आदेश खुद के हस्ताक्षर से निकाल लिए। यह अपने आपमें अदभुत उदाहरण बन गया है। जबकि दोनो डीए के आदेश एक साथ एक ही आदेश में जारी हो सकता था। तब एक ही तिथि में दो बार अलग अलग आदेश करने के पीछे क्या राज है समझ से परे है।

**बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामला**

# पॉक्सो केस बंद करने पर 11 जनवरी को फैसला लेगी अदालत

**नई दिल्ली**, 25 नवम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली की एक अदालत ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक नाबालिग पहलवान द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में दिल्ली पुलिस की रद्दीकरण रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए या नहीं, इस पर आदेश की घोषणा 11 जनवरी 2024 तक के लिए टाल दी है।

पटियाला हाउस कोर्ट की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) छवि कपूर ने यह कहकर मामले को स्थगित कर दिया कि आदेश तैयार नहीं है। पुलिस की रद्दीकरण रिपोर्ट 15 जून को दायर की गई थी, और पिछली सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा इसका विरोध नहीं किया गया था। 1 अगस्त को कथित पीड़िता और उसके पिता ने मामले में पुलिस की रिपोर्ट पर कोई आपत्ति नहीं जताते हुए पुलिस जांच से संतुष्टि व्यक्त की थी। उन्होंने एएसजे कपूर के समक्ष कक्ष में कार्यवाही में अपना बयान दर्ज कराया था। 4 जुलाई को कोर्ट ने पुलिस की कैंसिलेशन रिपोर्ट पर शिकायतकर्ता से जवाब मांगा था। पुलिस द्वारा पटियाला हाउस कोर्ट में दायर की गई 550 पेज की रिपोर्ट में कहा गया था कि नाबालिग द्वारा लगाए गए आरोपों में कोई पुष्टिकारक सबूत नहीं मिला।

**तेलंगाना में प्रचार के लिए जुटे दिग्गज**

# मोदी के दो यार, ओवैसी व केसीआर: राहुल

**हैदराबाद**, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस सनेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में आदिलाबाद जिले में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के दो यार हैं। एक ओवैसी और एक केसीआर हैं। केसीआर चाहते हैं कि नरेंद्र मोदी दिल्ली में प्रधानमंत्री रहें। वहीं, नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि केसीआर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रहें। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को तेलंगाना के कामारेड्डी में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन और बीआरएस पार्टी पर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि भले ही टीआरएस ने अपना नाम बदलकर बीआरएस कर लिया और यूपीए ने अपना नाम बदलकर इंडिया गठबंधन कर लिया, लेकिन इससे उनका भ्रष्टाचार और कुशासन का इतिहास नहीं बदलेगा।



**राहुल के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा**

राहुल गांधी बनाम भाजपा की लड़ाई गहराती जा रही है। अब राहुल के एक सोशल मीडिया पोस्ट को लकर भाजपा ने चुनाव आयोग में औपचारिक शिकायत दर्ज करा, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के कथित उल्लंघन का हवाला देते हुए उन पर तत्काल कार्रवाई किए जाने की मांग की है। भाजपा ने अपनी शिकायत में कहा है कि राहुल के एक्स पर किए एक पोस्ट जिसमें स्वास्थ्य सेवा, गैस सब्सिडी, कृषि ऋण राहत, अंग्रेजी शिक्षा, ओबीसी आरक्षण से संबंधित वादे के साथ ही राजस्थान में चल रही मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया था, वह 48 घांटे की मौन क्षेत्र सीमा का उल्लंघन है।

**सौम्या विश्वनाथन मर्डर मामला**

# 4 दोषियों को उम्रकैद

नई दिल्ली, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। पत्रकार सौम्या विश्वनाथन मर्डर केस में दिल्ली कोर्ट ने 15 साल बाद शनिवार को दोषियों को सजा सुनाई। साकेत कोर्ट ने कहा कि अपराध रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस की कैटेगरी में नहीं आता, इसलिए मौत की सजा की अपील खारिज की जाती है। ट्रायल जस्टिस रविंद्र कुमार पांडे ने चार दोषियों को उम्रकैद की सजा दी है, जबकि पांचवें दोषी अजय सेठी को 3 साल जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 1.25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। इससे पहले 18 अक्टूबर को कोर्ट ने 5 आरोपियों रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार, अजय सेठी और बलजीत मलिक को दोषी करार दिया था। इन पर मकोका लगाया गया था।

उधर, फैसले के बाद सौम्या की मां माधवी विश्वनाथन ने कहा- मैं चाहती थी कि जो मैं झेल रही हूं, वे (सौम्या के हत्यारे) भी जिंदगी भर वही सब झेलें। मैं संतुष्ट हूं, लेकिन यह नहीं कहूंगी कि मैं खुश हूं। 25 साल की सौम्या विश्वनाथन हेडलाइंस टुडे की पत्रकार थीं।

30 सितंबर 2008 की सुबह दक्षिणी दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। वे ऑफिस से अपनी कार से घर आ रही थीं। पुलिस ने दावा किया था कि हत्या के पीछे का मकसद लूटपाट था।

**आंदोलन** — *संयुक्त किसान मोर्चा व सेंट्रल ट्रेड यूनियन ने किया आह्वान*

# देशभर के किसान मजदूरों का आज से विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। 26-28 नवंबर तक देशभर के राज्यों की राजधानी में किसान और मज़दूर साझा महापड़ाव डालेंगे। इस महापड़ाव का आह्वान संयुक्त किसान मोर्चा और सेंट्रल ट्रेड यूनियन के सांझे मच ने किया है।**

*दिल्ली में मजदूर संगठन संयुक्त रूप से शुरआती दो दिन 26 और 27 नवंबर को दिल्ली के राज्यपाल के ऑफिस के बाहर महापड़ाव डालेंगे, जबकि 28 तारीख को दिल्ली एनसीआर के मज़दूर किसान संसद के पास जंतर मंत्र पर महापड़ाव डालेंगे। 26 अक्टूबर को दिल्ली में सेंट्रल ट्रेड यूनियन के संयुक्त मंच और संयुक्त किसान मोर्चा ने एक आयोजन इसे लेकर फैसला किया था। सभी ने देश की राजधानी में तीन दिन के साझे महापड़ाव को सफल बनाने और इस दौरान उठाने वाले मुद्दों पर अपनी बात रखी। इसके अलावा पूरे क्षेत्र में ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों ने सांझा अभियान भी चलाए। इस दौरान उन्होंने पर्चा वितरण किया और लोगों से दिल्ली के प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील भी जारी की है।*

*कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि पूरे देश में मजदूर किसान 26 से 28 नवंबर तक देश के सभी राज्यों के माननीय राज्यपाल महोदयों के कार्यालय पर 3 दिन का महा पड़ावकरने जा रहे हैं उन्होंने कहा कि महापड़ाव के अंतिम दिन 28 नवंबर 2023 को प्रात: 10:00 बजे से जंतर मंतर नई दिल्ली पर बड़ा प्रदर्शन करेंगे जिसमें नोएडा ग्रेटर नोएडा से बड़ी संख्या में मजदूर किसान हिस्सेदारी करेंगे। उन्होंने मजदूरों किसानो एवं आम जन के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए सभी से उक्त कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील किया। संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के नेताओ ने बताया की दिल्ली किसान आंदोलन के बाद केंद्र सरकार ने अन्य लंबित मुद्दों जिसमे एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी देने, बिजली संशोधन कानून 2022 की वापसी, लखीमपुर खीरी के शहीद किसानों को न्याय देने का आश्वाशन दिया लेकिन केंद्र सरकार ने किसानों के साथ विश्वासघात करते हुए किसानों को धोखा देने का काम किया है।*

**28 दिल्ली एनसीआर के मजदूर किसान जंतर मंतर पहुंचेंगे**

# झोलाछाप डॉक्टर ने बुझा दिया घर का चिराग

■ वनांचलों में अभी भी है लोग झोलाछाप डॉक्टरों के भरोसे




## शासन प्रशासन नकेल नहीं लगा पा रहा है झोलाछाप डॉक्टरों पर

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 25 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के वनांचल क्षेत्र में अभी भी लोग झोलाछाप डॉक्टरों के भरोसे हैं तथा झोलाछाप डॉक्टरों के लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है। ऐसे ही एक मामले में झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से एक घर का चिराग बुझ गया परंतु दोषी झोलाछाप डॉक्टर पर कार्यवाही की बजाय मामले को दबाने का प्रयास चल रहा है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के गौरेला विकासखंड के ग्राम ठेंगाडांड़ में झोला छाप डॉक्टर की लापरवाही से 5 वर्षीय मासूम बालक की मौत हो गई। बच्चे को 2 दिन से मामूली बुखार था, झोलाछाप डॉक्टर ने लापरवाही पूर्वक इलाज कर उसके नस में कोई दवा चढ़ाई और पल भर में मासूम की मौत हो गई । सरकार गांव गांव प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से कितने ही इलाज के लाख दावे कर ले परंतु वनांचलों में आज भी झोलाछाप डॉक्टर के भरोसे इलाज चल रहा है। ऐसा ही एक मामला गौरेला के समीपस्थ गांव ठेंगाडांड़ में जहां मंगल सिंह राठौर के घर में 5 साल के मासूम की अंकुश राठौर की 23 अक्टूबर की रात लगभग 2.30 बजे हल्का बुखार आया तो उसके माता-पिता उसे सुबह 10.00 बजे गांव में ही निवास करने वाले झोलाछाप डॉक्टर राम सिंह राठौर जो खोडरी गांव में अपनी निजी क्लीनिक खोलकर इलाज कर रहा है उसके पास लेकर गए । बिना कुछ जांच किए बगैर झोलाछाप डॉक्टर राम सिंह राठौर ने बच्चों के नस में इंजेक्शन मोनोसेफ लगाया। इंजेक्शन लगाने के 5 से 7 मिनट बाद ही बच्चे मासूम बच्चे अंकुश की तबीयत बिगड़ने लगी तो डॉक्टर ने तुरंत उसको एविल इंजेक्शन लगाया। इसके बाद भी उसके तबीयत में सुधार नहीं हुआ तो नसों के माध्यम से उसे ड्रिप चढ़ाने लगा । बच्चे का शरीर ठंडा पड़ने लगा और जब बच्चा शांत हो गया तो, तो चिकित्सक झोलाछाप डॉक्टर ने मृत बच्चे को लेकर उसके परिवार के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोड में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सक के पास स्वयं लेकर आया परंतु चिकित्सक ने यहां उसे मृत बताते हुए ले जाने को कहा और झोलाछाप डॉक्टर वापस मृत मासूम बच्चे के शव को वापस पीड़ित माता-पिता के घर लाकर छोड़ दिया और कहने लगा कि इसकी कहीं भी शिकायत करोगे तो पोस्टमार्टम करना पड़ेगा यह कहते हुए उन्हें शांत रहने के लिए 10000 ? दिए मामला रफा दफा कर शांत रहने को कहा।

अब लगभग 20 से 22 दिन बीत गए हैं झोलाछाप डॉक्टर अपने क्लीनिक में नहीं है मीडिया को के संज्ञान में यह मामला प्रकाश में आने के बाद जब मीडिया के लोग उसके क्लिनिक पहुंचे क्लीनिक में बड़ी मात्रा में दवाइयां उपलब्ध थी,परंतु झोलाछाप डॉक्टर मौके पर नहीं था। पूरे मामले की जानकारी जब जिला चिकित्सा अधिकारी गौरेला पेंड्रा मरवाही ई नागेश्वर राव को दी गई तो मामले में संज्ञान मिलने के बाद मिलने के बाद नोडल अधिकारी से जांच कार्यवाही की बात की है। वहीं शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा झोलाछाप डॉक्टर द्वारा ले गए मृत बच्चों के शव को प्रीक्षण के बाद वापस बिना पुलिस सूचना के भेजने की जानकारी एवं जांच के बाद उचित कार्रवाई करने की बात की है। साथ ही यह भी कहां की झोला छाप डॉक्टरों को दवाई उपलब्ध कराने वाले मेडिकल स्टोर संचालकों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## अस्पताल से लापता हुई महिला की लाश मिली

**अंबिकापुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले में प्रसव पीड़ित महिला प्रसव के लिए अस्पताल पहुंची थी जिसका प्रसवा कराया गया। महिला ने प्रसव के बाद एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है।

प्रसव के बाद अस्पताल में जच्चा और बच्चा का देखभाल किया जा रहा था। इसी बीच उक्त महिला रहस्यमय ढंग से अस्पताल से गायब हो गई थी। 7 घंटे तक खोजबीन के बाद महिला मृत अवस्था मिली महिला का शव गांधी चौक के दुर्गा मंदिर के पास मिला है। महिला के परिजन अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। सूरजपुर जिला के ग्राम गौरा में इलाज के लिए महिला को लेकर आए थे। मेडिकल कॉलेज अस्पताल यह पूरा मामला है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है।

## रिजर्व बैंक की प्रतियोगिता में आर्ची और टीम ने किया जोन लेवल क्वालीफाई



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 25 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आर बी आई पॉलिसी चैलेंज का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता के भोपाल रीजन की प्रतियोगिता में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय की छात्रा आर्ची अग्रवाल, अंशिका अग्रवाल एवं श्रुति केशरवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

इन्होंने प्रो.रक्षासिंग के मार्गदर्शन में डी ग्लोबलाइजेशन- ऑपर्चुनिटी एंड चैलेंजेस विषय पर निबंध लिखा था। अब आर्ची अग्रवाल, अंशिका अग्रवाल और श्रुति केशरवानी जोन लेबल की पुणे के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगी और अपना प्रजेंटेशन देंगी।

आर्ची गौरेला के पूर्व एल्डरमैन बालकृष्ण अग्रवाल आभा अग्रवाल की पुत्री है, अंशिका व्यवसायी चंद्रमोहन मिथिला अग्रवाल की पुत्री है, श्रुति पेण्ड्रा के व्यवसायी धर्मेंद्र सरोज केशरवानी की पुत्री है।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रकाशमणि त्रिपाठी ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुये सफलता की कामना की है।

## सार-संक्षेप

### महिला समिति के द्वारा तुलसी विवाह का कार्यक्रम



**तखतपुर** 25 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राम जरौंधा में देवउठनी एकादशी के शुभ अवसर पर श्री राधा कृष्ण सत्संग महिला समिति के द्वारा तुलसी विवाह का कार्यक्रम रखा गया। गन्ने से मण्डप सजाया गया और भगवान सालिगराम के साथ माता तुलसी का विधि विधान के साथ पूजा की गई तथा वैवाहिक रस्में पूरी की गई, जिसमें भगवान का माता तुलसी के साथ विवाह कराया गया। जिसमें मुख्य रूप से समिति की अध्यक्ष शारदा साहू समिति की उपाध्यक्ष दीपा दुबे समिति की सचिव नंदिनी मिश्रा समिति की कार्यकारिणी विमल तिवारी, समुद्र साहू सरोज यादव, संतोषी यादव अमोला साहु, रामिन साहू सीता साहू, नीरज साहू जननी साहू, बहुरा साहू, दीपा साहू, विमला साहू, पुनिया साहू, सुमित्रा साहू, छेदिन साहू, चंद्रकली साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### गौरा गौरी का पूजन कर भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चना किया गया



**तखतपुर** 25 नवंबर (देशबन्धु)। गौरा गौरी का पूजन कर भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चना किया गया और इसके बाद बाजे गाजे के साथ विसर्जन किया गया। गौरा गौरी की पूजा में शामिल हुए।

दीपावली के बाद गौरा गौरी का पूजन कर भगवान शिव पार्वती की पूजा करते हुए विवाह की रस्म निभाई गई। माता पार्वती और भगवान शिव के विवाह में बड़े श्रद्धा और भक्ति के साथ शामिल हुए। भजन कीर्तन में सभी झुमते रहे। धनतेरस के दिन से ही पूजा की तैयारी शुरू कर दी जाती है और दीपावली के दूसरे दिन तक पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया। नगर के वार्ड क्रमांक 4 में गौरा गौरी पूजन में पार्षद टेकचंद कारड़ा शामिल हुए तथा पूजा अर्चना किए। इस दौरान सरस्वती कैवर्त, संगीता गोंड़, रोशनी कैवर्त, दीपा यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हर साल मिलरों का रोका जा रहा 2 हजार करोड़ का भुगतान: योगेश अग्रवाल

- छग प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बनने के बाद मिलरो से मुलाकात कर उनकी समस्या जानने निकले श्री अग्रवाल
- कुरुद आगमन पर राईस मिलरो ने किया स्वागत, कहा राईस मिलरों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता



**कुरुद** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। छग प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष चुनने जाने के पश्चात योगेश अग्रवाल प्रदेश के दौरे पर है। इसके तहत वे आज कुरुद पहुंचे जहां राईस मिलरों ने उनका स्वागत सत्कार किया। इसके पश्चात श्री अग्रवाल ने हाईवे चैनल से विशेष चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात उनकी प्राथमिकता राईस मिलरों की समस्याओं का सभी के सहयोग से निराकरण कराना है। अलग-अलग क्षेत्रों में राईस मिलरो को अलग-अलग दिक्कते आती है। लेकिन आज तक इन समस्याओं का अलग-अलग डाटा नहीं बनाया गया लेकिन वे प्रदेश के सभी क्षेत्रो में पहुंचेंगे। और प्रदेश राईस मिलरों से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे। इसके पश्चात समस्याओं को शासन व अधिकारियों के पास प्रमुखता से रखेंगे। इन समस्याओं का निराकरण ही उनका उद्देश्य है। कुरुद के बाद धमतरी फिर कांकेर, कोण्डागांव, जगदलपुर, बालोद फिर डोंगरगढ़ पहुंचेंगे। इसके पश्चात प्रदेश शेष हिस्सो में उनका दौरा होगा। अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने कहा कि 2021-22 के भुगतान की स्थिति में प्रदेश के 2290 मिलरों का लगभग 4500 करोड़ का भुगतान बाकी है। 2022-23 के भुगतान की स्थिति में तो लगभग 6500 करोड़ व इस सत्र 2023-24 को जोड़ दे तो लगभग 8500 करोड़ का भुगतान शेष रह जायेगा। इस प्रकार कहा जा सकता है कि हर हर प्रदेश के राईस मिलरों को लगभग दो हजार करोड़ का भुगतान अटक रहा है। इसमें कस्टम मीलिंग, ट्रांसपोर्टिंग, बारदाना, आदि का भुगतान शामिल है। राईस मिलरों की समस्याओं को लेकर हालही में मंत्रालय में मिलरों से जुड़े 5 विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक आहुत की गई जिसमें प्रदेश भर के लगभग 25 राईस मिलर्स शामिल हुए। अधिकारियों के समक्ष भुगतान व अन्य समस्याओं को रखा गया है। सभी के सहयोग से इन समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द कराना है। राईस मिलरों के संघर्ष में उनका हमेशा साथ दूंगा। कुरुद आगमन के दौरान अध्यक्ष योगेश अग्रवाल के साथ रायपुर से विजय शर्मा, चंदन अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल भी पहुंचे थे। इसके अतिरिक्त कुरुद के राईस मिलरों में प्रमुख रुप से अनिल चन्द्राकर, सुनील अग्रवाल, सुरेश महावर, कुलश सुखरमाणी, लक्खू केला, योगेश चन्द्राकर, अजय शर्मा, मनीष अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, मोनू अग्रवाल, कमलेश गांधी, प्रवीण भंसाली, राहुल चन्द्राकर, सचिन अग्रवाल, जागेश्वर सिन्हा, विरेन्द्र जैन, उत्तम अग्रवाल, लक्की जैन, मनोज चन्द्राकर, एकांश चन्द्राकर, दिलीप सिन्हा, दुर्लभ देवांगन, बलराम साहू, राहुल सुन्दरानी, आदि उपस्थित रहे।

**छग राम का ननिहाल, श्रीराम मंदिर के भंडारे के लिए जाएगा यहां से चावल:** चर्चा के दौरान छग प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने उपस्थित सभी राईस मिलरों से अपील करते हुए कहा कि आयोध्या में श्रीराम के जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनाया जा रहा है। राम मंदिर का जब भी भंडारा, प्रसादी होगा छत्तीसगढ़ से चावल प्रदान किया जायेगा। छत्तीसगढ़ श्रीराम का ननिहाल है। इसलिए हम सब इसमें सहयोग दे। श्री अग्रवाल के इस कथन पर उपस्थित राईस मिलरों ने तालिया बजाकर हामी भरते हुए अभिवादन किया।

# रायपुर में होने वाले मैच के लिए खाद्य सामग्री का दाम तय



**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। नवा रायपुर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 1 दिसंबर को टी-20 मैच होने जा रहा है। रायपुर में पहली बार भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच होगा। इस मैच के लिए छत्तीगसढ़ क्रिकेट संघ ने टिकटों की कीमत के साथ खाने-पीने का भी रेट तय कर दिया है।

दरअसल, मैच के दौरान दर्शक मैच के दौरान खाने-पीने की चीजें लेकर स्टेडियम में प्रवेश नहीं कर सकते। इसलिए फूड स्टॉल स्टेडियम के अंदर लगाए जाएंगे। यहां खाने-पीने की चीजें मिल जाएगी। संघ के मुताबिक हर स्टॉल में रेट-चार्ज रहेगा। स्टेडियम में 2 समोसे 50 रुपए में मिलेंगे। 1 पेटीज 30 रुपए, दो कचौरी 40 रुपए, बर्गर-सैंडविच 50 रुपए, बिरयानी 150 रुपए और छोले-चावल 100 रुपए में मिलेंगे। दरअसल, छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने मैच आयोजन के लिए कमेटी भी बना दी गई। इसकी जिम्मेदारी संघ के अध्यक्ष जुबीन शाह को दी गई है। संघ के मुताबिक मैच के लिए न्यूनतम टिकट 3500 रुपए रखा गया है। मैच नवा रायपुर के परसदा में अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा। वहीं, यह टिकट केवल स्टूडेंट्स को वैध आईकार्ड पर 1 हजार रुपए का मिलेगा। मैच के टिकट आज सुबह 11 बजे से पेटीएम पर उपलब्ध होंगे। इस बार ऑनलाइन बुकिंग करने के बाद रायपुर के इनडोर स्टेडियम में जाकर ऑनलाइन बुकिंग के प्रमाण दिखाने पर टिकट दिया जाएगा।

# दुर्ग विशाखापट्टनम एक्सप्रेस 3 दिसंबर को रद्द

## भगत की कोठी रिशेड्यूल




**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। ईस्ट कोस्ट रेलवे के वॉलटयर रेल मंडल में पलासा-विशाखापत्तनम और रायगड़ा-विजयनगरम सेक्शन पर आईएचएस कार्यों और स्टोन स्लैब पुलों के पुनर्निर्माण के संबंध में कट और कवर विधि द्वारा आरसीसी सेगमेंटल बॉक्स लगाने के लिए ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक के लिए जाने के कारण कोचिंग ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

3 दिसंबर को गाड़ी संख्या 18529/18530 दुर्ग- विशाखापट्टनम-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

18574 भगत की कोठी- विशाखापट्टनम एक्सप्रेस को 3 दिसंबर को भगत की कोठी स्टेशन से 7 घंटे रीशेड्यूल किया जाएगा।

दिसंबर को 20.30 बजे रवाना होने के बजाय 3 दिसंबर 2023 को 3.30 बजे रवाना किया जाएगा।

# प्रदेश में 4 दिसम्बर तक मनाया जाएगा पुरूष नसबंदी पखवाड़ा

■ महिला व पुरूष नसबंदी के बारे में किया जाएगा जागरूक

■ पुरूष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधनों की दी जाएगी जानकारी

**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 21 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक पुरूष नसबंदी पखवाड़ा चलाया जाएगा। इस दौरान ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक विशेष अभियान चलाकर पुरूष नसबंदी के प्रति फैली अज्ञानता व भ्रांतियों को दूर किया जाएगा। पखवाड़े के दौरान ए.एन.एम. और मितानिनें घर-घर जाकर चिन्हांकित हितग्राहियों को परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधनों के बारे बताएंगी। हितग्राहियों को जरूरी परामर्श और परिवार नियोजन की सेवाएं भी इस दौरान प्रदान की जाएंगी।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में परिवार कल्याण के उप संचालक डॉ. टी.के. टोंडर ने बताया कि देश की बढ़ती जनसंख्या चिंता का विषय है। इसके लिए सबको जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में दो लाख 59 हजार 985 महिलाओं और 26 हजार 510 पुरूषों की नसबंदी की गई है। वर्ष 2017-18 में 53 हजार 236 महिलाओं एवं 7119 पुरुषों, 2018-19 में 61 हजार 342 महिलाओं एवं 5361 पुरुषों, 2019-20 में 59 हजार 991 महिलाओं एवं 6775 पुरुषों, 2020-21 में 28 हजार 159 महिलाओं एवं 2826 पुरुषों, 2021-22 में 57 हजार 257 महिलाओं एवं 4429 पुरुषों व 2022-23 में 80 हजार 704 महिलाओं एवं 6216 पुरुषों का नसबंदी ऑपरेशन किया गया है। सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन के साधन नि:शुल्क उपलब्ध हैं। इनमें पुरूष एवं महिला नसबंदी, निरोध, गर्भ निरोधक गोली, इंजेक्शन, कॉपर-टी जैसी सुविधाएं शामिल हैं। परिवार नियोजन के लिए आवश्यक है कि पहले और दूसरे बच्चे के बीच तीन साल का अंतराल हो।

परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के उपायों पर डॉ. टोंडर ने बताया कि सभी जिला चिकित्सालयों, चिन्हांकित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालयों में एन.एस.व्ही. की सुविधा उपलब्ध है। पुरूष नसबंदी उन दंपत्तियों के लिए परिवार नियोजन का सबसे आसान उपाय है जिन्हें और बच्चे नहीं चाहिए। एन.एस.व्ही. बिना चीरा व टांके के दस से 20 मिनट में पूरी की जाती है, और इस प्रक्रिया में दर्द नहीं होता। नसबंदी के बाद किसी भी प्रकार की शारीरिक दुर्बलता नहीं होती, बल्कि पहले जैसा ही भारी काम कर सकते हैं। शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में नसबंदी के बाद पुरूष हितग्राहियों को तीन हजार रुपए और महिला हितग्राहियों को दो हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। यह महिला नसबंदी की अपेक्षा अधिक सुरक्षित और सरल है। पखवाड़ा के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले योग्य दंपति को गर्भनिरोधक के संबंध में परामर्श देते हुए इच्छित गर्भ निरोधक साधन या सेवा इच्छानुसार उपलब्ध कराई जाएगी।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजीव रंजन पाण्डेय (RAJEEV RANJAN PANDEY) पिता नरेन्द्र कुमार पाण्डेय (NARENDRA KUMAR PANDEY) निवासी फ्लैट नं. ए-401, ड्रीम्स इम्पेरिया अपार्टमेंट, सीपत रोड, सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम राजिव रंजन पाण्डेय (RAJIV RANJAN PANDEY) को त्याग कर नया नाम राजीव रंजन पाण्डेय (RAJEEV RANJAN PANDEY) रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम राजीव रंजन पाण्डेय (RAJEEV RANJAN PANDEY) से ही जाना-पहचान जावे।

**राजीव रंजन पाण्डेय**
(RAJEEV RANJAN PANDEY)
फ्लैट नं. ए-401, ड्रीम्स इम्पेरिया अपार्टमेंट, सीपत रोड, सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नरिन्दर कौर चावला (NARINDER KAUR CHAWLA) पति बलजीत सिंह चावला (BALJEET SINGH CHAWLA) निवासी मकान नं. 34/204, वार्ड नंबर 34, जलाराम मंदिर के पीछे, टिकरापारा, बिलासपुर (छ.ग.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम नरेंद्र कौर खनूजा (NARENDRA KAUR KHANUJA) को त्याग कर नया नाम नरिन्दर कौर चावला (NARINDER KAUR CHAWLA) रख ली हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेंजों में मेरे नये नाम नरिन्दर कौर चावला (NARINDER KAUR CHAWLA) से ही जाना पहचाना जावे।

**नरिन्दर कौर चावला**
(NARINDER KAUR CHAWLA)
मकान नं. 34/204, वार्ड नंबर 34, जलाराम मंदिर के पीछे, टिकरापारा, बिलासपुर (छ.ग.)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, ANAND KUMAR AGRAWAL S/O SHYAM SUNDAR AGRAWAL resident of 37 MOHAPALI ROAD WARD NO 13 KHARSIA RAIGARH (C.G.) 496001 have changed my old name ANAND KUMAR AGRAWAL S/O SHYAM SUNDAR AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is ANAND AGRAWAL S/O SHYAM SUNDAR AGRAWAL in all Government and other documents.

**ANAND AGRAWAL**
37 MOHAPALI ROAD WARD NO 13 KHARSIA RAIGARH (C.G.) 496001

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, DEEPAK AGRAWAL S/O RAMDHARI AGRAWAL resident of 196 ITWARI BAZAR GOPI TALKIS ROAD, RAIGARH, RAIGARH (C.G.) have changed my old name DEEPAK AGRAWAL S/O RAMDHARI AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is DEEPAK KUMAR AGRAWAL S/O RAMDHARI AGRAWAL in all Government and other documents.

**DEEPAK KUMAR AGRAWAL**
196 ITWARI BAZAR GOPI TALKIS ROAD, RAIGARH, RAIGARH (C.G.)

# देश

**उवाच**

“ केंद्र की अग्निवीर योजना के तहत 18 साल का युवा सेना में भर्ती होता है और 22 साल की उम्र में उसे घर लौटा दिया जाएगा, न पेंशन मिलेगी और न ही कोई सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

-भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| दिल्ली | 22° | 15° |
| मुंबई | 33° | 26° |
| कोलकाता | 26° | 18° |
| चेन्नई | 28° | 26° |

# राजस्थान के भाग्य पर मतदाताओं ने लगाई मुहर

**जयपुर,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में शनिवार को मतदान के लिए पूरा प्रदेश एकजुट हुआ। प्रदेश में 199 सीटों पर सुबह सात बजे से मतदान शुरू

- **नव मतदाताओं में पहला वोट देने पहुंचीं महिला मतदाताओं में दिखा विशेष उत्साह**
- **प्रदेश में 199 सीटों पर 5.25 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने डाला वोट**

हुआ। इस चुनाव में प्रदेश के 5.25 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला किया है। नव मतदाताओं में पहला वोट देने पहुंचीं महिला मतदाताओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इस दौरान आम जनता के साथ ही अलग-अलग पार्टियों के नेता भी मताधिकार का इस्तेमाल करने पहुंचे।

**परिवार के संग गहलोत ने किया मतदान**

जोधपुर में सीएम अशोक गहलोत ने परिवार के साथ डाला वोट। वहीं, गहलोत ने दावा किया कि यह चुनाव मोदी का नहीं है, यह विधानसभा चुनाव है। आज के बाद ये दिल्ली वाले सब गायब हो जाएंगे, हम पांच साल यहीं रहेंगे। गहलोत सरदारपुरा विधानसभा सीट पर वोट डालने के बाद बोले, पूरा मामला अंडर करंट चल रहा है। राजस्थान चुनाव में पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने अपना



वोट डाला। उसके बात मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि यहां पर मेरी कई हफ्तों से भागदौड़ जारी है। इसलिए वोटिंग खत्म होने के बाद सबसे पहले एक रात चैन से नींद पूरी करूंगा। राजस्थान के चुनावी रण में वसुंधरा राजे ने भी अपने मत का उपयोग किया। झालरापाटन सीट से भाजपा प्रत्याशी राजे ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित बूथ पर अपना वोट डाला। इस दौरान उनके साथ उनके पौत्र विनय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने पहली बार वोट डालकर लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभाई है। राजे ने सभी से मतदान के इस पर्व में भागीदारी निभाने की अपील की है। वहीं सांसद और विधायक प्रत्याशी दीया कुमारी ने मतदान किया। वोट डालने के बाद दीया कुमारी पंहुची झोटवाड़ा स्थित श्री गणेश मंदिर।

**मतदान से पहले दंडवत हुए किरोड़ीलाल मीणा**

किरोड़ीलाल मीणा ने मतदान से पहले मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने कहा कि आज देश, धर्म और संस्कृति को बचाने



के लिए पूर्ण प्रतिबद्ध होकर मतदान करने का दिन है। देश को बचाने व बढ़ाने के लिए उन सब घटनाओं को याद रखना है, जिनसे राजस्थान शर्मसार (महिलाओं पर अत्याचार, बेरोजगार युवाओं की मेहनत पर पेपर लीक करा कर डाका डाला, पुजारियों को जलाकर हत्या और दलितों पर अत्याचार) हुआ है। आज आपका दिया वोट सनातन और बेरोजगार युवाओं की सुरक्षा के साथ ही धार्मिक तुष्टीकरण की संकुचित राजनीति पर गहरी चोट करेगा।

सीपी जोशी प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ने हनुमान जी के दर्शन और आशीर्वाद के बाद चित्तौड़गढ़ में सामुदायिक भवन, मधुबन सेती के मतदान केंद्र पर अपना वोट किया। प्रदेश के सभी मतदाताओं से आग्रह किया, राजस्थान में सुशासन की सरकार लाने और बेहतर भविष्य के लिए लोकतंत्र के महापर्व में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपना वोट अवश्य दें और परिजन तथा मित्रों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को मतदान दिवस पर सपरिवार मतदान किया। शेखावत ने अपनी धर्मपत्नी नोनद कंवर के साथ सुबह 8.45 बजे रातानाड़ा मोहनपुरा पुलिया स्थित न्यू गर्वनमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मतदान केन्द्र पहुंचे। उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ बूथ संख्या 83 पर मतदान किया। बड़ी बेटी सुहासिनी शेखावत और छोटी बेटी सुरंगमा ने भी मतदान किया।

**गोविंद सिंह डोटासरा ने अपना वोट दिया**

## कोटा में दिव्यांग मतदाताओं के लिए बनाया गया अनोखा बूथ

**कोटा।** राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के तहत कोटा के नयापुरा इलाके में दिव्यांग मतदाताओं के लिए एक अनोखा मतदान केंद्र बनाया गया है। इस बूथ पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए न केवल विशेष व्यवस्था की गई है बल्कि मतदान कराने वाले अधिकतर दिव्यांग कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। इसके अलावा मतदान केंद्र को फूलों के गुलदस्ते और गुब्बारों से विशेष रूप से सजाया गया। दिव्यांग मतदाताओं को वोट डालने में कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था भी की गई। स्थानीय प्रशासन के द्वारा मतदान को बढ़ाने के लिए अलग-अलग तरीकों से बूथ को डिजाइन किया गया। इसके तहत दिव्यांग मतदाताओं के लिए कुछ ऐसे बूथ डिजाइन किए गए जहां पर उन्हें मतदान करने में कोई परेशानी नहीं हो। कोटा के सिविल लाइंस स्थित एग्रीकल्चर कार्यालय में बनाए गए दिव्यांग बूथ पर रैम्प डिजाइन किया गया ताकि दिव्यांग मतदाता व्हीलचेयर के जरिए सीधे ईवीएम तक पहुंच सकें। इसके अलावा बूथों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए और दिव्यांग मित्रों की ड्यूटी लगाई गई। वहीं, अंटाघर चौराहा स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल में महिला शक्ति मतदान केंद्र बनाया गया है। जहां पर महिलाओं की अधिक संख्या देखने को मिली। यहां सुरक्षाकर्मी के तौर पर भी महिला सुरक्षा कर्मी लगाए गए हैं। सिविल लाइन में ही एक मतदान केंद्र दिव्यांगों के लिए बनाया गया है। इसके अलावा ग्रीन पोलिंग बूथ बनाया गया, जहां पर मतदाताओं को पौधे दिए गए इसके साथ ही पहली बार कोटा में 33 ट्रांसजेंडर ने भी मतदान किया। मतदान केंद्र पर सुबह करीब 1 घंटा ईवीएम मशीन खराब रही। जिसके कारण मतदान देरी से शुरू हुआ और मतदाताओं को काफी देर तक परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा कोटा जिले की 6 विधानसभा सीटों पर सुबह से ही मतदान हुआ।





## एक परिवार के 48 सदस्यों ने एक साथ डाला वोट

**जयपुर,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह साफ दिखाई दिया। कई ऐसी तस्वीरें आईं जिसमें लोकतंत्र के पर्व की ताकत दिखा दी। जयपुर में एक परिवार ने मतदान के पर्व को बड़े ही उत्साह से मनाया। परिवार के 48 सदस्य ढोल-नगाड़े की थाप पर नाचते हुए वोट डालने के लिए पोलिंग बूथ पर पहुंचे। परिवार के सदस्यों की कतार इतनी लंबी थी कि सभी एक तस्वीर में भी कैद नहीं हो सके। टोंक जिले की निवाई विधानसभा क्षेत्र में 113 साल की बुजुर्ग अम्मा भूली देवी ने वोट देकर नई सरकार चुनने में अपनी भागीदारी दी। वहीं, जयपुर के आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 87 साल के आनंद प्रकाश आहूजा ने वोट दिया। इस दौरान स्काउट गाइड के वॉलंटियर्स उनकी मदद करते नजर आए। जयपुर में ब्यूटी पेजेंट प्राइड मिस राजस्थान की विनर रहीं भवलीन कौर ने पहली बार मतदान किया। मिसेज इंडिया श्वेता मेहता मोदी ने भी मतदान कर लोगों से वोट देने की अपील की। जयपुर जिले के हवामहल विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले भगवान सहाय गुर्जर की तबीयत खराब थी। वे चलने में असमर्थ थे। ऐसे में परिजन उन्हें खाट पर लेकर मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान कराया।

**ढोल-नगाड़े की थाप पर नाचते हुए पहुंचे मतदान केंद्र**

**9 साल की माधवी देवी ने भी किया मतदान**

जयपुर की सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में 90 साल की माधवी देवी ने मतदान किया। वे अपने बेटे के साथ वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पहुंचीं थीं। श्रीमाधोपुर के बूथ संख्या 119 पर दुल्हन दीक्षा को घर ले जाने से पहले गाड़ी रोक कर दूल्हे सौरभ पंसारी ने पहली बार मतदान किया। सौरभ दुल्हन दीक्षा को जयपुर से लेकर श्रीमाधोपुर पहुंचे थे। सौरभ इंडियन ऑयल कंपनी में कार्यरत हैं। बांसवाड़ा के चौरासी विधानसभा क्षेत्र का सलाखड़ी गांव गुजरात के कडाणा बांध के बैक वाटर टापू पर स्थित है। इस गांव में 92 वोटर्स हैं। टापू पर बसे गांव के लोगों का मतदान केंद्र बैक वाटर के किनारे पर है। गांव के मतदाता नाव में बैठकर मतदान केंद्र तक पहुंच रहे हैं। बीकानेर के खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र के वार्ड तीन में दृष्टिहीन पेमाराम बावरी सबसे पहले वोटिंग करने वालों में रहे। पेमाराम का पैर भी खराब है। इसके बाद भी पैदल वोट देने पहुंचे। झालावाड़ शहर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी रुखसार ने पहली बार मतदान किया। उन्होंने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित बूथ संख्या 32 में वोट डाला। रुखसार की शनिवार को ही शादी है।

## राजस्थान में लगातार तीसरी बार 200 नहीं, 199 सीटों पर हुआ मतदान



**जयपुर।** राजस्थान में 200 सीटों वाली विधानसभा की 199 सीटों पर शनिवार को वोट डाले गए। श्रीगंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया था। हालांकि, राजस्थान में पिछले तीन विधानसभा चुनाव 199 सीटों पर ही हुए हैं और एक सीट पर चुनाव बाद के लिए टाला गया है। दरअसल, 14 नवम्बर को राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस के उम्मीदवार गुरमीत सिंह कुन्नर का निधन हो गया। दिल्ली के एम्स अस्पताल में गुरमीत का निधन हुआ। 75 साल के गुरमीत सिंह कुन्नर को दिल्ली एम्स में 12 नवम्बर को भर्ती कराया गया था। जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस नेता काफी समय से बीमार चल रहे थे। बता दें कि गुरमीत श्रीकरणपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस के मौजूदा विधायक और प्रत्याशी थे। वहीं चुनाव से पहले प्रत्याशी के निधन के कारण इस सीट का चुनाव स्थगित हो गया। अब चुनाव आयोग इस सीट पर उप-चुनाव कराएगा, जिसके लिए अभी आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। राजस्थान में पिछला विधानसभा चुनाव 7 दिसंबर 2018 को कराया गया था। यह चुनाव भी 200 की बजाय 199 सीटों पर संपन्न हो सका था। दरअसल, चुनाव से पहले 29 नवम्बर को अलवर जिले की रामगढ़ विधानसभा सीट पर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह का हार्ट अटैक से निधन हो गया था। इस वजह से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 52 की उप-धारा (1) (सी) के प्रावधानों के तहत रामगढ़ सीट के रिटर्निंग अधिकारी ने मतदान को बाद में अधिसूचित होने वाली तारीख तक स्थगित कर दिया। वहीं, धारा 52 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने 28 जनवरी 2019 को यहां उप-चुनाव कराया था। उप-चुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने अलवर की रामगढ़ विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की थी। इसके साथ ही 200 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस के पास 100 सीटों के साथ पर्याप्त बहुमत हो गई थी। रामगढ़ सीट के लिए उप-चुनाव 28 जनवरी 2019 को हुआ।

## सार संक्षेप

### हैदराबाद एक स्मारक पट्टिका का विमोचन करेंगे मोदी

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1945 में श्री रामचंद्र मिशन की स्थापना करने वाले और बाबूजी के नाम से मशहूर शाहजहांपुर के रामचंद्र जी महाराज की 125वीं जयंती के अवसर पर रविवार को हैदराबद एक स्मारक पट्टिका का विमोचन करेंगे। प्रधानमंत्री का हैदराबाद शहर के बाहरी इलाके में स्थित श्री रामचंद्र मिशन और हार्टफुलनेस का वैश्विक मुख्यालय कान्हा शांति वनम जाने का कार्यक्रम है। वह कान्हा शांति वनम में सुविधा केंद्र का एक निर्देशित दौरा भी करेंगे। पिछले 78 वर्षों से, रामचंद्र मिशन वैश्विक समुदाय को ध्यान की शिक्षा मुफ्त में प्रदान कर रहा है।

### मोदी को खुद भी मीठा बोलना चाहिए : भूपेश

**नई दिल्ली।** राजनीतिक सरगर्मियों और सियासी बयानबाजी के बीच छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मोदी और भाजपा नेताओं के बयानों पर सवाल खड़े किए। राहुल गांधी को निर्वाचन आयोग की तरफ से भेजे गए नोटिस पर एक सवाल के जवाब में कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने कहा कि जब मूर्खों का सरदार जैसे बयान दिए जाते हैं, तो किसी को बुरा नहीं लगता। उन्होंने पीएम मोदी को मीठा बोलने की नसीहत दी और कहा कि जो उन्हें खुद के लिए पसंद नहीं, वैसे शब्दों का इस्तेमाल दूसरों के लिए भी नहीं किया जाना चाहिए।

### तेलंगाना में शहीदों की आकांक्षाएं अधूरी : शाह

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार के कार्यकाल में राज्य के लोगों की अधूरी आकांक्षाओं पर चिंता व्यक्त की। शाह ने यहां संवाददाताओं से तेलंगाना के लोगों की कड़ी मेहनत के बावजूद प्रदेश के स्वाभिमान एवं सुभिक्षा तेलंगाना के आदर्शों और यहां के शहीदों की आकांक्षाएं अधूरी हैं। उन्होंने युवाओं, दलितों और पिछड़े समुदायों के बीच व्याप्त असंतोष पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मतदाताओं से 3 नवम्बर को भाजपा को अपना भरपूर समर्थन देने का आह्वान किया। उन्होंने तेलंगाना और राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में मतदाताओं की भूमिका पर जोर दिया तथा सकारात्मक परिवर्तन के लिए उनसे भाजपा को मौका देने के लिए पर विचार करने का आग्रह किया।

## मप्र में आदिवासियों के साथ पर बनेगी सरकार!

**भोपाल,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हो चुका है। अब दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस में अपनी संभावनाओं की समीक्षा की जा रही है। सबसे ज्यादा नजर आदिवासी वोट बैंक पर है क्योंकि इस वर्ग के लिए आरक्षित विधानसभा सीटों पर जिसने जीत हासिल की, उसके हाथ में सत्ता आई। पिछले तीन चुनाव तो यही कहानी कह रहे हैं। राज्य की 230 विधानसभा सीटों में से आदिवासी वर्ग के लिए 47 सीटें आरक्षित है और इन सीटों की हार-जीत राज्य की सियासत में बड़ा बदलाव ला देती है। जिस भी राजनीतिक दल को इन सीटों में से ज्यादा पर जीत हासिल हुई, उसे सत्ता नसीब हुई है, इतना ही नहीं लगभग हर चुनाव में यहां मतदाताओं का रूख भी बदलता नजर आता है। राज्य की इन 47 सीटों की समीक्षा की जाए तो एक बात साफ हो जाती है कि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में इन सीटों में से 30 पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी।

- **संभावनाओं की समीक्षा में जुटे राजनीतिक दल**

## भाजपा के खिलाफ माकपा की राष्ट्रव्यापी लड़ाई : येचुरी

**हैदराबाद,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी ने शनिवार को कहा कि पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए उनकी पार्टी प्रतिबद्ध है। येचुरी ने शनिवार को हैदराबाद में मीडिया से बातचीत के दौरान देशभर में युवाओं के बीच बेरोजगारी के ज्वलंत मुद्दे पर प्रकाश डाला और पांच राज्यों के चुनावों में भाजपा के सामने आने वाली चुनौतीपूर्ण स्थिति के बारे में बात की। उन्होंने मध्य प्रदेश में भाजपा की शक्ति पर संदेह व्यक्त किया, यह सुझाव दिया कि वास्तविक परिणाम कथित शक्ति के अनुरूप नहीं आ सकते हैं। येचुरी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने प्रमुख संस्थानों पर अपना प्रभाव डाला है और उच्चतम न्यायालय, चुनाव आयोग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को कथित रूप से बंदी बनाने के लिए पार्टी की आलोचना की।

उन्होंने भाजपा के खिलाफ एकजुट होने के अपने पहले के वादे के बावजूद अकेले चुनाव लड़ने के लिए मुख्यमंत्री केसीआर की आलोचना की और कहा कि अगर त्रिशंकु स्थिति उत्पन्न होती है तो माकपा कांग्रेस का समर्थन करेगी, क्योंकि वे पहले से ही भारत गठबंधन का हिस्सा हैं। येचुरी ने इस बात पर बल दिया कि खम्मम जिले में माकपा के चुनाव लड़े बिना गठबंधन चुनौतीपूर्ण है।

- **देशभर में बेरोजगारी के ज्वलंत मुद्दे पर डाला प्रकाश**



भाजपा ने प्रमुख संस्थानों पर अपना प्रभाव डाला है : सीताराम येचुरी

### उत्तराखंड सुरंग घटना में जवाबदेही की कमी पर उठाए सवाल

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी ने भाजपा पर बिना किसी जिम्मेदारी के शासन चलाने का आरोप लगाया और उत्तराखंड सुरंग घटना में जवाबदेही की कमी पर सवाल उठाते हुए घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर जवाब मांगा। येचुरी ने प्रधानमंत्री मोदी पर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया और नोटिस जारी करने में चुनाव आयोग के विफल होने पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में माकपा अकेले खड़ी है इसके बावजूद कांग्रेस को नुकसान नहीं होने का भरोसा है।

## तेलंगाना में रायतु बंधु राशि का होगा वितरण



- **चुनाव आयोग ने फसल निवेश वित्तीय सहायता जारी करने को दी मंजूरी**

**हैदराबाद,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना के किसानों को रायथु बंधु योजना के तहत राशि वितरण तुरंत किया जा सकेगा। तेलंगाना के करीब 1.74 करोड़ किसानों को चुनाव आयोग की अनुमति के बाद करीब सोलह हजार करोड़ रूपए का वितरण शीघ्र होगा। बीआरएस पार्टी को रायतु बंधु राशि वितरण का भारी लाभ विधान सभा चुनाव में मिलेगा। चुनाव आयोग ने राशि वितरण की अनुमति दे दी है। राज्य कृषि विभाग ने एक बयान में कहा कि चुनाव आयोग ने यासांगी सीजन के लिए रायथुबंधु फसल निवेश वित्तीय सहायता जारी करने को मंजूरी दे दी है। हर साल, जैसे ही मानसून का मौसम और यासंगी का मौसम शुरू होता है, तेलंगाना राज्य सरकार किसानों को फसल निवेश के लिए वित्तीय सहायता के रूप में रायथुबंधु फंड जारी करती है।

### 70 लाख किसानों को होगा लाभ

राज्य कृषि विभाग के अनुसार, रायथु बंधु के माध्यम से इस यासांगी सीजन में 70 लाख किसानों को लाभ होगा। राज्य कृषि विभाग ने कहा कि इस यासांगी सीजन से संबंधित रायथुबंधु को छोटे भूमि क्षेत्र वाले किसानों को वितरित करने की प्रक्रिया पहले शुरू की जाएगी। इस महीने की 25, 26 और 27 तारीख को बैंकों में छुट्टियां हैं। साथ ही, चुनाव आयोग ने इस महीने की 29 और 30 तारीख को रायथुबंधु के वितरण की अनुमति नहीं दी है। तदनुसार, डीबीटी पद्धति के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में रायथु बंधु निवेश वित्तीय सहायता को सीधे जमा करने के लिए धनराशि जारी की जाएगी।

## तेलंगाना में बदलाव की मांग कर रही जनता : शिवकुमार

**हैदराबाद,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि तेलंगाना के लोग भारत राष्ट्र समिति के शासन से परेशान हैं और राज्य में बदलाव की आकांक्षा रखते हैं। शिवकुमार ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हैदराबाद और बेंगलुरु को देश का जुड़वां राज्य माना जाता है। हैदराबाद के विकास का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्रियों एन चंद्रबाबू नायडू और वाई एस राजशेखर रेड्डी को दिया जाता है। शिवकुमार ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में अपने चुनावी वादे पूरे कर रही है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक चुनाव में घोषित पांच गारंटी लागू हो चुकी हैं। उन्होंने तेलंगाना में कांग्रेस सरकार बनने का भरोसा जताते हुए छह गारंटी लागू करने का आश्वासन दिया। उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) और मंत्री केटीआर से स्थिति को समझने के लिए कर्नाटक का दौरा करने का आग्रह किया। शिवकुमार ने कहा है कि प्रत्येक राज्य की अलग-अलग आवश्यकताएं हैं और उनकी योजनाएं प्रत्येक राज्य में लोगों की जरूरतों के अनुरूप हैं।

## राजस्थान विस चुनाव में लंदन से वोट डालने आए मतदाता

**जयपुर,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में विकास करने के लिए मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। लोगों ने बढ़-चढ़कर वोट डाला और चाहते हैं कि राजस्थान में ऐसी सरकार बने जो राज्य का विकास करे और लोगों के लिए सुख सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ाए। कृष्ण कुमार गोयल पेशे से मैनेजमेंट अकाउंटेंट हैं और रोजगार के लिए लंदन में रहते हैं लेकिन जब उन्हें पता चला कि राजस्थान में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, तो वोट डालने के लिए वह अपनी पत्नी नम्रता अग्रवाल के साथ जयपुर आ गए। कृष्ण कुमार गोयल ने कहा कि वे युवा हैं और अपने वोट का महत्व समझते हैं। वे चाहते हैं कि राजस्थान में ऐसी सरकार बने जो रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए। उनके जैसे युवाओं को रोजगार के लिए दूसरी जगह पर न जाना पड़े। वह चाहते हैं कि जयपुर का विकास भी लंदन-पेरिस की तर्ज पर हो और यहां भी वे हर सुख सुविधाएं मौजूद हों, जो दुनिया के किसी भी कोने में हैं। उनका कहना है कि राज्य में युवाओं में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यदि उचित अवसर उपलब्ध कराया जाए तो यहां की युवा बेहतर विकास करके दिखा सकते हैं।



- **लंदन-पेरिस की तर्ज पर जयपुर के विकास की जगी आस**

**सर्वे** *राजस्थान विधानसभा चुनाव में ढूंढाड़ रहा सत्ता का केंद्र*

# ढूंढाड़ ने राज्य को दो मुख्यमंत्रियों के साथ दिए कई बड़े क्षत्रप

**जयपुर, 25 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा चुनाव में ढूंढाड़ को सत्ता का केंद्र माना जाता है। इस क्षेत्र ने राज्य को दो मुख्यमंत्रियों (हीरा लाल शास्त्री और टीका राम पालीवाल) के साथ कई बड़े क्षत्रप भी दिए हैं। ढूंढाड़ में जयपुर, दौसा, टोंक और सवाई माधोपुर जिले आते हैं। इस क्षेत्र में 32 विधानसभा सीटे हैं।**

ढूंढाड़ में जातिगत समीकरण भी बहुत ज्यादा प्रभाव रखते हैं। यहां का शहरी इलाका भाजपा का गढ़ रहा है। खास तौर पर जयपुर में आने वाली सीटों पर भाजपा की अच्छी पकड़ बनाई है। हालांकि, पिछले चुनाव में यहां कांग्रेस मजबूत रही। ढूंढाड़ में सामान्य वर्ग के बनिया, राजपूत और ब्राह्मण हमेशा भाजपा के साथ रहे हैं। लेकिन, यहां की कई सीटों पर एससी/एसटी का भी दबदबा है। एसटी वर्ग के बड़े क्षत्रप किरोड़ी लाल मीणा, नमो नारायण मीना, जसकौर मीना जैसे नेता इसी क्षेत्र ने दिए हैं। इस क्षेत्र की कई सीटों पर गुर्जर समुदाय की संख्या भी अच्छी खासी है।



- **पिछले चुनाव में कांग्रेस ने बदले समीकरण**

राजनीतिक एक्सपर्ट कहते हैं कि 2018 के चुनाव में गुर्जरों ने कांग्रेस को एकतरफा वोट दिया था। यही वजह थी कि कांग्रेस ने इस क्षेत्र में जीत हासिल की। लेकिन, इस बार कांग्रेस की राह यहां आसान नहीं है। क्योंकि, सचिन पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने के कारण गुर्जर वोटर कांग्रेस से नाराज बताए जा रहे हैं। इस नाराजगी को दूर करने के लिए गहलोत और पायलट को साथ आना पड़ गया। 2008 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने यहां 11 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि कांग्रेस के खाते में 13 सीट आई थी। निर्दलीय उम्मीदवारों ने 5, बहुजन समाज पार्टी ने 2 और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने 1 सीट पर जीत दर्ज की थी। 2013 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस क्षेत्र में 28 सीटें जीतीं थी। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने दो सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि कांग्रेस और निर्दलीय को एक-एक सीट मिली थी। 2018 में चुनाव में कांग्रेस ने यहां जोरदार वापसी करते हुए 20 सीटों पर कब्जा किया, जबकि भाजपा और स्वतंत्र उम्मीदवारों को 6-6 सीट पर जीत मिली थी।

हाड़ौती को भाजपा का सबसे मजबूत किला माना जाता है। ये पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत सरकार के वरिष्ठ मंत्री शांति धारीवाल का इलाका है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी इसी हड़ौती इलाके से आते हैं। हाड़ौती ने राजस्थान को दो मुख्यमंत्री भी दिए है। पूर्व सीएम भैरोसिंह शेखावत और वसुंधरा राजे। वसुंधरा राजे झालावाड़ की झालरापाटन सीट से विधायक और उनके पुत्र दुष्यंत सिंह झालावाड़ सीट से सांसद हैं। भाजपा के पूर्व सीएम भैरोसिंह शेखावत भी बारां से चुनाव लड़ चुके हैं। हाड़ौती की बात करें तो इसमें चार जिले कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ आते हैं। इन जिलों में विधानसभा की 17 सीटें हैं।

## हाना

दूरिहा के ढोल सुहावना
दूरिहा में ढोल बाजथे त बने लगते पास में बाजही त कान बने नई लागे। वइसने जेन काम के या मनखे के बहुत प्रशंसा सुनबे अउ उही मनखे या चीज जब तीर में आथे त आतेक बने नई लगे तब ये हाना ल केहे जाथे।

## शब्द अरथ

1. छंटइया- चयन करने वाला
2. छंटई- साफ करने की क्रिया या चयन करना, या अलग करने की क्रिया
3. छंटवई- चयन कराने, अलग कराने या साफ कराने की क्रिया या भाव
4. छंटवउनी-चयन कराने, अलग कराने या साफ कराने की क्रिया या भाव
5. छंटवाल- चयन कराया हुआ
6. छंटवै- छंटवइ
7. छंटवौनी- छंटवउनी
8. छंटहा- चयन किया हुआ
9. छंटाक- एक सेर का सोलहवा हिस्सा
10. छंटाना-अलग थलग पड़ जाना।

## नानक के सिद्धांत

गुरू नानक के जन्म कार्तिक पुन्नी के दिन होय रहिस हे। ओयन ब्राम्हण परिवार म जन्म लेय रहिन हें। 29 अक्टूबर सन् 469 म पैदा होय रहिन हें। ये बछर उंखर 555वां जन्मदिन मनाये जाही। ये पुन्नी के जगह-जगह लंगर लगथे अउ लोगन ल गुरुनानक जी के जन्म के खुशी म खाना खवाये जाथे। ये दिन ल प्रकाश पर्व या गुरु पर्व कहे जाथे। गुरुद्वारा म गुरुवाणी सुनाये जाथे। गुरु ग्रंथ साहब के पाठ होथे। प्रभात फेरी निकाले जाथे। कोई-कोई गांव म आज भी रामधुन के फेरी निकाले जाथे। गुरुनानक जी सिक्ख धर्म के स्थापना करके गुरु के स्थान पाये हावंय।

येखर अनुयायी मन नानक, नानक देव जी, बाबा नानक और नानकशाह नाम ले सम्बोधित करथें। नानक अपन व्यक्तित्व म दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्मसुधारक, समाजसुधारक, कवि, देशभक्त और विश्वबन्धु - सभी के गुण समेटे रहिन हें। इंखर जन्म स्थान गुरुद्वारा ननकाना साहिब पाकिस्तान में और समाधि स्थल करतारपुर साहिब पाकिस्तान में स्थित है।

नानक सर्वेश्वरवादी रहिन हें। ओमन सनातन मत के मूर्तिपूजा के शैली के विपरीत एक परमात्मा के उपासना के एक अलग मार्ग मानवता ल दे हावंय। ओमन हिन्दू पन्थ के सुधार करे बर काम करिन। संगे संग ओ समय के राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक स्थिति ऊपर घलो नजर रखे रहिन हें। नानक ओ सन्त के श्रेणी म आथें जेन ह नारी ल ऊंचा स्थान दिस।

हिन्दी साहित्य म गुरुनानक भक्तिकाल के अन्तर्गत आथें। वे भक्तिकाल म निर्गुण धारा के ज्ञानाश्रयी शाखा ले सम्बन्ध रखथें। गुरु ग्रन्थ साहिब म देय दार्शनिकता कर्मवाद ल मान्यता देथे। गुरुवाणी के अनुसार मनखे अपन कर्म के अनुसार ही महत्व पाथे। समाज के मुख्य धारा ले कट के संन्यास म ईश्वर प्राप्ति के साधन खोजइया साधक मन ल गुरुग्रन्थ साहिब सबक देथे। हालांकि गुरु ग्रन्थ साहिब म आत्मनिरीक्षण, ध्यान के महत्व ल स्वीकारे गे हावय, फेर साधना के नाव म परित्याग, अकर्मण्यता, निश्चेष्टता के गुरुवाणी विरोध करथे। गुरुवाणी के अनुसार ईश्वर ल पाये बर सामाजिक उत्तरदायित्व ले विमुख होके जंगल म भटके के जरुरत नइये। ईश्वर हमर हृदय में ही रहिथे, ओला अपन हृदय के भीतरी में ही खोजना अउ अनुभव करे के जरुरत हावय। गुरुवाणी परमात्मा ले उपजे आत्मिक शक्ति आ गे हे त लोककल्याण बर उपयोग करे के प्रेरणा देथे। अपन मधुर व्यवहार और विनम्र शब्द ले हरेक के मन ल जीते के सीख देथे।

गुरुग्रन्थ साहिब जी म सिरिफ सिख गुरु मन के ही उपदेश नइये वरन् 30 अन्य सन्त अउ अलग धर्म के मुस्लिम भक्त मन के वाणी घलो सम्मिलित है। येमा जयदेवजी अउ परमानंदजी सरिख ब्राह्मण भक्त मन के वाणी हे, कबीर, रविदास, नामदेव, सैण जी, सघना जी, छीवाजी, धन्ना के वाणी घलो सम्मिलित हे। पांचों बेरा म नमाज पढ़े म विश्वास रखइया शेख फरीद के श्लोक घलो गुरु ग्रंथ साहिब में लिखाये हावय। अपन भाषा के अभिव्यक्ति, दार्शनिकता, अउ संदेश बर गुरु ग्रन्थ साहिब अद्वितीय हे। येखर भाषा म सरलता, सुबोधता, सटीकता हावय जेन ह जनमानस ल आकर्षित करथे। संगीत के सुर अउ 31 राग के प्रयोग ले आत्मविषयक अउ आध्यात्मिक उपदेश मन ल मधुर व सार्थक बना दे हावय। येखर भाषा गुरुमुखी आये। ये ह हिंदी के करीब अउ पंजाबी ले दूरिहा हावय। गुरु ग्रन्थ साहिब की भाषा ल 'सन्त भाषा' भी कहिथें। येमा बहुत अकन भाषा, बोली और उपबोलियों का मिश्रण है जेमा हिंदी, पंजाबी, ब्रजभाषा,खड़ी बोली, संस्कृत और फारसी आदि प्रमुख हैं।

सिंधी अउ सिक्ख परिवार म सुखमनी पढ़े जाथे। डेढ़ घंटा के पाठ होथे सब महिलामन करथे। ये.ह सुंदरकांड के पाठ सरिख लागथे। येमा बहुत अकन गीता के संदेश ल सरल भाषा म लिखे गे हावय। ईश्वर तक पहुंचे के सरल रद्दा बताये हावय। जात पात ले दूरिहा अपन दोहा ल बगरावत हावंय। अमृतसर के कार सेवा अउ लंगर देखे के लइक हे। देश के प्रधानमंत्री तक कार सेवा म भाग लेय हावंय।

**सुधा वर्मा**

## भाग्य

**हजारी सोंचिस, अभू मोरे चीज ल लुका- लुका के अपन-अपन बर चीज बस बनइया टूरा मन के बीच, जम्मो धन दोगानी के बंटवारा कर देहूं त का गारंटी हे के, ओमन भविष्य म खाये बर दिही। तब मैं काये कर सकहूं? जम्मो बेटा बहू ला अपन तीर बलइस अऊ घर के बिगड़त हालत के हवाला देवत जम्मो झिन ल अलग रेहे के फरमान जारी कर दिस अऊ अपन धन दोगानी ले जम्मो झिन ला वंचित कर दिस। बेटा बहू मन अलगियागे। मारो मारो किसानी के दिन म हजारी के खेत म कमइया नइ मिलिस। खेत परिया परगे। हजारी के घर म अकाल हमागे। बइठे-बइठे तरिया के पानी नइ पुरय। खेत खार का बाचही। बेंचाये लगगे। खेत बेंचावत सुन बेटा मन सकलागे अऊ ददा ल खेत बेंचे बर मना करिस। हजारी नइ मानिस अऊ औने पौने भाव म बेंच दिस। कुछ दिन म यहू पइसा सिरागे। डोकरी-डोकरा तीर भुखमरी के नौबत आगे।**

नवागांव नाव के गांव के मनखे मन बहुतेच मेहनती रिहीन। उहां हजारी नाव के एक झिन मनखे रिहीस जेहाअतेक कमाये जेला सकेले नइ सकय। बड़का परिवार के सेती खरचा घला अतेक हो जाये के बछर के बीतत ले ओकर कोठी ठन ठन ले सुक्खा हो जाये। घर म अतेक धन दोगानी के आवाजाही के बावजूद न सुख न शांति। बछर बीतत-बीतत दूसर तीर हाथ लमाये के नौबत आ जाय। उही तीर धौंराभांठा नाव के गांव म ओकर एक झिन ननपन के संगवारी कातिकराम रिहिस। हजारी राम कस ओकरो बड़ लम्भा-चौड़ा परिवार रिहिस। कातिकराम के कमई भलुक कमती रिहिस फेर बछर भर बर सकेल डरे अऊ बचा घला डरय। कभू काकरो तीर हाथ लमाये के आवश्यकता नइ परय। गांव भर म ओकर बड़ मान सनमान रहय।

एक दिन हजारी हा, कातिक राम ल अपन समस्या बतइस अऊ निवारन के उपाय पूछिस। कातिकराम हा बतइस के समस्या के कारन खुदे उही हे। ओकर भाग्य म ओकर ले जादा सुख अऊ धन दोगानी नइ लिखा हे। तेकर सेती हकर-हकर करे के जगा, उही म संतोष करय अऊ भगवान ल धन्यवाद दे। हजारी पूछथे- समस्या के कारन खुदे कइसे केहे यार?

कातिकराम किहीस- दिन भर हटर-हटर खुदे कमाथस। बहू-बेटा, नाती-नतरा ला घला दिन भर खेत खार म गाय गरू कस जोंत देथस। चार महीना कमा-कमा के बपरा-बपरी मन हकर जथे। बूता सिराये के पाछू अइसे बीमार परथे के दवई-दारू, इलाज-पानी म तोर आधा ले जादा पइसा निकल जथे। तोर लोग लइका मन तोर इही तानाशाही के सेती तोर ले छुटकारा पाना चाहथे। ओमन घर के आमदनी के अधिकांश हिस्सा ल लुका के अपन तीर सकेल लेथे अऊ अपन लोग लइका अऊ सुवारी के सऊख पूरा करथे। तेकर सेती बछर के नहाकत ले तोर कोठी सुक्खा हो जथे। हजारी अपन लइका अऊ बहू मनला बड़ पितृभक्त समझय। कातिक के मुंह ले ये बात सुन के अवाक रहि जथे। ओहा समस्या निवारन के उपाय पूछथे तब कातिक राम फोर के बतइस- तोर भाग म अइसनेच लिखाय हे। तेंहा जाये के पहरो म का निवारन के उपाय करबे। फेर भी एक उपाय ये हे, के जम्मो बेटा मनला बंटवारा दे दे। ओमन अपन-अपन भाग्य के खेत खार ल अपन-अपन कमाही अऊ तोर पालन- पोसन ल मिलजुल के करही। तोला खरचा बर न कमाये बर लागे न फिकर करे बर लागे।

हजारी सोंचिस, अभू मोरे चीज ल लुका- लुका के अपन-अपन बर चीज बस बनइया टूरा मन के बीच, जम्मो धन दोगानी के बंटवारा कर देहूं त का गारंटी हे के, ओमन भविष्य म खाये बर दिही। तब मैं काये कर सकहूं? जम्मो बेटा बहू ला अपन तीर बलइस अऊ घर के बिगड़त हालत के हवाला देवत जम्मो झिन ल अलग रेहे के फरमान जारी कर दिस अऊ अपन धन दोगानी ले जम्मो झिन ला वंचित कर दिस। बेटा बहू मन अलगियागे। मारो मारो किसानी के दिन म हजारी के खेत म कमइया नइ मिलिस। खेत परिया परगे। हजारी के घर म अकाल हमागे। बइठे-बइठे तरिया के पानी नइ पुरय। खेत खार का बाचही। बेंचाये लगगे। खेत बेंचावत सुन बेटा मन सकलागे अऊ ददा ल खेत बेंचे बर मना करिस। हजारी नइ मानिस अऊ औने पौने भाव म बेंच दिस। कुछ दिन म यहू पइसा सिरागे। डोकरी-डोकरा तीर भुखमरी के नौबत आगे।

रोवत गावत हजारी ह कातिकराम तीर ओकर गांव पहुंचगे। गौटिंया हजारी ल भीखमंगा कस देख के कातिकराम के हिरदे बियाकुल होगे। ओकर व्यथा सुन के मन द्रवित होगे। ओहा हजारी ल अपन घर म राखिस। हजारी ल सांत्वना देवत किहीस- तोला पहिलीच केहे रेहेंव के खेत खार ला अपन बेटा मन ल देके मुक्ति पा जा। फेर तेहां नइ माने। तोर भाग्य म तोर हाथ के कमई के पइसा के सुख नइ लिखाय हे हजारी जी। हजारी किथे- का भाग-भाग किथस यार? तोर भाग भाग के बात बिलकुलेच गलत हे। तैं कहस के मोर खेत हा मोर लइका मन के भाग म हाबे। लइका मन के भाग म रहितीस त बेंचातिस काबर? कातिक राम हाँसिस अऊ किहीस-तोर खेत कहूं नइ गेहे। तोरेच लइका मन तीर हे अऊ उही मन कमावत हे। दूसर के माध्यम से तोरेच लइका मन तोर जम्मो खेत ल बिसा डरे हाबे। हजारी अचरज म परगे। तभो ले भाग्य के बात म बिसवास नइ होवत रिहिस। उही समे म गांव के सरपंच ह कातिकराम घर निंगत एक ठिन अद्भुत बात बतइस। सरपंच ला लछमी जी हा सपना म किहीस के, ओकर गांव म आज रात के धन बरसा होही। अपन-अपन हाथ म झोंके के पुरतन सबो पाहीं। हजारी किथे- सपना थोरेन सच होही गा तेमा? कातिकराम किथे- सपना सच होय चाहे झिन होय? भाग्य अजमाये म काय हे। भाग म मिले के होही ते जरूर मिलही।

गांव म हांका परगे। गांव के मन अपन अपन भाग पुरतन सकेले बर अपन-अपन घर म सुरहुती के दिन लछमी पूजा करके रात के बेरा म लछमी दाई के आये के अगोरा करत रहय। हजारी किथे- महु हाथ लमा के बइठहूं तहन मोरो हाथ म सोन-चांदी आही का कातिक भइया? कातिक किथे- सरपंच हा अपन गांव के आदमी मन ला सोन-चांदी मिलही कहिके सपनाये हे। तैं दूसर गांव के मनखे आस। तोला कइसे मिलही? फेर भी भाग्य ताय। आजमा सकत हस। हमन पूजा करबो ततके बेर तहूं हा मोरे कस हाथ लमा के बइठ जबे। तोर भाग म आये के होही ते तोरो हाथ म लछमी माई के किरपा बरस जही।

जम्मो झिन भगवान के पूजा करके आंखी मूंद के भगवान ल सुमरत रहय। हजारी सोंचिस .. हाथ लमा के बइठहूं ते हाथेंभर के पुरतन पाहूं। फेर कुरिया भितरी म कइसे सोन-चांदी बरसही। कातिक करा बिलकुलेच अक्कल नियें। अंगना म हाथ लमा के बइठतिस बिया हा त पातिस। हजारी ह अंगना म जादा सकेले के लालच म बरतन धर के निकले के सोंचिस। ओहा सोंचत रहय के जब धन के बरसा होही त मोर बरतन म अबड़ अकन सकला जही। मोला लइका मन तीर हाथ लमाये ल नइ परही न ऊंकर आश्रित रेहे बर परही। जम्मो झिन के आंखी मुंदाय झिमझाम देख के कातिकराम घर के रंधनी खोली म खपलाये बड़े जिनीस गंगार ला धर के अंगना म निकलगे। लछमी दाई के अगोरा करत दुनों हाथ म गंगार ला मुड़ी उप्पर उचा के धरलिस। थोरिक बेर म चारों कोती कुलुप अंधियारी छागे। गंगार टांगे-टांगे हजारी के हाथ पिराये लगगे। लछमी महतारी के अगोरा म मुड़ी घला टंगाये-टंगाये पिराये बर धर लिस। तभे अगास म अंजोर के अभास होय लगगे। लछमी माता के जय घोस के अवाज के साथ लछमी दाई के गांव म पहुंचे के अभास होगे। हाथ म टांगे-टांगे गंगार के वजन सम्हलिस निही। गंगार हाथ ले छूटगे। गंगार ला फिर ले उठइस तो जरूर फेर प्रकाश के चकाचौंध अऊ लकर-धकर म पेंदी के जगा मुहड़ा ल हाथ म धर के उठा पारिस। सोन-चांदी ह मुड़ी म झिन बरसय सोंच के मुड़ी घला नइ उठइस। थोकिन बेर म चकाचौंध कमतियइस त गंगार ह फेर गरू लगे लगिस। हजारी हा मने मन अबड़ अकन पागेंव सोंच के खुश होवत रहय।

कातिराम ह कुरिया ले 'हजारी भइया कहां चल देस गा? कहत अंगना म निकलिस। हजारी ल गंगार उलटा धरे देख पारिस तब पूछिस- का करत हस हजारी भइया? हजारी किथे- तैं कहिथस न भइया के मोर भाग्य म पइसा के सुख निये। देख मोर तीर कतका सकलाये हे तेला। गिने नइ सकबे। मोर तिर म आ। अऊ धीरे से उतारन लाग। कातिक हाँसिस अऊ किहिस -गंगार ल उलटा धरबे त थोरेन सकलाही हजारी भइया। हजारी ल कातिकराम के बात के बिसवास नइ होइस। तुरते अपन मुड़ी ल टांगिस। बपरा हा सन खा के पटवा म दतगे। सुकुरदुम होगे। गंगार ल भुंइयां म मढ़हा दिस अऊ मुड़ी धर के बइठगे। पानी पियइस तब एक कनिक जान अइस। थोकिन अराम लगिस। तब कातिकराम किथे-दिमाग लगा के मेहनत करइया दुनिया म सकल पदारथ के मालिक बन उपभोग करथे। तैं सोंचत होबे मोला कुछु मिलिस होही कहिके। फेर बिगन मेहनत के थोरेन कुछु मिलथे भइया। फेर तैं अतेक मेहनत करे तभो कुछु नइ पाये अऊ येकरे नाव भाग्य आय भइया। हजारी पूछिस- लछमी मइया हा सहींच म इहीते ले नहाकिस होही का भइया। मोर तो करमेच हा फूटहा हे कस लागथे? कातिक किथे- नइ नहाके गा ... सरपंच के सपना हा सच हो जाही। जरूरी थोरेन आय। हजारी पूछिस-त अगास म अबड़ काये चमकिस? कातिक किथे - लछमी माता के पूजा गाजा के पाछू देवता रऊर म गौरा-गौरी लाने बर सकलाये मनखे मन के बीच म लइका मन गेस बत्ती रॉकेट चलावत हे तेकरे अंजोर हा चारों डहर बगरे रिहिस। हजारी समझगे।

बिहिनिया ले हजारी के बेटा मन हजारी अऊ अपन दई कपालफोरहिन ल लेगे बर आगे। सबो बेटा-बहू मन एके संघरा मिल के खिचरी तिहार मनइन। गाय बइला ला खिचरी खवावत हजारी के आंखी म पछतावा अऊ समझ दुनों के आंसू एके संघरा निथरे लगिस।

**हरिशंकर गजानंद प्रसाद देवांगन**
**छुरा**

## चलत हे धान लुवई

खेत के बोंवाए धान ह पाकगे,
हँसिया धर के निकले बनिहार।
पागी खोंच के लुवत हें जम्मों,
बिकट सोन उगले खेती-खार।।

सिला बिनत हें गांव के टूरी-टूरा,
पसर-पसर गब के लाड़ू अउ मुर्रा।
सुकसी मछरी के साग ह सुहावय,
जाड़ म हनय डोकरा बबा मेछर्रा।।

माईलोगिन डोहारे बोझा बांधके,
टूरा पिला मन खांध म धरे हें सुर।
रचमच-रचमच बइला-गाड़ी आगे,
कोठार म खरही गंजे परबत लुर।।

अधिरतिया म किसान दउरी फांदे,
झरे धान के करे बिहनिया ओसाई।
पंखा के हावा ले उड़ागे बदरा मन,
पोठ-पोठ बीजा के करय नपाई।।

कोठी-डोली म लछमी के होगे बास,
तिहार मनाए के चलय खूब तियारी।
नवा चाउर के सोहारी अउ दूधफरा,
रंधनही खोली म बनावत हे सुवारी।।

**- अशोक कुमार यादव,**
**मुंगेली, छत्तीसगढ़**
**जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम इकाई**

## छत्तीसगढ़ी दिवस म उठत सवाल

छत्तीसगढ़ राज के महतारी भाखा छत्तीसगढ़ी ल 28 नवंबर 2007 के छत्तीसगढ़ विधानसभा म सर्वसम्मति ले पास करके हिंदी संग ये राज के 'राजभाषा' के रूप म स्वीकृत करे गे रिहिसे। एकरे सेती ये राज के जम्मो भाखा प्रेमी साहित्यकार, पत्रकार, समाजसेवी अउ बुद्धिजीवी मन मिलके हर बछर 28 नवंबर के 'छत्तीसगढ़ी दिवस' मनाये के निर्णय लिए रिहिन हें। तब ले हर बछर 28 नवंबर के लोगन अपन-अपन सख के पुरती ए दिन आयोजन अउ आने उदिम करत रहिथें। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग डहार ले घलोक सरकारी खानापूर्ति के आयोजन कर के अपन कर्तव्य ल झर्रा दिए जाथे, फेर आज तक जेन ए भाखा के असल बढ़वार के रद्दा हे, तेकर डहार ककरो चेत नइ गे हे।

इहां के जम्मो भाखा प्रेमी कतकों बछर ले छत्तीसगढ़ी ल शिक्षा अउ राजकाज के भाखा बनाए के मांग करत हें, फेर सत्ता म बइठे लोगन एक दूसर के ऊपर आरोप लगा के अपन-अपन धुर्रा ल झटकार देथें। एक पार्टी के मन केंद्र के सत्ता म बइठथें, त दूसर मन छत्तीसगढ़ी ल आठवीं अनुसूची म शामिल करे के नाटक करथें, अउ जब वोमन सत्ता म बइठ परथें, त पहिली वाले मन नौटंकी करथें। कुल मिला के दूनों पार्टी वाले मन ओसरी-पारी नौटंकी करत रहिथें। एकर परिणाम ए हे, के छत्तीसगढ़ी आज-अलग राज बने के कोरी भर बछर ले आगर होए के बाद घलो अपन स्वतंत्र चिन्हारी म गरब करे खातिर छटपटातेच हे।

अभी केंद्र म बइठे सरकार ह एक ठन नवा शिक्षा नीति के कारज करे हे, तेमा जम्मो देश भर म उहां के अपन महतारी भाखा म प्राथमिक शिक्षा दे खातिर जोजियाय हे, फेर हमर राज के सरकार अभी अंगरेजी माध्यम के नांव म दांत खिसरोई करे म बिधुन रिहिसे। सिरिफ अतकेच नहीं, पांच बछर के अपन शासन काल म 'छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग' के गठन तक नइ कर पाए रिहिस हे। एकर ले जादा दुर्भाग्य के बात अउ का हो सकत हे...? जेन ह अपन आप ल छत्तीसगढ़िया सरकार काहत राहय, तेकर अइसन हाल हे, त जे मनला परदेशिया के चिन्हारी कराए जाथे, उंकर ले कतका आस मढ़ा सकथन?

त आवव संगवारी हो, हमन सरकार मन के मुंह तकंई ल छोड़ के अपन महतारी भाखा छत्तीसगढ़ी के बढ़वार खातिर परन ठानन के आज ले जम्मो काम-काज अउ लेखा-जोखा ल छत्तीसगढ़ीच म करबोन, सरकार ल येला शिक्षा अउ राजकाज के माध्यम बनाये खातिर मजबूर करके रहिबोन।

वइसे तो अभी तक इही देखे म आए हवय के छत्तीसगढ़ी भाखा खातिर इहां के आम लोगन अउ भाखा प्रेमी मन अपन स्तर म जतका ठोसहा बुता करे हे, वतका अभी तक तो कोनोच सरकार ह नइ कर पाए हे। इही सच्चाई आय, अउ ए सच्चाई ल सरलग उजरावत रहना हे।

**-सुशील भोले, संजय नगर, रायपुर**

## देहरी माध्यम आय नारी शोषण के

देहरी उपन्यास ओ देहरी ऊपर हे जेन घर के चौखट म होथे फेर नारी बर भी बंधन की दीवार होथे। ये चौखट ल पार करना मर्यादा ल पार करना होथे।

ये हिन्दी अउ छत्तीसगढ़ी भाषा के मिश्रण आय। 'समाज बर धान के थरहा आये माई लोगन'। जिंहा रोप दे उहां जर जमा लेथे। जब जर जम जथे तब सब कुछ छोड़ के जाना मन ल बियाकुल कर देथे। तिवारी जी अउ रामदुलारी जी तीन बार गाड़ी बदल के अयोध्या ले केशकाल जगदलपुर आयें रहिथें।

दण्डकारण्य के स्वच्छंद नारी मन ल देख के तिवारी जी ह रामदुलारी ल देहरी पार करे बर मना कर देथे। येमन सखाराम अउ जलाली के घर में किराया म रहिथें। जलाली ह खानपान रहन-सहन सब ल सीखना चाहथे फेर देहरी बाधा बन जाथे। एक बार तिवारी जी ताड़कांदा ले लेथे तब काम वाली बताथे के येला खाये जाथे साग नइ बनाये जाए। महराज रामदुलारी ल जादू-टोना के नाव ले डेर्रा के रखे रहिथे। दिसा पानी भी रात के जावय। उपन्यास में रामदुलारी के बेटी के जन्म के उल्लेख नइये।

ओमन अपन बदली किरंदुल करवा लेथें। तिवारी आबकारी अधिकारी रहिस हे। किरन्दुल म रामदुलारी ल बाहिर आये जाये के स्वतंत्रता मिलथे। तब तक मानसिक वेदना अउ शारीरिक बंधन ले ओखर बच्चादानी ह सड़ जथे। ओखर भाई पांडे आ के अपन संग म लेग जथे अउ आपरेशन करवाथे। ओला निकलवाना याने दोषी बनना होंगे। काबर के अब वंश वृद्धि नईं हो सकय। कुछ समय बाद म रामदुलारी के चिट्ठी पाके सब बात व सकारात्मक लेके लेगे बर आथे। ओ कहिथे के दूसर बिहाव के बात ही मत सोचव। जिनगी भर साथ निभाय के वचन दे रेंहेव त निभाबोन।

उपन्यास में कात्यायनी के विहाव के वर्णन अउ पुतरा-पुतरी के बिहाव के वर्णन बहुत बढ़िया करे गे हावय। कात्यायनी के ससुराल में भी तिरिया चरित चलथे जेठानी के। कात्यायनी मायके आ जथे। तीन बछर के बाद गौना होथे। पति नपुंसक रहिथे। एक रात कात्यायनी अंगना में बइठे रहिथे त पीछू म जेठ आके खड़े हो जथे। ओ ह घबरा के अपन कुरिया म आ जथे। एक रात के अउ ओखर कमरा म आ जथे।

ये बात सबला पता चलथे त कुआं म कूदे बर चल देथे। छोटे भाई बचा ले थे फेर पूरा लांछन कात्यायनी ऊपर ही लगथे। कात्यायनी कुछ निर्णय लेथे ओखर पहिली ओखर जेठ अउ ओखर चार साथी मन ओखर बलात्कार करथें। कात्यायनी दीवार फांद के भाग जथे। सरयू नदी के किनारे पहुंच जथे। ससुराल वाले कखरो साथ भाग गे कहिके रिपोर्ट लिखा देथे।

कात्यायनी ल सरयू नदी म कुछ मनखे मिलथें ऊंखर ले कंडुलगंज के रास्ता पूछ के पैदल उहां तक आथे। उंहा मुम्बई के रेल ले इलाहाबाद तक फेर रायपुर तक आ जथे। टी. टी. अच्छा मिलथे। रायपुर तक के टिकट बना देथे। पैसा भी नइ लेवय अउ अपन पता अउ फोन नम्बर भी दे देथे। बोलथे के जरुरत परही त फोन कर लेबे। कात्यायनी ल बने मनखे ही मिलथे।


ओखर घर तक भागे.के खबर पहुंचगे रहिस हे। पिता आवन नइ देवय अउ मां देहरी के ओ पार बेबसी म रोथे। कात्यायनी अपन बाली अउ सकरी ल रायपुर के सदर बाजार म बेच के जगदलपुर चल देथे। ओला सुरता आथे ओखर भाऊ। केसकाल में उतर के भाऊ के पता पूछथे त सोनऊराम ओला बताथे के 'ओ ह दस कोस दूरिहा रहिथे। मैं अमराहूं।' अपन घर खाना खवा के साइकिल म बइठार के भाऊ घर चल देथें। भाऊ' तोयनार' म रहिथे। घर पहुंचथें। कात्यायनी ह रात के पूरा घटना ल जलारी ल बताये। जलारी पोटार के सुत जथे।

नक्सलवाद के चलत अनजान लड़की के बारे में हिड्या पूछताछ करथे। 'आनंदम जुडुम' कार्यक्रम रख के खाना अउ नाच गाना होथे। भाऊ कात्यायनी ल कहिथे- तेरे से कुछ पूछेंगे तो कहना कि तू अपने घर अपने समाज से सताई हुई है और इहां ओकर संग मिले इंसाफ की लड़ाई लड़ेगी।'

सच हे मोला इंसाफ के लड़ाई लड़ बर हे। लहुटे के बाद अचानक कात्यायनी कहिथे आप बाबो हो, मैं बाबो कहूंगी' बाबो ले लिपट जथे।

'शिवा मेडिकल के पढ़ाई करें बर रायपुर म रहिस हे। ओखर बहिनी सुखमनी दूरिहा आश्रम म पांचवी के बाद पढ़े बर गे रहिस हे। ओखर साथ सामूहिक बलात्कार होथे अउ ओला सागोन के पेड़ म लटका देथें। ये बात शिवा ल झंझोर दे थे। शिवा के आये के बाद वार्डन अउ अधीक्षिका उही सागौन के पेड़ म फांसी लगा लेथे।

उपन्यास देहरी के भितरी कहिनी ल रामदुलारी के माध्यम ने बताथे फेर देहरी के बाहिर म नारी शोषण के कहिनी घलो बतावत हावय। कात्यायनी ऊपर अत्याचार के बाद कन्या आश्रम म यौन शोषण। लेखिका नारी के स्वतंत्रता अउ शोषण ऊपर सोचत हावय।




**समीक्षा**

देहरी उपन्यास,
लेखिका उर्मिला शुक्ल,
समीक्षक सुधा वर्मा (छत्तीसगढ़ी )

शिवा स्टेथीस्कोप छोड़ के ए के रायफल पकड़ ले थे। येती कात्यायनी कुछ करना चाहथे। जलारी ल बने नई लगय के बेटी नौकरी करही फेर बाबो ओला 'अलगातार' लेगथे। दिनभर चले के बाद पहुंचथें। देवाशीष स्वागत करथे। बाबो इन्हें रही जथे। कात्यायनी के सुते के इंतजाम 'दुहिता धाम' म कर दे थे। कात्यायनी बिहनिया देखथे के ये आश्रम आये। ये इहां काम करना चाहथे। 'मारी मां'ओला अपन पास रख लेथे। छै बछर ले चौदह बछर के लइकामन के देखरेख करथे।

कात्यायनी उंखर संग नदी पहाड़, रेसटीप छुआ छुवल, पोसमपा खेल के अपन लइकापन म चल देथे। ओमन ल थोड़ा बहुत गणित भी पढ़ावत रहिस हे।

कम बोलने वाला शिवा म बदलाव आगे, ओह काल्यायनी संग गोठियाथे ओला सोनकुंवर के कहिनी सुनाये जेखर पनि कोठा म बेच दे रहिस हे। ओखर एक बेटी होथे, ओला एक ठेकेदार खरीद लेथे बाद में ओ मर जथे। अब सोनकुंवर जंगल भरोसा जीयत हे।

उपन्यास में फेर-एक नारी शोषण के कहिनी आथे। अइसना समाज म होवत हावय। जंगल के बेटी मन गायब होवत हावंय अउ कोठा तक पहुंचत हावंय। 'मारी मां' जब कात्यायनी के जीवन के पूरा घटना ल जानथे तब एफआईआर करवाथे। पत्र ओखर ससुरार पहुंच जथे। ओमन पइसा खवाये के कोशिश करथे फेर महिला आयोग के दबाव के कारण चुप हो जथें। ये केस अखबार तक पहुंच जथे। पत्रकार मन कात्यायनी के इंटरव्यू लेथें। मुकदमा सबके नजर में आ जाथे। भाऊ केशकाल के अखबार म पढ़ ले रहिथे। जलारी ल कुछु पता नइ रहिस हे। ये मन 'अलगानार' चल देथे।

इंखर आये ले कात्यायनी ल बल मिलथे। शिवा घलो अलगानार चल देथे। शाम तक बइठे रहिथे ओखर बाद ओला कात्यायनी आवत दिखथे। शिवा प्रपात घूमे बर चल कहिथे त कात्यायनी तइयार हो जथे। पूनम के रात रहिथे। दूसर दिन मड़ई देखे बर जाथें। मड़ई के वर्णन उपन्यास में बहुत बढ़िया करे गे हावय। लोगन के चहल-पहल, पहनावा के संग-संग देवता मन ल पालकी खटोला म लेगथें मेला तक। चेलक मोटियारी मन के नृत्य।

कात्यायनी के पेट अब निकने ले लगगे रहिस हे। पेट में हलचल घलो शुरू होगे। ये हलचल ओखर दिमाग में भी हलचल ल बढ़ा दे थे। कात्यायनी कोर्ट म अपन मां ल देखथे त गला मिलके बहुत रोथे। अंत म फैसला होथे। बलात्कारी मन ल आजीवन कारावास होथे अउ आधा सम्पति कात्यायनी ल दे जाथे। कात्यायनी अपन मां के विवशता ल देखथे। ओखर बप्पा ओला ले के चल देथे। ये घटना देहरी के ये पार के घटना आय अउ कात्यायनी के मां देहरी के ओ पार रहिथे।

बप्पा याने तिवारीजी घर के सौदा कर डारथे। ओ ह इंहा बदनामी म रहना नई चाहय। वापस अयोध्या भी जाना नइ चाहय काबर के उंहा सब पूछहीं। ओ ह अपन तबादला 'भिंड' म कराना चाहथे फेर जलाली जाना नई चाहय। ओ ह दस्तखत नई करय।

कोर्ट ले, 'अलगनाड़' वापस होय के बेरा कात्यायनी अउ 'मारी मां' बहुत खुश रहिन हें। शिवा केसकाल घाटी के सब ले ऊपर गाड़ी ल लेग जथे। कात्यायनी बहुत खुश होथे चारो तरफ हरियाली रहिस हे, हरियाली के बीच सांझ उतरत रहिस हे अउ सुरूज के लाली बगरे रहिस हे। ये चार के जंगल रहिस हे। गाड़ी थोरिक उतार के शिपा ह एक दोना चार ले आथे, पत्ता ले दोना बना लेथे। कात्यानी पथरा ऊपर सुत जथे। परेवा के आवाज ले उठथे तब शिवा चार देथे।

शिवा ह आज अपन दिल के बात कहि देथे। एक हाथ ले चार देथे त दूसर हाथ ले अपन जेब ले एक लकड़ी के कंघी निकाल के देथे। ओमा चित्र भी बने रहिस हे। बोलथे- मैं बच्चा ल अपनाहूं।

'नहीं... हीं... हीं... हीं' कात्यायनी चिल्लाथे।

कंघी छूट जथे। कात्यायनी ल जोर से पीरा उठथे। समय ले पहिली एक बेटी ल जन्म देथे। सामने बंद गेस्टहास रहिस हे फेर उही बेरा एक आदमी आवत दिखथे जेन ह ताला खोलथे। उंहा ले गरम पानी मिल गे नाल काटे जाथे। नार-फूल ल तीर म गड़िया दे जाथे। गाडी म रखे एक कपड़ा ल कात्यायनी ल लुंगी सरिख पहिरा देथें। सब झन गाड़ी म बइठ जथें। शिवा ल आठ बजे रात के गाड़ी में आय बर बोल देथें।

गाड़ी चलथे ओखर चक्का के नीचे कंघी के चरमराये के आवाज आथे: कंघी म दरार आ जथे। शिवा के प्रेम म दरार, कात्यायनी के विचार म दरार। ये दरार अब भर नई सकय।

कात्यायनी सोचत हावय के एक देहरी रहिस हे जेला जिंदगी भर पार नइ करे के, सीख मिले रहिस हे। रामदुलारी अउ तिवारी जी के घर में जादू टोना के डर दिखा के, स्वतंत्र नारी ले डर के राम दुलारी के मन म दहशत पैदा कर दिस बहाना होगे देहरी। कात्यायनी स्कूल जाय के लाइक होइस फेर देहरी के भितरी म बंद रहिस।

ससुरार में सीख दे के भेजे रहिस के देहरी लांघना मत। कात्यायनी के नंपुसक पति के फायदा उठा के जेठ के संग 4-5 ओखर बलात्कार करथें। बहुत सोच के देहरी लांघ दिस। कात्यायनी दीवार फांद के चल दिस। जलारी अउ भाऊ तीर। ओला मिलिस शिवा फेर कात्यायनी प्यार ल स्वीकार नइ कर सकिस काबर के ओखर प्रेम म दंभ दिखाई दिस। लइका ल अपनाना चाहथे मतलब एहसान करना चाहथे। अब एक देहरी अउ पार करके कखरो घर म जाना नई चाहय। 'मारी मां' के कारण ही कात्यायनी ल इंसाफ मिलथे। उपन्यास नारी वेदना अउ संवेदना के कहिनी आये। देहरी के माध्यम ले लेखिका ह नारी शोषण के कहिनी बताये हावय त 'मारी मां', जलारी.अउ बाबो (भाऊ) के माध्यम ले नारी स्वतंत्रता के बारे में बताय हावय। आज के समय म आश्रम मन म होवत यौन शोषण के बारे में भी लिखे गे हावय। ये कहे जा सकथे के नारी विमर्श के उपन्यास आये। देहरी के वर्णन सफलतापूर्वक करे गे हावय। एक सफल उपन्यास के लेखिका उर्मिला शुक्ल ल बहुत बहुत बधाई।

**सुधा वर्मा**

**उल्टा पुल्टा**

एक बार संतू ट्रेन में सफर कर रहा था। ट्रेन में बहुत भीड़ होने की वजह से वो एक गंजे आदमी की गोद में बैठ गया। आदमी (गुस्से में) - हां, हां! मेरे सिर पर आकर बैठा जा। संतू- नहीं, अंकल मैं यहीं ठीक हूं, वहां से फिसल कर गिरने का डर है।

# तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ रही



**बिलासपुर**, 25 नवंबर (देशबन्धु)। आसमान में बादलों का झुंड आ चुका है। नतीजा ठंड में थोड़ी कमी महसूस हो रही है। रात में भले ही सर्दी का असर है, पर सूर्योदय के साथ हल्की गर्मी महसूस होने लगी है। मौसम विभाग की मानें तो अभी तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी।

मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा. एचपी चंद्रा एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल में 65 डिग्री पूर्व तथा 30 डिग्री उत्तर में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। इसके प्रभाव से वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ रही है। परिणाम स्वरूप अभी न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि होने की संभावना है। प्रदेश के चरम दक्षिण (बस्तर संभाग के) एक दो जिलों में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। प्रदेश के शेष हिस्सों में मौसम शुष्क करने की संभावना है। बिलासपुर में मौसम शुष्क बना रह सकता है।

### एक दिसंबर से बढ़ेगी ठंड

मौसम विभाग का कहना है कि 25 नवंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत में प्रवेश करेगा। इसके कारण 27 और 28 को इसका छत्तीसगढ़ में प्रभाव नजर आ सकता है। इसी समय दक्षिण भारत में पूर्वी लहर का प्रभाव रहेगा। इसलिए दक्षिणी छत्तीसगढ़ तथा दक्षिणी विदर्भ में नमी के बने रहने से न्यूनतम तापमान में कुछ खास गिरावट दर्ज नहीं हो पाएगी। फिर एक दिसंबर से नमी में कमी आने के बाद न्यूनतम तापमान में कुछ गिरावट की संभावना है।

### तापमान अभी 17 डिग्री के आसपास

न्यायधानी में अभी न्यूनतम तापमान 17 एवं अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। ऐसी स्थिति में रात को ठंड महसूस हो रही है, लेकिन दिन में पसीना छूट रहा है। सड़कों पर हल्की गर्मी महसूस होने लगती है। घर या आफिस में दिन को सामान्य रूप से पंखा चलाना पड़ रहा है हालांकि रात में ऐसी स्थिति नहीं है।

# मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को मिला प्रशिक्षण

### मतगणना स्थल पर मोबाईल लेकर प्रवेश करना रहेगा वर्जित

### विधानसभावार 14 टेबलों में की जाएगी मतों की गणना

### पोस्टल बैलेट की गणना के लिए लगाये जाएंगे 17 टेबल





**बिलासपुर**, 25 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए 3 दिसंबर को मतगणना का कार्य कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में सुबह 08 बजे से शुरू होगा। विधानसभावार 14 टेबलों में मतगणना की जाएगी। इस प्रकार कुल 6 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतों की गणना 84 टेबलों में की जाएगी। डाकमतपत्रों की गणना के लिए सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर कुल 17 टेबल लगाएं जाएंगे। मतगणना स्थल पर मोबाईल लेकर प्रवेश वर्जित होगा। मीडियाकर्मियों को केवल मतगणना स्थल पर बनाए गए मीडिया सेंटर तक ही मोबाईल ले जाने की अनुमति होगी। मतगणना ड्यूटी में लगे सुपरवाईजर, गणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को इस संबंध में आज शहर के मल्टीपरपज स्कूल में प्रशिक्षण में दिया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय अग्रवाल ने मतगणना के दौरान किये जाने वाले दायित्वों की विस्तार से जानकारी प्रशिक्षण में दी। श्री अग्रवाल ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी को अ' छे से आत्मसात कर लें ताकि मतगणना कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी से मतगणना का कार्य करने निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतगणना के लिए उपयोगी टिप्स भी दिए। मतगणना के संबंध में प्रमुख वैधानिक प्रावधानों, नियमों तथा मतगणना के दौरान कौन-कौन सी सावधानी बरती जानी है एवं इस दौरान कौन से प्रारूप में जानकारी देनी है। इस संबंध में विस्तार से बताया गया। मास्टर ट्रेनर श्री एमटी आलम द्वारा मतगणना कार्य की संपूर्ण पहुलओं की विस्तार से जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर द्वारा मतगणना के पूर्व की तैयारी, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, डाकमत पत्रों की गणना सहित अन्य विषयों पर प्रकाश डाला गया। जिले में मतगणना का कार्य तकरीबन 500 अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा संपादित कराया जाएगा। मतगणना स्थल पर प्रत्येक टेबल में एक सुपरवाइजर जो राजपत्रित अधिकारी रेंक का होगा तथा एक गणना सहायक होंगे। प्रत्येक टेबल में एक माइक्रो आब्जर्वर भी नियुक्त किए जाएंगे। मतगणना स्थल पर प्रवेश हेतु निर्धारित लोगों को अलग-अलग रंगों के परिचय पत्र जारी किए जाएंगे। इसी प्रकार ईटीपीबीएस के लिए विधानसभावार एक-एक टेबल अर्थात कुल 6 टेबलों में मतों की गणना की जाएगी। मतगणना तिथि के एक दिन पूर्व कर्मचारियों को विधानसभा क्षेत्र और मतगणना के दिन 3 दिसम्बर को ही टेबल की जानकारी दी जाएगी। यह दोनों प्रक्रियाएं ऑब्जर्वर की मौजूदगी में रैण्डेमाईजेशन के जरिए होगी।

## सार-संक्षेप

### कोहरे के लिए छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस व निज़ामुद्दीन-अम्बिकापुर साप्ताहिक स्पेशल प्रभावित रहेगी

**बिलासपुर**, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर पूर्व रेलवे के द्वारा छपरा-दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस को 1 दिसम्बर, 2023 से 29 फरवरी, 2024 के बीच कुछ तिथियो में इस गाड़ी को कोहरे के अग्रिम आशंका के कारण रद्द किया जाएगा।

**रद्द होने वाली गाड़ी इस प्रकार है**

15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस को दिसम्बर माह में दिनांक 02, 04, 06, 09, 11, 13, 16, 18, 20, 23, 25, 27 एवं 30 दिसम्बर, 2023 को, जनवरी माह में 01, 03, 06, 10, 13, 15, 17, 20, 22, 24, 27, 29 एवं 31 जनवरी, 2024 को एवं फरवरी माह में 03, 05, 07, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26 एवं 28 फरवरी, 2024 को रद्द रहेगी ।

15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस को दिसम्बर माह में दिनांक 03, 05, 07, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28 एवं 31 दिसम्बर, 2023 को, जनवरी माह में 02, 04, 07, 09, 11, 14, 16, 18, 21, 23, 25, 28 एवं 30 जनवरी, 2024 को एवं फरवरी माह में 01, 04, 06, 08, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27 एवं 29 फरवरी, 2024 को रद्द रहेगी ।

वहीं उत्तर रेलवे के द्वारा निज़ामुद्दीन-अम्बिकापुर-निज़ामुद्दीन साप्ताहिक स्पेशल को 05 दिसम्बर, 2023 से 29 फरवरी, 2024 तक इस गाड़ी को कोहरे के अग्रिम आशंका के कारण रद्द किया जाएगा।

04044 निज़ामुद्दीनङ्कअम्बिकापुर साप्ताहिक स्पेशल दिनांक 05 दिसम्बर, 2023 से 27 फरवरी, 2024 तक रद्द रहेगी ।

04043 अम्बिकापुर-निज़ामुद्दीन साप्ताहिक स्पेशल दिनांक 07 दिसम्बर, 2023 से 29 फरवरी, 2024 तक रद्द रहेगी ।

### तकनीकी कारणों से टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस रद्द

**बिलासपुर**, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा तकनीकी कारणों से आज 25 नवम्बर को टाटानगर से रवाना होने वाली 18109 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद बोस (इतवारी) एक्सप्रेस को रद्द किया गया है। इसके फलस्वरूप पेयरिंग रैक की अनुपलब्धता के कारण 27 नवम्बर को नेताजी सुभाष चंद बोस (इतवारी) से रवाना होने वाली 18110 नेताजी सुभाष चंद बोस(इतवारी)-टाटानगर एक्सप्रेस भी रद्द रहेगी।

# दिवाली व चुनाव के बाद भी नहीं खुला प्राइवेट परीक्षा पोर्टल



**बिलासपुर**, 25 नवंबर (देशबन्धु)। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग इस साल स्वध्यायी परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा फार्म जमा करने अब तक पोर्टल नहीं खोल सका है। दिवाली और विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद भी परीक्षा विभाग निर्णय नहीं ले सका है। विश्वविद्यालय में लगातार व्यवस्था खराब होती जा रही है। युवाओं में इसे लेकर गहरी नाराजगी पनप रही है। स्थिति यही रही तो आने वाले दिनों में छात्रों की मुश्किलें बढ़ेंगी।

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग प्राइवेट (स्वाध्यायी) के आवेदन फार्म अमूमन अक्टूबर या नवंबर के प्रथम पखवाड़े में प्रक्रिया आरंभ कर देता है। कोरोना महामारी के बाद से लगातार व्यवस्था खराब हो रही है। समय पर परीक्षा आवेदन के लिए पोर्टल नहीं खुल पा रहा। नए परीक्षा नियंत्रक डा.तरुणधर दीवान के आने के बाद उम्मीद थी कि युवाओं की समस्या कम होगी लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। शिक्षण सत्र 2022-23 स्वाध्यायी परीक्षा के लिए अब तक निर्णय तो दूर बैठक तक नहीं हुई है। जबकि दिसंबर में स्नातक और स्नातकोत्तर के सेमेस्टर परीक्षा, जनवरी में प्रायोगिक परीक्षा होनी है। इसके साथ ही फरवरी-मार्च में मुख्य परीक्षा प्रस्तावित है। यही स्थिति रही तो विश्वविद्यालय एक बार फिर अकादमिक कैलेंडर से पिछड़ जाएगा।

### 50 हजार युवा लगाए हैं टकटकी

त्यौहारी और चुनावी सीजन समाप्त होने के बाद युवा अब पढ़ाई की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। एक महीना बीत चुका है लेकिन अभी तक स्वाध्यायी के परीक्षा फार्म को लेकर कोई सुगबुगाहट नहीं है। जानकार बताते हैं कि विश्वविद्यालय में अकादमिक और प्रशासनिक स्थिति बेहद लचर हो चुकी है। युवाओं के भविष्य को लेकर किसी को चिंता नहीं है। कालेजों की ओर भी कोई ध्यान नहीं है। बता दें कि इस साल 50 हजार से अधिक नियमित छात्र पंजीकृत है। नियमानुसार जितनी संख्या नियमित की होती है उतनी ही संख्या स्वाध्यायी में होती है।

# बिलासा गर्ल्स कॉलेज के 6100 स्टूडेंट की खेल गतिविधियां ठप

## डेढ़ साल से मैदान में गड्ढा, दूसरों के ग्राउंड में कर रहे प्रैक्टिस




### खेल से किया जा रहा है खिलवाड़

### पिंक स्टेडियम में लेटलतीफी

**बिलासपुर**, 25 नवंबर (देशबन्धु)। शहर की सबसे बड़े बिलासा गर्ल्स कॉलेज में बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने गर्ल्स कालेज मैदान को पिंक स्टेडियम के रूप में विकसित करने के लिए डेढ़ साल से मैदान को गड्डा कर छोड़ दिया है। इसके चलते कॉलेज में अध्ययनरत 6100 स्टूडेंट की खेल गतिविधियां ठप हो गई हैं। बच्चियां इंटर कॉलेज स्पर्धाओं के लिए दूसरे कॉलेज के ग्राउंड में प्रैक्टिस करने में विवश हैं। ऐसा कॉलेज ग्राउंड में पिंक स्टेडियम के निर्माण में लगातार देरी के चलते हो रहा है।

बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने गर्ल्स कालेज मैदान को पिंक स्टेडियम के रूप में विकसित करने के लिए 3.30 करोड़ का वर्क ऑर्डर जारी किया है। युवतियों की खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ में एक ही स्थान पर समस्त सुविधाओं से लैस कोई ग्राउंड नहीं है। इस कमी को पूरा करने के लिए स्मार्ट सिटी प्रबंधन ने युवतियों के लिए छत्तीसगढ़ के पहले पिंक स्टेडियम की योजना बनाई, लेकिन निर्माण में लेटलतीफी के कारण कालेज के स्टूडेंट अपने ही मैदान में खेलकूद से वंचित हो गई हैं।

### मैदान में खेलकूद की गतिविधियां बंद

बिलासा गर्ल्स कालेज के प्राचार्य एसआर कमले ने दैनिक भास्कर को बताया कि स्टेडियम निर्माण के चलते मुख्य मैदान में खेलकूद की गतिविधियां बंद हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि निर्माण कार्य में देरी के कारण स्टूडेंट प्रभावित हो रहे हैं। इसके बावजूद कॉलेज अपनी खेल गतविधियों को किसी तरह जारी रखे हुए है।

### 30 जून तक तैयार होना था स्टेडियम

पिंक स्टेडियम का निर्माण 30 जून तक हो जाना था, परंतु कार्य अधूरा होने के कारण ठेकेदार सुशांत राय को 30 दिसंबर तक का एक्सटेंशन दिया गया है। इस अवधि में कार्य पूर्ण नहीं होने पर पेनाल्टी लगाई जाएगी।

### अप्रूवल में देरी के कारण निर्माण कार्य प्रभावित

स्मार्ट सिटी प्रबंधन का मानना है कि बीओडी की बैठक में अप्रूवल में देरी के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हुआ। इसके मद्देनजर ठेकेदार को एक्सटेंशन देना पड़ा। चल रहे निर्माण कार्य की गति देख कर ऐसा नहीं लगता की सारे कार्य समय पर पूर्ण हो पाएंगे।

### स्टेडियम इको फ्रेंडली होगा

स्मार्ट सिटी प्रबंधन के मुताबिक स्टेडियम की एक खास बात यह रहेगी कि इसे इको फ्रेंडली बनाया जाएगा। स्टेडियम के चारों ओर प्लांटेशन किया जाएगा, ताकि इसकी सुंदरता पर चार चांद लग जाए। साथ ही पर्यावरण को बेहतर बनाने का संदेश मिल सके।

# संजू त्रिपाठी हत्याकांड का फरार एक और शूटर कटघोरा से पकड़ाया

### कपिल त्रिपाठी से मिलने पहुँचा था जेल

**बिलासपुर**, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में 2022 में हुए संजू त्रिपाठी हत्या कांड में पुलिस ने एक और फरार शूटर मोहम्मद दानिश को गिरफ्तार कर लिया है, जो उक्त मामले में कटघोरा जेल में बंद कपिल त्रिपाठी से मिलने पहुँचा था, जिसे पुलिस ने अपने निगरानी में लेकर गिरफ्तार कर लिया है।

गौरतलब है कि 14.12.2022 को शाम 04.15 बजे थाना सकरी क्षेत्रांतर्गत स्थित खनिज बैरियर के पास बायपास रोड सकरी में मृतक प्राणनाथ उर्फ संजू त्रिपाठी पिता जयनारायण त्रिपाठी उम्र 42 साल की अज्ञात हमलावरो द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई।






प्रकरण में धारा 302, 201, 341, 34 भादवि व 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के 03 फरार शुटर आरोपियो की पतासाजी की जा रही थी, इसी क्रम में गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी मोहम्मद दानिश कटघोरा जेल में निरूद्ध आरोपी कपिल त्रिपाठी से मुलाकात करने आया है।

उक्त सूचना पर कटघोरा जेल के पास पुलिस टीम तैनात कर आरोपी पर निगाह रखी जा रही थी और इसी दौरान आरोपी को कटघोरा जेल के पास से घेराबंदी कर पकड़ा गया।

आरोपी से पूछताछ किया गया जिसने जुर्म स्वीकार किया और एक एप्पल कंपनी का मोबाईल एवं घटना करने के लिये कपिल त्रिपाठी से प्राप्त 5 हजार रूपये में से 01 हजार रूपये को जप्त कर लिया गया।

आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सकरी निरीक्षक राजेश मिश्रा, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक कृष्णा साहू, उप निरीक्षक राज सिंह, सहायक उप निरीक्षक जीवन साहू, हेमंत आदित्य, प्रधान आरक्षक सोमनाथ यादव आरक्षक बलबीर,तदबीर, सत्या पाटले, संजय बंजारे एवं कलेश्वर यादव की विशेष भूमिका रही।

# डीएसपी के विरूद्ध जारी वसूली आदेश पर रोक



**बिलासपुर**, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। आसमा कॉलोनी सकरी रोड, बिलासपुर निवासी श्रीमती सुशीला टेकाम कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी)में उपपुलिस अधीक्षक (डीएसपी) के पद पर पदस्थ हैं। सेवाकाल के दौरान पुलिस अधीक्षक (एसपी) बिलासपुर द्वारा उनके विरूद्ध वेतन से वसूली का आदेश इस आधार पर जारी किया गया कि पूर्व के वर्षो में उन्हें गलत तरीके से अधिक वेतन भुगतान कर दिया गया है। उक्त वसूली आदेश को डीएसपी सुशीला टेकाम द्वारा हाईकोर्ट अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं गीता देबनाथ के माध्यम से हाईकोर्ट बिलासपुर के समक्ष रिट याचिका दायर कर चुनौती दी गई।

अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं गीता देबनाथ द्वारा हाईकोर्ट के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया गया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व में वर्ष 2015 में स्टेट ऑफ पंजाब विरूद्ध रफीक मसीह एवं अन्य एवं वर्ष 2022 में थॉमस डेनियल विरूद्ध स्टेट ऑफ केरला एवं अन्य के वाद में यह महत्वपूर्ण निर्णय दिया गया है कि किसी भी शासकीय कर्मचारी जिसके सेवानिवृत्ति को एक वर्ष शेष है उन्हें अधिक वेतन भुगतान का हवाला देकर उनके वेतन से किसी भी प्रकार की वसूली नहीं की जा सकती है चूंकि याचिकाकर्ता दिनांक 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त होने वाली है। अत: याचिकाकर्ता के विरूद्ध जारी वसूली आदेश नियम विरूद्ध है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा उक्त न्याय दृष्टांत में यह भी कहा गया है कि यदि किसी शासकीय कर्मचारी को संबंधित विभाग द्वारा 5 वर्ष पूर्व अधिक वेतन भुगतान किया गया है। उस स्थिति में भी उनसे किसी भी प्रकार की वसूली नहीं की जा सकती है चूंकि याचिककर्ता को 05 वर्ष पूर्व दिनांक 01.07.2009 से अधिक वेतन भुगतान किया गया है। अत: उक्त वेतन भुगतान की वसूली आज दिनांक को नहीं की जा सकती है। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा रिट याचिका की सुनवाई के पश्चात् डीएसपी सुशीला टेकाम के विंरूद्ध जारी वसूली आदेश को नियम विरूद्ध पाते हुए वसूली आदेश पर स्थगन (स्टे) करते हुए किसी भी प्रकार की वसूली ना किये जाने का निर्देश दिया गया।

## सार-संक्षेप

### गुरूनानक जयंती के पूर्व निकाली गई शोभायात्रा



**कोरबा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। सिक्ख समुदाय के प्रथम गुरु गुरुनानक देव की जयंती सिख समाज द्वारा प्रकाश पर्व के रूप में धूमधाम से मनाई जा रही है। जयन्ती से पूर्व कोरबा में गुरुनानक देव की भव्य मूर्ति का अनावरण किया गया। पुरानी बस्ती में स्थित गुरुद्वारे से टीपी नगर गुरूद्वारा तक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान करतब बाजों ने कई तरह के कारनामों का प्रदर्शन भी किया। प्रकाश पर्व को लेकर सिख समुदाय के लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। पुरानी बस्ती में स्थित गुरुद्वारे से नायकों ने पूरे शहर का भ्रमण किया। पुराने बस स्टैंड में मैसूर प्रबंधन समिति के करतब बाजों के द्वारा हैरतअंगेज कारनामों का प्रदर्शन किया गया जिसे देखकर लोग आश्चर्यचकित रह गए। गुरुनानक देव की जयंती के अवसर पर गुरुद्वारे में दिन भर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

### केवी-4 में पीएमश्री योजना के तहत विविध आयोजन

कोरबा, 25 नवंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-4 में पूर्व-व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीएम श्री योजना के तहत मॉड्यूल कक्षा 6वीं से 8वीं तक शिक्षण एवं पूर्व-व्यावसायिक शिक्षा गतिविधियों को एकीकृत करने के लिये, शिक्षकों को सक्षम करने एवं जागरूक बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

यह मॉड्यूल उन्हें कक्षा 1 से 5 तक के कार्य अनुभव की अवधारणा और कक्षा से पूर्व-व्यावसायिक शिक्षा के विषय में जानने में सहायक होगा। कार्यक्रम की रूपरेखा की प्रेरणा व मार्गदर्शन विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती संध्या लकड़ा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के तहत छात्रों को बाँस कला, बागवानी, पाक कला आदि का शिक्षण व अभ्यास कराया गया। बागवानी में राधेय ने बूटिंग, फाउंटेन बनाना, गुलदस्ता बनाना तथा बगीचे में ले जाकर विभिन्न पौधों की पहचान कराई। बाँस कला में आजाद किशोर ने छात्रों को टोकरी, सूप बनाना सिखाया। कला शिक्षिका सुश्री अनु जन्गाला ने छात्रों को मधुबनी, वर्ली कला के बारे में सिखाया। पाक कला में श्रीमती मीना बुधिया द्वारा छात्रों को केक, पिज्जा, आलू टिक्की, सेवई दही, ब्रेड केक आदि बनाना सिखाया। बच्चों ने न केवल खाने की स्वादिष्ट चीजें बनानी सीखीं अपितु उनका स्वाद भी चखा। कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती ई. कुमार व श्रीमती मीनाक्षी शर्मा थी।

### न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल में कला प्रदर्शनी




**कोरबा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल में कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विविध प्रकार की कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया एवं विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया जिसके निर्णायक हेतु डीपीएस बाल्को के कला शिक्षक नबारुन तालुकदार उपस्थित रहे।

मुख्यत -रेत कला, लिपन कला, मधुबनी, बनावट कला, अफ्रीकी कला, सिक्का कला, मिट्टी कला, प्लेट पेंटिंग, इस्लामी कला, टोकरी सजावट, बोहो कला, गुल्लक कला, रेत कागज पेंटिंग, वर्ली कला, गोंड कला, अपशिष्ट से सर्वश्रेष्ठ, बोतल कला, दिव्य सजावट, मॉडल हाउस, पेपर लैंप, पेन होल्डर, वॉल हैंगिंग आदि कलाओं के लगभग 500 से ज्यादा नमूने प्रस्तुत किए गये। ये सभी कलाकृतियाँ विधार्थियों द्वारा शाला में कला शिक्षिकाओ के मार्गदर्शन में बनाया गया है। कला प्रदर्शनी के साथ आंनन्द मेला व शाला के 6 क्लबों द्वारा पालकों के लिए खेलकुद का आयोजन भी किया गया। शाला की चेयरमैन किशोर कुमार साहू, डायरेक्टर दिलीप साहू, प्राचार्य ड़ीएस राव, उप प्राचार्य संजय तिवारी एवं हेड मास्टर जगजीत सिंह ने छात्रों के प्रयास की सराहना की।

### बीटीएस स्कूल में खेलकूद के विजेता पुरस्कृत



**कोरबा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। बालको टाउनशिप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-2 में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के बाद शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रमणि यादव, सचिव रवींद्र यादव, सहसचिव मिनेश्वर पेगू, कोषाध्यक्ष महेंद्र चन्द्रा, सदस्य राम गोविंद बरेठ, सीमा डहरिया, विमला मार्को व प्राचार्या नीलम सिंह की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास उज्जवल भविष्य और खेलकूद के साथ ही साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी अग्रसर होने की प्रेरणा दी। 26 नवंबर को विद्यालय परिसर में वार्षिकोत्सव का आयोजन संध्या 3 बजे से किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पॉट लाइन-2 के महाप्रबंधक निकेत श्रीवास्तव होंगे। विशिष्ट अतिथियों में मनोज कुमार रमैय्या व चंद्रमणी यादव उपस्थित रहेंगे।

# बारातियों से भरी बोलेरो डिवाइडर से टकराई

## आधा दर्जन बाराती घायल, इलाज जारी



**कोरबा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। कोयलांचल क्षेत्र के ढेलवाडीह से अंबिकापुर जा रही बारातियों से भरी चार पहिया वाहन बांगो थाना अंतर्गत मोरगा के पास रोड डिवाइडर से अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में वाहन में सवार आधा दर्जन बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कुछ को मामूली चोटें आई। घायलों का उपचार कटघोरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

ग्राम ढेलवाडीह से अंबिकापुर जा रही बारातियों से भरी एक चारपहिया वाहन के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर बाराती वाहन में ही फंस गए। राहगीरों की मदद से सभी बारातियों को बाहर निकाला गया। हादसे में लगभग आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए कटघोरा के उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है जिनमें से तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। उक्त घटित घटना के विषय में बांगो थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मोरगा चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। जहां चारपहिया वाहन पर आधा दर्जन से अधिक महिला सवार थी जो हादसे का शिकार हुई है तीन की हालत काफी गंभीर है सिर और हाथ पर उन्हें गंभीर चोंटे आयी है जिन्हें रेफर कर दिया गया है पुलिस आगे की जांच कार्यवाही में जुटी हुई है। मामले की विवेचना कार्रवाई मोरगा चौकी प्रभारी रामकुमार उइके द्वारा की जा रही है। इस मामले में मोरगा चौकी पुलिस ने धारा 279, 337 भादवि के तहत चारपहिया वाहन के चालक के विरूद्ध दुर्घटनाकारित अपराध पंजीबद्ध किया है।

## जवानों से भरी बस खड़ी ट्रेलर से टकराई

कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत आनंद नगर में शुक्रवार को त्रिपुरा स्टेट रायफल्स (टीएसआर) के जवानों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जवानों से भरी बस रात्रि पाली में तैनाती ड्यूटी के लिए सुराकछार साइडिंग जा रही थी। इस दौरान कुसमुंडा-बांकीमोंगरा मुख्य मार्ग में




आनंद नगर के पास खोलार नाला पुल से थोड़ी ही दूर पहले पीपल पेड़ के पास मुख्य मार्ग पर रात करीब 9 बजे धुंध और हल्की धूल की वजह से सडक़ किनारे खड़ी ट्रेलर को बस चालक देख नहीं पाया और बस की ट्रेलर के पीछे सीधी टक्कर हो गई। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

## लैंको में ठेकेदार कर रहे फर्जीवाड़ा

**कोरबा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। लैंको पॉवर प्लांट में ठेकेदार मजदूरों के मजदूरी भुगतान में फर्जीवाड़ा कर मजदूरी से निकाल रहे हैं। विरोध करने वाले मजदूरों को काम से हटाने की धमकी दे रहे हैं व कुछ मजदूरों को कार्य से निकाल भी दिया गया है।

लैंको में स्थानीय निवासी मयूर पारेख द्वारा ठेका लिया गया जिसके अंतर्गत गांव के आसपास के मजदूर काम करते हैं,जिनके वेतन का भुगतान मजदूरों के खाते में किया जाता है जिसमें से कुछ पैसा मजदूरों से वापस ले लिया जाता है। इस तरह रिकार्ड में मजदूरी का भुगतान कुछ और है और मजदूरों को कुछ और मिलती है। ठेकेदार द्वारा दिवाली में मजदूरों में को बोनस भी नहीं दिया जाता। इतना ही नहीं ठेकेदार ने जिस खाते में मजदूरी का भुगतान किया है वह खाता मजदूर का नहीं है तो आखिर पैसा कहां गया? ठेकेदार द्वारा किए गए फर्जीवाड़े की शिकायत श्रम विभाग कोरबा से की है जिसकी जांच के आदेश सहायक श्रम आयुक्त द्वारा दिए गए हैं।

## बुजुर्गों ने मनाया दीपावली मिलन

कोरबा, 25 नवंबर (देशबन्धु)। वार्ड 35 स्थित अनुभव भवन में सेवानिवृत्त मैत्री संघ के बुजुर्गों हेतु दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुजुर्गों को पूर्व महापौर लखन देवांगन एवं नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने 100 थालियां उपहार स्वरूप भेंट की। कार्यक्रम के दौरान लखन लाल देवांगन, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, बालको भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवबालक सिंह तोमर, पार्षद नर्मदा लहरे, मैत्री संघ के अध्यक्ष केएन सेठ मंचस्थ रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन मैत्री संघ के सचिव पीएल सोनी के द्वारा किया गया।

## 315 लीटर डीजल के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**दीपका पुलिस की कार्रवाई**




कोरबा, 25 नवंबर (देशबन्धु)। दीपका थाना अंतर्गत पुलिस ने डीजल चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 315 लीटर डीजल जिसकी कुल कीमत 31 हजार 500 रुपए को जप्त किया गया है। परिवहन में उपयोग किए गए बोलेरो वाहन को भी जप्त किया गया है।

जानकारी के अनुसार एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट के सुरक्षा उप निरीक्षक नंदलाल राय पिता सहदेव राय 58 वर्ष निवासी एमक्यू 30 उर्जानगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एसईसीएल गेवरा खदान के बी-2 कोल स्टाक में लगे पीसी मशीन से लगभग 350 लीटर डीजल चोरी कर बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12बीडी 7191 के चालक द्वारा चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर थाना दीपका में अपराध क्रमांक 400/2023 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। एसपी जितेन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन में बोलेरो क्रमांक सीजी 12बीडी 7191 को तलाश करते हुए आरोपी वाहन स्वामी अरविंद के सकुनत ग्राम कोरई थाना बाकीमोंगरा पहुंचे तब वाहन स्वामी पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करते हुए अपने एक अन्य साथी आरोपी नाजीर खान उर्फ टोबो के साथ मिलकर डीजल चोरी करना स्वीकर करने पर आरोपी के पेश करने पर घटना में प्रयुक्त बोलेरो क्रमांक सीजी 12बीडी- 7191 एवं 4 जरीकेन में लगभग 140 लीटर डीजल एवं डीजल निकालने का पाईप जप्त किया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर उसके उसके साथी आरोपी नाजीन खान उर्फ टोबो को ग्राम नोनबिर्रा जाकर आरोपी के मेमोरण्डम कथन के मुताबिक 5 जरीकेन में लगभग 175 लीटर डीजल जप्त किया गया है।

जुमला 315 लीटर डीजल कीमती लगभग 31500 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त बोलेरो क्रमांक सीजी 12बीडी- 7191 आरोपियों से जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध धारा सदर का अपराध सबूत पाये जाने से आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने जिला न्यायाधीश ने ली बैठक

**कोरबा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। 16 दिसंबर को होने वाले नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरण दांडिक, सिविल, कुटुम्ब न्यायालय, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों के राजीनामा योग्य प्रकरणों को शामिल करते हुये नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा डीएल कटकवार द्वारा आयोजित बैठक में खगेश साहू, यूनाइटेड इंडिया इंश्यू. कंपनी, प्रताप केरकेट्टा, न्यू इंडिया इंश्यो. कंपनी,



श्रीमती शारदा नामदेव, आर.एन. राठौर, सी.बी. राठौर, एस.के. मोदी, श्रीमती अंजू मिस्त्री, धनेश कुमार सिंह, श्रीमती सुमन तिवारी, अरूण बजाज, पी.एस. राजपूत, राज कुमार यादव, सुनील यादव, हरि शंकर श्रीवास, सुबहान अहमद सिद्दकी, संजय जायसवाल, कुतेंद्र प्रसाद कंवर एवं श्रीमती कृष्णा सूर्यवंशी अन्य पदाधिकारी व अधिवक्ता उपस्थित हुये।

नेशनल लोक अदालत के बैंक, विद्युत, दूरसंचार, नगर पालिक निगम के प्रीलिटिगेशन के प्रकरण हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा में हेल्प डेस्क का निर्माण किया गया है। 5 दिसंबर तक समस्त प्रकार के प्री-लिटिगेशन के प्रकरण लिया जावेगा। 28 नवंबर को नेशनल लोक अदालत में रखे गए प्री-लिटिगेशन, बैंक रिकवरी के संबंध में जिले के बैंक, दूरसंचार विभाग, नगर निगम एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं की बैठक लिया जावेगा।

## शिखर पर पहुंचना है तो आकांक्षा बड़ी रखिए-प्राचार्य

कोरबा, 25 नवंबर (देशबन्धु)। अगर आपको कामयाबी के शिखर पर पहुंचना है तो अपनी आकांक्षा बड़ी रखिए। व्यक्ति का रंग-रूप नहीं, बल्कि उसकी सोच मायने रखती है। अगर बड़ा लक्ष्य लेकर चलें, उसमें समाज और देश को आगे ले जाने की भावना शामिल करें तो आपको कभी निराश नहीं होना पड़ेगा।

उक्त बातें कमला नेहरू महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने कही। कॉलेज में वेदस इंस्टिट्यूट की ओर से करियर मार्गदर्शन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वेदस इंस्टिट्यूट की ओर से विषय विशेषज्ञों आरिफ खान और कोमल व्यास शर्मा ने छात्र छात्राओं को अनेक अहम बातें रखते हुए उज्वल भविष्य की राह पर बढने की विधियां बताई। श्री खान



ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के कठिन और चुनौतीपूर्ण जीवन के कुछ अंश भी साझा किए। उन्होंने बताया कि डोभाल ने दुश्मन देश में कई साल वेश बदलकर निवास किया। पर देश की सुरक्षा का जिम्मा ही था, जो वे अपने हर मिशन में कामयाब हुए। कार्यशाला में अर्थशास्त्र के सहायक प्राध्यापक वायके तिवारी, फॉरेस्ट्री के विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील तिवारी, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के सहायक प्राध्यापक मनीष पटेल व रामकुमार श्रीवास सहित अन्य उपस्थित रहे।

## करियर गाइडेंस व प्लेसमेंट सेल की कार्यशाला



**कोरबा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं के लिए कैरियर गाइडेंस पर विशेष परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वेदास इंस्टीट्यूट, भिलाई के डायरेक्टर्स आरिफ खान एवं श्रीमती कोमल व्यास शर्मा ने देश के विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में छात्राओं को कैरियर बनाने का परामर्श दिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि डॉक्टर, इंजीनियर के अलावा और भी बहुत से क्षेत्र हैं जिसे छात्राएं अपने करियर के रूप में चुनकर अपनी सेवाएं दे सकती हैं और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकती हैं। महाविद्यालय के कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल की सदस्य डॉ.डेज़ी कुजूर ने कैरियर गाइडेंस पर आयोजित विशेष परामर्श कार्यक्रम के संबंध में कहा कि कैरियर काउंसलिंग छात्राओं को उनकी योग्यताओं और ज्ञान के आधार पर उचित कैरियर विकल्प को चुनने और अपनी योग्यता और रुचि के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को पहचानने और उसकी तैयारी करने के उद्देश्य से यह विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की छात्रा श्रद्धा जांगड़े और आरती साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रोशनी उपाध्याय, गीतान्या महंत, रिया पटेल, काजल कश्यप, साक्षी पांडे, खालिदा, तरन्नुम, रेशमा, कृतिका, तुलसी, गरिमा, मंजुला, नीतू चौहान, कंचन, निलेश्वरी का सक्रिय योगदान रहा।

## अवैध रेत भरे ट्रैक्टर को हाथी ने सुंड से जंगल में धकेला

**कोरबा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। कटघोरा वनमंडल के केंदई वन परिक्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन जारी है। जंगल से रेत उत्खनन कर जा रहे ट्रैक्टर को एक हाथी ने घेर लिया। हाथी को देखकर चालक डर के कारण ट्रैक्टर को छोडक़र फरार हो गया। रेत भरे ट्रैक्टर को हाथी ने सुंड से धक्का देकर जंगल में धकेल दिया।

हाथी का ट्रैक्टर को धकेलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हाथी ने रेत से भरे ट्रैक्टर में तोडफ़ोड़ भी की, साथ ही इसे कभी आगे कभी पीछे करता रहा। वहां मौजूद लोगों ने इस घटना को अपने मोबाइल में कैद कर लिया।इस घटना ने जहां वन परिक्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही रेत तस्करी की पोल खोल दी, वहीं इलाके में हडक़ंप मच गया। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई जिसके बाद वनकर्मी मौके पर पहुंचे और हाथी को जंगल में खदेडऩे की कोशिश की। काफी देर के बाद हाथी जंगल की ओर चला गया। कटघोरा वनमंडल में 60 हाथियों का दल उत्पात रहा है। केंदई रेंज के ग्राम मिसिया नर्सरी के पास हाथियों का झुंड अभी भी विचरण कर रहा है। वन विभाग ने हाथी प्रभावित क्षेत्र में मुनादी कराकर ग्रामीणों को जंगल में जाने से मना किया है।



### हाथी लगातार मचा रहे उत्पात

जिले के वनांचल क्षेत्रों में हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है, जिसके कारण ग्रामीणों के साथ ही वन विभाग को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धान की फसल पकने के कारण हाथी लगातार खेतों का रुख कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।

### वन विभाग की भी बढ़ी परेशानियां

एक दिन पहले हाथी ग्राम झिनपुरी भदरा होते हुए एक बार फिर से कोरबी पहुंच गए हैं। हाथियों को नदी पार करते हुए देखा गया था। केंदई रेंज में हाथियों की वापसी के कारण ग्रामीणों के साथ ही वन विभाग की भी परेशानियां बढ़ गई हैं। हाथियों के झुंड ने फसलों और मकान को भी बर्बाद कर दिया है। झुंड में बेबी एलीफेंट भी शामिल हैं। इधर हाथियों की दहशत से ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं।

# वर्ष के अंत तक सभी पेडिंग कार्य पूर्ण करें-एसपी

कोरबा, 25 नवंबर (देशबन्धु)। जिले की पुलिसिंग व्यवस्था में कसावट लाने और लंबित प्रकरणों की जानकारी के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी ने सभी थाना-चौकी व राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान एसपी ने आचार संहिता और वर्षांत होने के कारण सभी पेंडिंग कार्यों को पूर्ण करने के आदेश दिए।

समीक्षा बैठक में एसपी ने कहा कि जिले में कानून का भय दिखना चाहिए। गुंडे एवं बदमाश प्रकृति के लोगों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। वहीं अमन पसंद जनता के साथ मित्रवत व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रभारियों से कहा कि आचार



संहिता प्रभावशील है, लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जारी रखें। मीटिंग में एजेंडा अनुरूप थानों के लंबित अपराध, शिकायत, मर्ग, लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों का विश्लेषण कर अधिकारियों को वर्षांत के मद्देनजर थानों के लंबित अपराध, शिकायतों का अधिक से अधिक निराकरण करने का लक्ष्य दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना-चौकी को आदेश किया गया कि नशा, अवैध शराब, गांजा के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अपने-अपने थाना-चौकी परिसर की साफ-सफाई और रखरखाव का ध्यान दिया जाए, थाने-चौकी के रजिस्टर डायरियों का रखरखाव किया जाए, पेट्रोलिंग और रात्रि गश्त को कड़ाई से पालन किया जाए।

### जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर

महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों में त्वरित एवं कड़ी से कड़ी कार्यवाही कर जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर देने की समझाइश दी गई। वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त शिकायतों की जांच कर तत्काल रिपोर्ट भेजने कहा। थाना प्रभारियों को थाने मे प्राप्त शिकायतों तथा साइबर टीप लाइन प्रकरणो एवं ऑनलाइन ठगी प्रकरणों मे समयावधि पर कार्यवाही का निर्देश दिया गया। क्राईम की समीक्षा बैठक में समस्त राजपत्रित (पुलिस) अधिकारीगण, थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

**बलरामपुर** 25 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रकाश त्रिपाठी लाइवलीहूड कॉलेज भेलवाडीह स्थित स्ट्रांग रूम पहुंचकर आगामी 03 दिसंबर को होने वाली मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों तथा सुरक्षा व्यवस्था आदि का अवलोकन किया तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री त्रिपाठी ने विधानसभावार बनाए जा रहे मतगणना कक्षों का अवलोकन करते हुए डाक मतपत्रों की गणना के लिए की जा रही तैयारियों, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था आदि का जायजा लिया। उन्होंने गणना सुपरवाइजर, गणना सहायक और माइक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण, मतगणना टेबल, मतगणना कार्य में संलग्न अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी ली। साथ ही मतगणना स्थल परिसर में निर्वाचन अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों के ठहरने तथा स्ट्रांग रूम की मॉनिटरिंग संबंधित समस्त व्यवस्थाओं के बारे में जाना। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव द्वारा मतगणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतगणना हेतु की जा रही व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

इस दौरान सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन-2023 की मतगणना 03 दिसम्बर 2023 को सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती के साथ शुरू होगी तथा सुबह 8:30 बजे से ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। उन्होंने मतगणना के दिन विद्युत की सतत् आपूर्ति हो और किसी भी वजह से मतगणना कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए मतगणना स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### निलंबित प्राचार्य को किया गया बहाल

**अम्बिकापुर** 25 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदान केंद्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के कार्यों की कमी के कारण निलंबित किए गए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर पालिक निगम अंबिकापुर के प्राचार्य श्री विनोद सिंह को बहाल कर दिया गया है। साथ ही श्री सिंह की निलंबन अवधि शेष सभी प्रयोजनों के लिए सेवा अवधि मान्य की गई है।

### चार दिसम्बर तक जिले में मनाया जाएगा पुरूष नसबंदी पखवाड़ा




**कोरिया** 25 नवंबर (देशबन्धु)। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं की दिशा निर्देशानुसार जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस.सेंगर के मार्गदर्शन में 21 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा जिसके अंतर्गत पखवाड़ा दो भागों में आयोजित होगा प्रथम चरण में 21 से 27 नवम्बर तक संपर्क पखवाड़ा एवं 28 से 04 दिसम्बर तक सेवा प्रदाता पखवाड़ा का आयोजन होगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरूषों की सहभागिता बढ़ाने के लिए पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन माह नवम्बर में किया जा रहा है। इसके तहत प्रारंभिक गतिविधियां शुरू की गई है। इस वर्ष की थीम ''स्वस्थ्य मां स्वस्थ बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा'' थीम पर मनाया जाएगा। इस अभियान में जिले के समस्त विकासखण्ड में मोर मितान संगवारी चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पुरूषों को परिवार नियोजन के स्थाई साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ऐसे नागरिक जो नसबंदी के पश्चात सफलतापूर्वक पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन निर्वाह कर रहे है उन्हें समाज के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत मानते हुए विभाग की ओर से मोर मितान मोर संगवारी सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस.सेंगर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिंस जायसवाल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर सारथी रथ को रवाना किया गया। इस दौरान राकेश सिंह जिला प्रबंधक-प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन, भूपेन्द्र पाटनवार जिला डाटा प्रबंधक, शिशिर जायसवाल, रंजीत कुमार, बैकुण्ठपुर एवं सोनहत विकासखंड के विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं बी.ई.ई. एवं अन्य स्टाफ मौजूद थे।

# अनुशासित ढंग से मतगणना कराने माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण



**अम्बिकापुर** 25 नवंबर (देशबन्धु)। अम्बिकापुर: कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में विधान सभा निर्वाचन 2023 के तहत मतगणना का कार्य कुशलता पूर्वक संपन्न कराने समस्त माइक्रो आब्जर्वर के लिए मतगणना प्रशिक्षण शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन ने मतगणना से संबंधित प्रशिक्षण में उपस्थित माइक्रो आब्जर्वर को संबोधित करते हुए अपने दायित्वों का पारदर्शी और अनुशासित ढंग से निर्वहन करते हुए समन्वय स्थापित कर मतगणना कार्य संपन्न कराएं। साथ ही उन्होंने मतगणना में लगे अधिकारी कर्मचारी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मतगणना कार्य में किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर तत्काल मुख्य ओब्जर्वर या जिला निर्वाचन को रिपोर्ट कर सूचित करें।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक ने माइक्रो आब्जर्वर से संबंधित मुख्य दायित्वों के बारे में जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री एन के कंवर एवं अम्बिकापुर नगर पालिका निगमायुक्त श्री अभिषेक कुमार ने प्रशिक्षण से संबंधित बारिकियों को समझाया। सभी उपस्थित माइक्रो आब्जर्वर को मास्टर ट्रेनर्स डॉ राजकमल मिश्रा एवं डॉक्टर एस एन पांडेय के द्वारा प्रशिक्षित किया गया। माइक्रो आब्जर्वर प्रशिक्षण में जिला पंचायत के ए पी ओ डॉ सी के मिश्रा एवं श्री संजय सिंह तथा श्री गिरीश गुप्ता उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



**अम्बिकापुर** 25 नवंबर (देशबन्धु)। अम्बिकापुर: विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 03 दिसंबर को होने वाली मतगणना कार्य को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शनिवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार की उपस्थिति में कलेक्टोरेट एनआईसी में प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री सुनील नायक, जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कंवर एवं अम्बिकापुर नगर पालिका निगमायुक्त श्री अभिषेक मौजूद थे। जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में मतगणना के लिए 60 माइक्रो ओब्जर्वर, 60 गणना सहायक और 60 गणना सुपरवाइजर का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। मतों की गणना के लिए 14-14 टेबल प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्धारित किए गए हैं।

वहीं प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार ने पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अम्बिकापुर मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार ने मीडिया सेंटर, पार्किंग, ड्यूटी स्टाफ की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# अमृतधारा जलप्रपात के पास मिला नर्सिंग की छात्रा का कंकाल

**मनेंद्रगढ़,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में लापता नर्सिंग छात्रा की लाश मिलने से हड़कंप मच गया है। अमृतधारा जलप्रपात से लगे जंगल में युवती के कंकाल का सिर और धड़ अलग-अलग जगह पर मिले हैं। पुलिस ने मृत युवती की पहचान केल्हारी थाना क्षेत्र से लापता नर्सिंग छात्रा के रूप में की गई है। घटनास्थल के पास मिले कपड़े और जूते से परिजनों ने उसकी पहचान की है। पुलिस ने प्रथम दृष्टया हत्या का मामला मानते हुए मृतिका के संदेही प्रेमी को हिरासत में ले लिया है।

जंगल से लापता छात्रा का कंकाल मिलने का ये मामला पोड़ी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को पोड़ी थाना अंतर्गत नागपुर चौकी पुलिस को अमृतधारा जलप्रपात से लगे जंगल में एक नर कंकाल मिलने की सूचना ग्रामीणों के माध्यम से मिली थी। सूचना पर नागपुर चौकी प्रभारी दिनेश चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर जांच के लिए पहुंचे थे। घटनास्थल से युवती के कपड़े और जूते भी पुलिस ने बरामद किये। नर कंकाल लड़की का होने की पुष्टि होने के बाद पुलिस द्वारा उच्च अधिकारियों को इस घटना की जानकारी दी गयी।


मृतिका

■ मचा हड़कंप, बॉयफ्रेंड हिरासत में

लड़की के कंकाल मिलने की जानकारी के बाद केल्हारी थाना प्रभारी सुनील तिवारी गुम नर्सिंग की पढ़ाई कर रही लापता छात्रा सुस्मिता खलखो के पिता जेरोम खलखो और परिजनों को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की जानकारी के बाद पोड़ी थाना प्रभारी के साथ ही अंबिकापुर से फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी मौके पर पहुंची। घटनास्थल से मिले लड़की के कपड़े और जूता के साथ ही अन्य सामानों के जरिये लापता छात्रा के परिजनों ने कंकाल की पहचान अपनी लापता बेटी सुस्मिता खलखों के रूप में किया है।

घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के बाद कंकाल को जांच के लिए पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही युवती की मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि मृतिका सुस्मिता खलखो अंबिकापुर नर्सिंग कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। छात्रा से केल्हारी निवासी रोहित बैक नामक युवक प्रेम करता था। इसके बाद एक महीने पहले नर्सिंग छात्रा अचानक रहस्यमय ढंग से लापता हो गयी थी।

जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट केल्हारी थाना में दर्ज कराया गया था। पुलिस लापता सुस्मिता की पतासाजी कर रही थी, इसी बीच उसका नर कंकाल दो हिस्सों में मिलने की जानकारी अब सामने आयी है। पुलिस प्रथम दृष्टया इस घटना को हत्या से जोड़कर देख रही है। पुलिस ने संदेही प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस इस हत्याकांड की वजह एक तरफा प्रेम या फिर त्रिकोणीय प्रेम होने की आशंका जता रही है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर वारदात से जुड़े हर एक कड़ियों को पिरोकर हत्यारे तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

## सहकारी बैंक का लेखपाल निलंबित

**रायपुर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के लेखपाल रोहित कुमार वर्मा को दुर्ग कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने सस्पेंड कर दिया है। कलेक्टर ने ये कार्यवाही रोहित द्वारा भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार करने को लेकर की गई है। लेखापाल वर्मा ने व्हाट्सएप ग्रुप में भाजपा के चुनाव प्रचार वाले स्लोगन शेयर किए थे, जिसकी शिकायत कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जिला निर्वाचन अधिकारी से की थी। जांच के बाद इस मामलें में यह कार्रवाई की गई है।

जांच में शासकीय कर्मचारी सेवा के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं शासकीय सेवक अधिनियम के उल्लंघन को लेकर यह कार्रवाई की गई है।

### सीएम बघेल पहुंचे अपने गांव कुरुदडीह

# परिवार के साथ परंपरानुसार बढ़ौना रस्म का किया निर्वहन



**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। सीएम भूपेश बघेल परिवार के साथ पतन के अपने गांव कुरुदडीह पहुंचे जहां उन्होंने खेतों में फसलों की लुआई पूरी हो जाने के बाद लुआई को अंतिम रूप देते हुए परंपरानुसार बढ़ौना रस्म का निर्वहन किया। उन्होंने धान फसल की कटाई की और छत्तीसगढ़ी परंपरा बढ़ौना परम्परा को निभाया, इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी मुक्तश्वरी बघेल, बेटे चेतन बघेल समेत परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के वोटिंग के बाद फिर से छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सरकार बनने का दावा भी किया। इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया के जरिये कहा कि आज अपने खेत के ब्यारा में धान की गुणवत्ता देखी। इस बार धान की अच्छी पैदावार हुई है। महतारी की कृपा सब पर बनी रहे।

## खेत में लगे अदरक की खुदाई कर चोरी कर ले गये थे तीन शातिर, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। लैलूंगा पुलिस ने खेत में लगे फसल की खुदाई कर अदरक चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है, वहीं आरोपियों से पुलिस चोरी कियाआधा चिंटल अदरक बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार, लैलूंगा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम भेडीमुडा में रहने वाले मुन्नु लाल निषाद द्वारा उसके खेत में लगे करीब 1 चिंटल अदरक की चोरी होने के संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इस साल उसने अपने महुआ छिनाखेत में अदरक की खेती किया है।

बीते 23 नवंबर को खेत में दवाई छिड़काव करने गया तो देखा खेत से करीब 1 चिंटल से अधिक का अदरक को कोई चोरी कर ले गया है। तब गांव के सरपंच, ग्राम पटेल और अन्य ग्रामीणों को खेत से अदरक की चोरी की जानकारी देकर अपने स्तर पर पता किया। जिसमें पता चला कि गांव के तीन लड़के- प्रभु राठिया, गोपी साहू और रूप कुमार सिदार खेत से अदरक की चोरी किये हैं।



जिस पर थाना लैलूंगा प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज अपने स्टाफ के साथ ग्राम भेडीमुडा जाकर आरोपियों की पतासाजी कर तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया। जिनसे अदरक चोरी के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार कर तीनों चोरी के अदरक को आपस में बांट लेना बताए।

आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस ने करीब 50 किलो अदरक बरामद कर जब्त किया है। चोरी के अपराध में लैलूंगा पुलिस द्वारा तीनों आरोपी प्रभु राठिया पिता मुनू राम राठिया उम्र 26 वर्ष, गोपी साहू पिता घुराऊ राम साहू उम्र 30 वर्ष और रूप कुमार सिदार पिता मनराज सिदार उम्र 25 वर्ष साल सभी निवासी भेडीमुडा थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा गांववालों को आपस में मिलजुल कर रहने और चोरी, झगड़े विवाद से दूर रहने की समझाइश दिया गया है।

# मृत्यु के कारणों के विश्लेषण में मिले महत्वपूर्ण तथ्य- डा निराला

**सारंगढ़** 25 नवंबर (देशबन्धु)। सारंगढ़ - बिलाईगढ़ में गत माह अक्टूबर 2023 को हुए मृत्यु का विश्लेषण करने पर कई महत्वपूर्ण तथ्य मिलते है अक्टूबर में जिले के तीनों ब्लॉक में कुल 440 मौत हुई है ब्लॉक बरमकेला में 126 ,ब्लॉक बिलाईगढ़ में 150 एवम ब्लॉक सारंगढ़ में 164 मृत्यु हुई है।

उम्र अनुसार देखी जाय तो एक माह के भीतर 16 नवजात शिशुओं की मृत्यु दर्ज की गई है जिसमे ब्लॉक बरमकेला से 8 ,बिलाईगढ़ से 1 एवम ब्लॉक सारंगढ़ से 7 बच्चो की मृत्यु दर्ज की गई है नवजात शिशुओं की मृत्यु को कम करने की अनेकों प्रयास किए जा रहे है जिसमे शस्थागत प्रसव सुरक्षित प्रसव ,इसके बढ़ावा के लिए जननी सुरक्षा योजना से हितग्राहियों को मोटिवेट करना ,गर्भावस्था में कम से कम 4 बार जांच कराना ,अनेकों जांच करना ,खतरे वाली गर्भवती की पहचान करना एवम उनका निदान करना ,गर्भकाल में बच्चे की विकास जानने के लिए जांच ,गर्भवती की टीकाकरण उनके पोषण पर ध्यान ,, रेफरल सिस्टम आदि के बावजूद भी नवजात बच्चो की मौटे हो रहे है पहले से नवजात बच्चो की मौत की दरें कम हुई है लेकिन यह और अत्यधित ध्यान दिए जाने की जरूरत है इसके लिए सभी स्वास्थ्य अमले की प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है एक से 5 वर्ष के बीच मात्र 7 मौत हो हुई है वही 5 से 30 वर्ष के बीच कुल 48 मौत दर्ज की गई है जिसमे बरमकेला से 18 ,बिलाईगढ़ से 9 और सारंगढ़ से 21 मौत होने की जानकारी मिली है ,30 से 60 वर्ष के बीच कुल 143 लोगो की मृत्यु हुई है बरमकेला से 36 , बिलाईगढ़ से 65 ,और सारंगढ़ से 42 लोगो की मृत्यु दर्ज की गई है जो कुल मृत्यु की 32 प्रतिशत है जबकि 60 वर्ष के अधिक लोगो की श्रेणी में सर्वाधिक 220 लोगो की रिकॉर्ड की गई जो कुल मृत्यु की 50 है जिसमे ब्लॉक बरमकेला से 63 ,बिलाईगढ़व्से 72 और सारंगढ़ से 85 लोगो की मृत्यु है यदि 30 वर्ष के उपर की कुल मृत्यु को देखे तो 83 प्रतिशत मौत हो रही इनकी मौत को कम करने के लिए शासन की अनेकों कार्यक्रम है । यदि हम मौत की विश्लेषण में बीमारी वाइस देखे तो सर्वाधिक मौत 440 में 206 मौतें असंक्रामक बीमारियों से हो रही है हमे इस बात पर फोकस करना होगा की 30 के उपर के लोगो की मृत्यु होती है जिसमे मुख्य रूप से उच्चारक्त चाप एवम इनके कॉम्प्लिकेशन ,मधुमेह एवम इनके कॉम्प्लिकेशन ,एवम कैंसर की बीमारी है मुख्य रूप से इन्ही कारणों से 30 प्लस की मृत्यु होती है कुल मृत्यु माह अक्टूबर 23 में 440 हुई है इसमें से 206 लोगो की मृत्यु केवल उच्च रक्त चाप ,शुगर और कैंसर से हुई है जो कुल मृत्यु का 47 त्न है ये असंक्रामक श्रेणी के बीमारी है वही दूसरी तरफ संक्रामक रोगों से मृत्यु की संख्या नगण्य है अर्थात आज समुदाय में होने वाले अधिकतम मौत असंक्रामक श्रेणी के है जिनको हम कम कर सकते है क्योंकि ये फैलते नही है जिनको होता है उन्ही में रहता है यही कारण है की इन्हे बचाया जा सकता है लेकिन एक ही बात जरूरी है 30 वर्ष के उपर के सभी लोगो की जांच इन बीमारियों के कोई लक्षण हो तो उनका पहचान जरूरी है इसके लिए शासन से बहुत ही महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित है मितानिन के माध्यम से हम 30 वर्ष के उपर के लोगो की एक जांच करते है जिसमे हाई रिस्क कैटेगरी की पहचान पहले ही की जा सकती है जिसे समुदाय आधारित मूल्यांकन प्रपत्र के नाम से जानते है इस प्रपत्र में परिवार के सभी सदस्य जिनकी उम्र 30 वर्ष से उपर है उनका भरा जाना है इस प्रपत्र में समुदाय से जानने के लिए कुल 6 प्रश्न है जैसे उम्र कितनी है? ,क्या आप शराब पीते है ? , क्या आप तंबाखू का सेवन करते है ? कमर की नाप कितनी है ,रोज कितना चलते है ? , और अंत में ये भी पता करते है की आप बीपी या शुगर की दवाई खा रहे है क्या ? इसमें ये भी पूछा जाता है की आपके परिवार में मां ,पिता जी ,भाई बहन किसी की मृत्यु इन बीमारी से हुई तो नही है ? इन प्रश्नों में अंक दिए गए है यदि इन अंको की जोड़ 4 से ज्यादा होती है तह यह हाई रिस्क की श्रेणी में आता है और इन्ही व्यक्ति को बीपी ,शुगर के लिए वर्ष में एक बार ,एवम कैंसर के लिए 5 वर्ष में एक बार जांच जरूरी है इन हाई रिस्क ग्रुप के व्यक्तियों को उनके स्वस्थ जीवन शैली के बारे में बताया जाता है यदि व्यक्ति स्वस्थ जीवन शैली को अपना ले और नियमित जांच कराए बीमार होने की स्थिति में नियमित दवाई लेते रहे तो 30 वर्ष के उपर में उच्च रक्त चाप ,शुगर एवम कैंसर से होने वाले नुकसान या मौत को कम कर सकते है आज सर्वाधिक मौत स्ट्रोक ,पक्षाघात ,हार्ट अटैक , से होती है शासन इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी कर रखी है आज सभी स्वास्थ्य केंद्र वेलनेस सेंटर के रूप में वीक शीत किए गए है जहा सीबैक फॉर्म भरना सबकी बीपी शुगर जांच करना साथ में स्तन कैंसर ,मुंह के कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की प्राथमिक लक्षण को पता लगाना है मितानिन ऐसे व्यक्तियों को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के पास भेजते है जो जांच करती है जरूरत के हिसाब से वे मेडिकल ऑफिसर को सत्यापन के लिए भेजती है बीपी शुगर होने पर उनका पंजीयन किया जाता है और इन्हें नियमित रूप से दवाई की सप्लाई स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दी जाती है यदि हाई रिस्क ग्रुप के व्यक्ति स्वस्थ जीवन शैली अपनाए खान पान में परहेज करे ,नशा वगैरह से दूर रहे ,रोज पैदल चलता रहे ,नमक शक्कर कम से कम सेवन करे एवम दवाइया नियमित ले साथ में जांच करवाता रहे तो ये निश्चित मान के चलिए उच्च रक्त चाप ,मधुमेह से होने वाले नुकसान को बहुत कम किया जा सकता है और इससे होने वाले मौत को भी कम कर सकते है उम्मीद करते है 30 वर्ष के उपर के प्रत्येक व्यक्त स्वयं से पास के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर जाकर अपना जांच जरूर करवाए एवम स्वस्थ जीवन शैली को अपना कर एक सच्चे नागरिक होने का धर्म निभाएंगे।



माह अक्टूबर में हुए मौत में किडनी की बीमारी ,लीवर की बीमारी,मिर्गी की बीमारी ,दमा , एक्सीडेंट से मौत ,जहर खाकर मरना , ,आत्महत्या करना ,पानी में डब कर मरना ,सर्प दंश से मौत ये सभी भी असंक्रामक है यदि इनको भी जोड़ते है तब बहुत ही कम बीमारी जिसमे मुख्यत: टीबी की बीमारी ही बचता है जो संक्रामक श्रेणी में आता है समुदाय में टीबी एवम कुष्ठ दो संक्रामक बीमारी हमारे जिले में देखे जा रहे है लेकिन टीबी की बीमारी में मौत तो होती है लेकिन कुष्ठ की बीमारी में कोई मौतें नही होती लेकिन ये दोनो संक्रामक बीमारी की श्रेणी में है और इनका भी आंकलन समुदाय आधारित प्रपत्र में की जाती है हमारे जिले में कुष्ठ प्रकरण बहुत ज्यादा है इससे मौत नही होती लेकिन विकलांगता जरूर होती है इस कारण अब पंचायत स्तर पर प्रत्येक पंचायत को टीबी मुक्त,तंबाखू मुक्त एवम कुष्ठ मुक्त करने की कार्यवाही प्रगति पर है समुदाय में किसी भी व्यक्ति को टीबी के लक्षण या कुष्ठ के लक्षण दिखते है तो तुरंत ही अपने मितानिन या स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते है ऑनलाइन कॉल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ में ऑनलाइन कॉल करके इ संजीवनी या टेलीकेंसल् टेंशन के माध्यम से भी सेवा प्राप्त कर सकते है इसके लिए आपको अपने पास के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क करना होगा हमारे जिले में सर्प दंश से 3 मौतें एवम कुत्ता काटने से 2 मौत की जानकारी मिली है ।

## सार-संक्षेप

### राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए बच्चों का चयन



**मनेन्द्रगढ़** 25 नवंबर (देशबन्धु)। नगर के विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल के सीनियर ग्रुप के प्रोजेक्ट का चयन राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए हुआ। 31वॉ राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी जिला एम0सी0बी0 अजय मिश्रा निर्देशन एवं जिला संयोजक राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस एवं प्राचार्य शासकीय स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गोदरी पारा चिरमिरीडी0के0 उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें जिला एम0सी0बी0 के लगभग 53 विद्यालयों ने हिस्सा लिया। सभी विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने-अपने विषयों के अंतर्गत संबंधित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में मनेन्द्रगढ़ के विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल के दो समूह सीनियर व जूनियर ग्रुप के द्वारा चयनित ''स्वास्थ्य एवं कल्याण हेतु पारिस्थितिक तंत्र को समझना'' मुख्य विषय पर अपना-अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया गया। सीनियर ग्रुप में संस्था की शिक्षिका सुश्री नेहा सिंह के मार्गदर्शन में ग्रुप लीडर छात्रा श्रुति मंगतानी एवं सदस्य छात्रा खुशबू देवांगन के द्वारा ''स्वास्थ्य एवं कल्याण हेतु पारिस्थितिक तंत्र को समझना'' मुख्य विषय के अंतर्गत ''जंक फूड एवं ओबेसीटी'' विषय एवं जूनियर ग्रुप में संस्था के शिक्षक निशान्त मौर्य के मार्गदर्शन में ग्रुप लीडर छात्रा दिशा कोरी व सदस्य छात्रा सिमी सिंह बघेल के द्वारा ''स्वास्थ्य एवं कल्याण हेतु पारिस्थितिक तंत्र को समझना'' मुख्य विषय के अंतर्गत ''जल शुद्धिकरण'' विषय पर अपना-अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया गया। इस प्रतियोगिता में संस्था विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल मनेन्द्रगढ़ के सीनियर ग्रुप के प्रोजेक्ट ''जंक फूड एवं ओबेसीटी'' का चयन राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए हुआ। उल्लेखनीय है कि इन परियोजनाओं को तैयार करने में हर्बल लाईफ वेलनेस कोर्स की संचालिका श्रीमती ममता राणा का विशेष सहयोग रहा।

### संविधान दिवस पर कार्यक्रम आज

**कोरबा,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। कोरबा सतनामी कल्याण समिति द्वारा 26 नवंबर को सुबह 11 बजे संविधान दिवस पर सतनाम प्रांगण टीपी नगर में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जाएगा। समिति के सचिव जीएल बंजारे ने सभी सदस्यों को कार्यक्रम में उपस्थित होने आग्रह किया है।

### सट्टा पट्टी खिलाने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जांजगीर**, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। सट्टा पट्टी खिलाने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से एक मोबाईल, सटटा पट्टी एवं नगदी 1730 रुपया बरामद किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 6 छग जुआ अधिनियम के तहत् कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

अकलतरा पुलिस को सूचना मिला की संजय कुमार साहू द्वारा शास्त्री चौक अकलतरा के पास अवैध रूप से रूपये पैसे का दांव लगाकर अंको में कागज पेन से सट्टा पट्टी लिखकर खेला रहा है। सूचना पर जाकर रेड किया मौके पर आरोपी संजय कुमार साहू द्वारा मौके पर सट्टा पट्टी लिखकर सट्टा खेलाते मिला सट्टा खेलने वाले पुलिस को देखकर भाग गये, आरोपी संजय कुमार साहू साकिन वार्ड नंबर 17 अकलतरा का मिला जिसे मौके पर गवाहों के समक्ष उसके कब्जे से सट्टा पट्टी लिखा कागज, डाट पेन, रेडमी कंपनी का मोबाईल एव नगदी 1730/ रुपया गवाहों के समक्ष बरामद किया गया जाकर आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 6 छग जुआ अधिनियम 2022 के तहत् अपराध पंजीबद्ध किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक टी.एस. पट्टावी, सउनि अरूण सिंह,आरक्षक शशीकांत कश्यप,रामगोपाल बरेठ शेषनारायण साहू , राजेश कश्यप का योगदान रहा।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बलियारी झाड़ू की मांग

**डभरा,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। ब्लॉक डभरा क्षेत्र में इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी कोठार को साफ करने के लिए बलियारी झाड़ू का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में इसका चलन रफ्तार पकड़ रहा है क्योंकि बलियारी झाड़ू से कूड़ा कंकड़ बढ़िया ढंग से साफ होता है। इसकी एक झाड़ू की कीमत मात्र 15 रूपये है।



आपको बता दें कि ग्राम कोटमी के झाड़ू बेचने वाला गरीब मजदूर मिलन दास महंत द्वारा बलिहारी से झाड़ू बनाकर गांव गांव घूम कर बेच रहे हैं। मिलन दास आज बलिहारी पौधों से झाड़ू बेचकर परिवार चला रहा है। हर साल खेती किसानी के समय गावों में घूम घूम कर बलिहारी का झाड़ू बेचते हैं उनके द्वारा बहुत ही कम कीमत में झाड़ू बेचकर लोगों की सेवा कर रहे हैं , आज मिलन दास को क्षेत्र में बलिहारी झाड़ू वाले के नाम से जाने जाते हैं उनकी पहचान बन चुकी है।

# अवैध खनन व परिवहन मामले में हुई कार्रवाई

**3 हाइवा, और 4 ट्रैक्टर अवैध गौण खनिज परिवहन करते हुए जब्त**





**जांजगीर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा आज जांजगीर-चांपा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों का सघन जाँच किया गया। इसी क्रम में अवैध रेत, गिट्टी परिवहन करते पाए जाने पर वाहनो को जप्त कर सुपुर्दगी की कार्रवाई किया गया है। इसके तहत आज तहसील पामगढ़ में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, टी आई पामगढ़ के द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही कर 3 हाइवा, और 4 ट्रैक्टर अवैध गौण खनिज परिवहन करते हुए जब्ती कर थाने में सुपुर्दगी की कार्रवाई किया गया। इसी प्रकार चाँपा अनुविभाग में कुल 15 ट्रेक्टर पर अवैध रूप से खनन और रेत परिवहन में कार्रवाई की गई। जिसमें चाँपा तहसील में 4, सारागांव तहसील में 4 एवं बम्हनीडीह में 7 ट्रेक्टर पर अवैध रूप से खनन और रेत परिवहन में कार्रवाई की गई तथा संबंधित थानों में सुपुर्दगी की कार्रवाई किया गया है। जांजगीर अनुविभाग अंतर्गत अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर 4 ट्रैक्टर जप्त कर थाना नवागढ़ को सुपुर्द किया गया। अकलतरा अनुविभाग अंतर्गत अवैध रेत/गिट्टी परिवहन करते पाए जाने पर 2 ट्रेलर एवं 5 हाइवा जप्त कर थाना अकलतरा की सुपुर्दगी में दिया गया है।

## अवैध देह व्यापार करने वाले दो आरोपी व संचालिका गिरफ्तार



**जांजगीर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। अवैध व्यापार करने वाले दो आरोपी एवं संचालिका व तीन अन्य महिलाओं को शिवरीनारायण पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ धारा 3,4,5, अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 के तहत कार्यवाही की गई है।

मामले पर पुलिस ने बताया कि मुखबीर के जरिए सूचना मिली कि शिवरीनारायण मेला ग्राउंड के पास स्थित मकान द्रौपदी भट्ट जो अपने घर में अवैध रूप से महिलाओं को बुलाकर पिछले कई दिनों से देह व्यापार का संचालन कर अवैध रूप से लाभ कमा रही है, की सूचना पर अनविभागीय अधिकारी पुलिस चाम्पा यदुमणि सिदार के नेतृत्व में टीम गठित कर शिवरीनारायण मुखबिर सूचना अनुसार बताए हुए जगह पर रेड कार्यवाही की गई जहां से ईश्वर साहू पिता छेदुरम साहू उम्र 38 वर्ष टाटा थाना सरसीवा जिला सारंगढ़,चूड़ामणि मानिकपुरी पिता पलटू राम उम्र 25 वर्ष निवासी बरसेली थाना बलौदा बाजार,संचालिका, एवं तीन अन्य महिलाओं के साथ संदिग्ध अवस्था मे पाया गया, उनके कब्जे से अनैतिक धंधे के पैसे तथा आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद हुई साथी घटनास्थल से मोटर साइकिल एवं मोबाइल भी बरामद हुए।

## थल सेना भर्ती के परिपेक्ष्य में रक्षित केंद्र में की जा रही तैयारियां

**जांजगीर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। आगामी दिसंबर माह में प्रस्तावित थल सेना भर्ती के परिपेक्ष्य में रक्षित केंद्र जांजगीर में व्यापक तैयारियां की जा रही है ताकि हजारों की संख्या में कैंडीडेट्स का कम समय मे ट्रायल लिया जा सके , जिला जांजगीर चांपा के अभ्यर्थियों की ट्रायल पूर्व तैयारी हेतु भी समस्त सुविधाएं विकसित की जा रही है इसमें बीम रस्सा 1500 मीटर की दौड़, गोला फेक, हाई जंप और लॉन्ग जंप भी शामिल है इसके अलावा कैंडिडेट के रहने की व्यवस्था भी जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है ताकि कैंडिडेट पूरी लगन से अपना सारा ध्यान सिर्फ शारीरिक दक्षता के उन्नयन में लगा सके और दिसंबर की भर्ती में सफलता प्राप्त कर सके

## युवती की खून से सनी लाश मिलने से सनसनी




**जांजगीर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। बाराद्वार थाना क्षेत्र में एक युवती की खून से सनी लाश मिलने से सनसनी मची है। मौके पर पहुंची बाराद्वार पुलिस जाँच में जुटी है। प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है घटना बाराद्वार थाना क्षेत्र के परसदा गाँव की है।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम परसदा कला निवासी वर्षीय प्रियंका साहू (21) पिता बाबूलाल साहू की खून से सनी लाश घर के अंदर बेडरूम में मिली है। बाराद्वार थाना प्रभारी गगन बाजपई ने बताया कि घटना शनिवार सुबह 10 से 11 बजे के बीच की है मृतिका के गले पर चाकू जैसे धारदार हथियार से चोट के निशान है प्रथम दृष्टया हत्या का मामला लग रहा है। मामले पर बाराद्वार पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए संदेही युवक को हिरासत में लिया है। जानकारी अनुसार आज सुबह 11 बजे के आसपास युवती घर पर अकेले थी। इस दौरान आरोपी युवक द्वारा लड़की पर वार कर भाग निकला था।

## 32 पाव देशी प्लेन शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। 32 पाव देशी प्लेन शराब के साथ आरोपी को सारागाँव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

मामले पुलिस ने बताया कि 24 नवम्बर को सूचना मिली की अफरीद निवासी दीपक कुमार सूर्यवंशी द्वारा देशी प्लेन शराब को अवैध रूप से बिक्री करने के लिए ग्राम चोरिया से ग्राम अफरीद की ओर आ रहा है । सूचना पर रेड कार्यवाही किया मौके पर आरोपी के कब्जे से एक काले रंग के बैग में 32 पाव 180 एमएल वाली सीसी सीलबंद देसी प्लेन शराब 5.760 ली कीमती 2560 रूपये बरामद किया। जाकर आरोपी के विरुद्ध थाना सारागाँव में धारा 34 (2) आब. एक्ट कायम किया गया।

आरोपी दीपक सूर्यवंशी उम्र 24 वर्ष साकिन अफरीद थाना सारागाँव के विरुद्ध अपराध धारा आबकारी एक्ट का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक संजीव बैरागी, आर. मोनू थापा, सुनील रमन, महिला आर. ममता पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

## कोटमीसोनार में जुआ खेलते 7 गिरफ्तार



**जांजगीर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। थाना अकलतरा क्षेत्र के ग्राम कोटमीसोनार में जुआ खेलने वाले 07 आरोपियो को किया गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 (2) के तहतकार्यवाही की गई है।

अकलतरा पुलिस को सूचना मिला कि थाना अकलतरा क्षेत्र के ग्राम कोटमीसोनार में अलग- अलग जगह पर काट पत्ती नामक जुआ खेलने कि सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया जहां आरोपी असीम खान साकिन कोटमीसोनार,शिव कुमार साहू साकिन कोटमीसोनार, लक्ष्मण दास साकिन तागा थाना मुलमुला,गुलाबचंद यादव साकिन कोटमीसोनार, पुनीराम साहू साल साकिन कोटमीसोनार,राजकुमार यादव साल साकिन कटघरी,मकबूल खान साकिन अकलतरा को जुआ खेलते पाया गया, जिसके कब्जे से कुल जुमला नगदी 6,620 रू एवं 52 पत्ती तास, बोरी फट्टी बरामद किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध थाना अकलतरा में जुआ अधिनियम के तहत विधिवत् कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक टी.एस.पट्टावी, सउनि अरूण सिंह,प्र.आर.394 संतोष यादव आरक्षक शशीकांत कश्यप, गुलशन लकड़ा, राघवेन्द्र घृतलहरे, शेषनारायण साहू, राजेन्द्र कहरा,राजेश कश्यप थाना अकलतरा का सराहनीय योगदान रहा।

## जिला रोजगार कार्यालय में 30 को प्लेसमेंट कैप का होगा आयोजन

जांजगीर, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला रोजगार कार्यालय जॉजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान के उद्देश्य से 30 नवम्बर दिन गुरुवार को जिला रोजगार कार्यालय जॉजगीर-चांपा में प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जायेगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में निजी क्षेत्र के नियोजक वेक्टर फाइनेंस प्राईवेट लिमिटेड ब्रॉच रायपुर द्वारा सी.आर.ओ एवं बी.ओ.ई के पदो पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पद हेतु निर्धारित योग्यता 12वी से स्नातक पीजीडीसीए रखी गई है। कंपनी द्वारा वेतनमान 12000 से 14900 रुपये निर्धारित किया गया है चयनित उम्मीद्वारों का कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ के अंतर्गत रहेगा। उक्त प्लसेमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक युवा अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर भाग ले सकते है।

## संगीत व डांस के टैलेंट से श्रोता हुए मंत्रमुग्ध




कोरबा, 25 नवंबर (देशबन्धु)। कोरबा ब्लैडर टाउन कैफेटेरिया पंडित रविशंकर शुक्ला नगर स्थित स्वर्ण कमर्शियल में बाल दिवस पर तथा ब्लैडर कैफे के शुभारंभ अवसर पर 1 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य प्रतियोगिता तथा सिंगिंग प्रतियोगिता की भव्य आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि योग केंद्र की संचालिका श्रीमती अंजू शर्मा, कार्यक्रम की संयोजक कालीकांत झा, श्रीमती सुधा झा, प्रकाश झा समाज की सांस्कृतिक क्षेत्र में विशेषज्ञ अनुभवी श्रीमती नूतन विश्वकर्मा तथा श्रीमती ज्योति शर्मा के द्वारा माँ सरस्वती देवी के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। डांस और गीत प्रतियोगिता में चार वर्ग को (एबीसीडी) वर्ग में विभाजित की गई थी, जिसमें बच्चों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर अतिथियों एवं जज का दिल जीत लिया। विजेताओं को प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। बाकि सभी 30 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरुस्कार दिया गया। इस अवसर पर ब्लैडर स्टोन की संचालिका द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। रीना सिंह, मधु सिंह, कंचन सिंह, रानू नामदेव, रिचा सिंह , सीता सोनी, राजश्री सिंह, राज पांडे, राखी पांडे, राखी तिवारी, कंचन पांडे दीप्ति रठेरिया मीना कुजूर के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं-बच्चे, नागरिक उपस्थित हुए।

## छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कामर्स साथी परियोजना में निभाएगा महत्वपूर्ण भूमिका

**रायपुर,** 25 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि कल दिनांक 23.11.2023 को इंदिरा गाँधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर में साथी परियोजना के क्रियान्वयन के संबंध के एक महत्वपूर्ण बैठक संचालक अनुसंधान सेवाऐं इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे चेंबर अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी की अध्यक्षता में चेंबर प्रतिनिधि मंडल शामिल हुआ। प्रतिनिधि मंडल में चेंबर कार्यकारी अध्यक्ष श्री मनमोहन अग्रवाल, राम मंधान (डूमर तराई व्यापारी संघ अध्यक्ष), मंत्री निलेश मुंधडा एवं इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, नाफेड नईदिल्ली, फीफा साथी टेक्नोप्रेन्योर्स प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास लिमिटेड, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी विभाग रायपुर, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन रायपुर, छत्तीसगढ उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, हैन्डीकाफ्ट बोर्ड तथा सेरीकल्चर विभाग के



विभिन्न पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। पारवानी ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि नाफेड भारत सरकार की केंद्रीय कोऑपरेटिव है जो विगत 50 वर्षों से कृषि एवं कृषकों के हित में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। नाफेड द्वारा देश के कृषको की आय दोगुना करने, आत्म निर्भर भारत को बढ़ावा देने तथा मेक इन इंडिया को बढावा देने के दृष्टिकोण से साथी परियोजना संपूर्ण भारत मे प्रारम्भ की गई है। योजना अंतर्गत संपूर्ण भारत के प्रत्येक जिले मे साथी बाजार स्थापित किये जावेगें। यह सभी साथी बाजार आपस मे एक दूसरे से नेटवर्क के माध्यम से जुड़े रहेगें। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के कृषको एवं उद्यमियो को योजना का लाभ देने के दृष्टिकोण से नाफेड के साथ अनुबंध निष्पादित कर योजना के क्रियान्वयन हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय, रायपुर को लीड एजेंसी तथा छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड, रायपुर को सहयोग एजेंसी बनाया गया है। योजना के सफल संचालन हेतु राज्य स्तर पर कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता मे तथा जिलो मे कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है । बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि योजना के सफल संचालन के लिए राज्य एवं जिला स्तरीय समिति मे छत्तीसगढ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों को शामिल किया जावेगा।

पारवानी ने आगे बताया कि योजना अनुसार राज्य के प्रत्येक जिले में जिला मुख्यालय के उपयुक्त स्थल पर तीन से पांच एकड भूमि पर साथी बाजार स्थापित किये जावेगें। साथी बाजार के संचालन हेतु प्रत्येक जिले मे दस हजार महिलाओ का किसान उत्पादक कंपनी के रूप में गठन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से किया जावेगा।

## ज्ञान भारती स्कूल में बाल आनंद मेला मनाया गया

**जांजगीर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। ज्ञान भारती स्कूल जांजगीर में बाल आनंद मेला बड़े ही धूम -धाम से मनाया गया। स्कूल के संचालक आर, सी, पाण्डेय प्राचार्या सीमा कश्यप,गणेशराम जांगड़े, शाला प्रबंधक देवेंद्र राठौर ,गीतेश राठौर,आर.के. जैन सर जी ,रूपलता सोनी ने सर्वप्रथम मां सरस्वती जी,और पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में बच्चो ने अपने मनपसंद का स्वनिर्मित व्यंजन पानी पूरी, भजिया,समोसा, मोमोस,चाट,जलेबी, आइस्क्रीम,मंचूरियन,कटोरी चाट,जरी चना,चाकलेट इडली, गेम,इत्यादि का स्टॉल लगाया तथा छोटे बच्चे फैंसी ड्रेस में मनमोहक लग रहे थे। साथ ही कक्षा 6 से 12 के बच्चो के द्वारा मतदाता, स्वच्छता,प्राकृतिक सौंदर्य थीम पर पोस्टर बनाया गया। संस्था के संचालक आर . सी .पाण्डेय के द्वारा सभी बच्चो को शुभकामना दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का योगदान रहा।



# देश विदेश

## 20 नागरिक अभी हमास के कब्जे में : थाईलैंड

**तेल अवीव।** थाईलैंड ने शनिवार को कहा कि उसके 20 नागरिक अभी भी हमास के कब्जे में हैं। शुक्रवार को, हमास ने 13 इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया, जिनमें 10 थाईलैंड के नागरिक और एक फिलीपीन नागरिक शामिल थे, जबकि इजरायल ने कतर की मध्यस्थता में हमास और इजरायल के बीच हुए समझौते के तहत 39 फिलिस्तीनियों को रिहा किया। थाईलैंड ने कहा कि वह हमास के कब्जे वाले अपने सभी नागरिकों की रिहाई के लिए काम करेगा। ईरान ने 10 थाईलैंड नागरिकों और एक फिलीपीन नागरिक की रिहाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# फिलिस्तीन के समर्थन में अमेरिका में प्रदर्शन

■ मैनहट्टन की सड़कों पर भी जुलूस निकाला

**वाशिंगटन,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के मैनहट्टन शॉपिंग जिले में फिलीस्तीनी समर्थकों ने विरोध- प्रदर्शन किया। फिलिस्तीनी यूथ मूवनेंट ने एक्स पर कहा, स्थायी युद्धविराम और घेराबंदी को समाप्त करने की मांग के लिए मैसी के थैंक्सगिविंग डे परेड को बाधित करने के एक दिन बाद प्रदर्शनकारियों ने न्यूयॉर्क के वाणिज्यिक जिले में विरोध-प्रदर्शन किया गया। यह ब्लैक फ्राइडे नहीं है, यह फिलिस्तीन के लिए पीपुल्स डे है। संगठन ने एक केंद्रीय डिपार्टमेंटल स्टोर के पास विरोध- प्रदर्शन का एक वीडियो भी पोस्ट किया है। प्रदर्शनकारियों ने मैनहट्टन की सड़कों



पर भी जुलूस भी निकाला। उल्लेखनीय है कि इज़रायल और फिलिस्तीनी समूह हमास के बीच सात अक्टूबर से संघर्ष शुरू हुयी थी और दोनों पक्षों ने शुक्रवार की सुबह कुछ कैदियों और बंधकों की अदला-बदली के लिए चार दिवसीय संघर्ष विराम शुरू किया।

## इजरायल में हवाई हमले के सायरन बजे : आईडीएफ

**यरूशलम।** इजरायल रक्षा बलों ने कहा कि इजरायल के उत्तरी क्षेत्र में लोगों को हवाई हमले के सायरन सुनायी दिए। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, उत्तरी इजरायल में सायरन बज उठा। इजरायली सेना ने बताया कि देश के उत्तर में एक 'संदिग्ध हवाई लक्ष्य' की ओर एक इंटरसेप्टर लॉन्च किया गया था। आईडीएफ ने कहा कि उसने लेबनान से इजरायली सेना के ड्रोन की ओर लॉन्च की गई एक मिसाइल को मार गिराया है। उल्लेखनीय है कि इजरायल और फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के बीच संघर्ष सात अक्टूबर को शुरू हुई।

## इजरायल ने लेबनान की मिसाइल को मार गिराया

**यरुशलम।** इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने लेबनान से इजरायल को लक्ष्य कर दागे गये मिसाइल को मार गिराने का दावा किया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, आईडीएफ ने एक सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल को मार गिराया, जो लेबनान से इजरायल की ओर दागी गयी थी। यूएवी क्षतिग्रस्त नहीं हुआ और अपने मिशन पर जारी रहा। मिसाइल इजरायली क्षेत्र में नहीं घुसी और प्रोटोकॉल के अनुसार कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। बयान में कहा गया कि आईडीएफ ने जवाब में लेबनानी आंदोलन हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे पर हमला किया है।

# कराची के शॉपिंग मॉल में लगी आग, नौ लोगों की मौत

**कराची,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में कराची के राशिद मिन्हास रोड पर स्थित आरजे मॉल में शनिवार को आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति जख्मी हो गया। अस्पताल प्रबंधन और पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी सुम्मैया सैयद ने स्थानीय मीडिया को बताया कि नौ शव अस्पतालों में लाए गए हैं, जिनमें से आठ जिन्ना पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सेंटर में और एक सिविल अस्पताल कराची में लाया गया। उन्होंने कहा कि एक 18 वर्षीय युवती को वर्तमान में सीएचके में भर्ती कराया गया था। मुख्यमंत्री आवास को सौंपी गई एक रिपोर्ट में जिला पूर्वी उपायुक्त अल्ताफ शेख ने कहा, मॉल में लगी भीषण आग मे 22 लोगों को बचाया गया और उपचार के लिए जेपीएमसी भेज दिया गया, जिनमें से एक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं डॉन न्यूज के मुताबिक



श्री शेख ने कहा कि इमारत की चौथी मंजिल तक सफाई का काम पूरा कर लिया है, जबकि पांचवीं और छठी मंजिल को खाली कराने का काम चल रहा है। शारिया फैसल पुलिस थाने के प्रभारी (एसएचओ) राजा तारिक महमूद ने मीडिया को बताया कि इमारत एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान है, जिसमें शॉपिंग सेंटर, कॉल सेंटर और सॉफ्टवेयर हाउस था। दमककर्मी एवं राहत विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें सुबह 6:30 बजे शॉपिंग मॉल में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकर्मी सहित आठ गाड़ियों, दो स्नोर्कल और दो बाउजर को घटना स्थल पर भेजा गया था। उन्होंने कहा कि दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।

भीषण आग मे 22 लोगों को बचाया गया

## सुडोकू 6387


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | 4 | | |
| | | 9 | | 2 | 8 | 1 | | |
| | | | | 4 | | | 9 | |
| | 3 | | | | | | | 7 |
| 4 | | | 3 | | 5 | | | 9 |
| 6 | | | | | | | 4 | |
| | 9 | | | 8 | | | | |
| | | 5 | 7 | 3 | | 6 | | |
| | | 6 | 1 | | | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6387



**बायें से दायें:-**

१. एक मणि जो चंद्रमा के किरणों से पसीज जाता है, कुमुद, चंद्रकांत
३. अंधेरा
५. निंदित,नीच
६. निर्दयी, पाषाण हृदय (उर्दू)
७. उत्तराधिकार से प्राप्त धनपर लगने वाला कर
९. निधन, मृत्यु
१०. लिहाज़ा, इसलिए
१२. उदासीन, तटस्थ, मुखरहित
१३. वैसा होने पर भी, तो भी
१४. सुरक्षित, सकुशल (उर्दू)
१६. फायदा, लाभ (उर्दू)
१८. फूल, पुष्प
२०. नगाड़ा (उर्दू)
२१. बातचीत
२३. आलोकित होना, प्रकाशवान होना

**ऊपर से नीचे:-**

१. सौ पैरों वाला, कनखजूरा
२. दीप्तिहीन, आभाहीन
३. परिवर्तित, अंतरण किया हुआ
४. करने वाला
५. वह देवता जिसकी पूजा कुल विशेष में पीढ़ियों से होती आ रही हो
८. मुर्गा
१०. आगे का, आने वाला
११. अकेला
१२. जंगल, वन
१३. उसके समान
१४. विनयपूर्वक, विनम्र
१५. ब्राह्मणों के लिए एक सम्मानसूचक संबोधन
१७. दूरी, अंतर (उर्दू)
१८. जहा जाना आसान हो, आसान
१९. झुकाना
२२. किंतु, में, लेकिन

### वर्ग पहेली-6386

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | रा | का | ष्टा | ■ | ■ | बे | ल | गा | म |
| रि | ■ | न | ■ | अ | द्दा | ई | ■ | यि | ■ |
| प | ता | का | ■ | वि | ■ | मा | र | का | ट |
| क्व | ■ | क | ■ | भ | वा | नी | ■ | ■ | र |
| ■ | उ | च्चा | यु | क्त | ■ | ■ | अ | टू | ट |
| ■ | जा | ■ | द्ध | ■ | अ | चं | भा | ■ | रा |
| ना | ला | य | क | ■ | पि | ■ | व | र | ना |
| स | ■ | ज | ■ | आ | तु | र | ■ | सा | ■ |
| म | हि | मा | ■ | लं | ■ | ज | हा | ल | त |
| झ | ■ | न | क | ब | ज | नी | ■ | ■ | म |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 26 नवम्बर , 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 14**

### राशिफल

मेष - स्फूर्ति और ताजगीपूर्ण सुबह से दिन की शुरुआत करेंगे। घर में मित्रों और सगे-संबंधियों के आवागमन से खुशहाली का माहौल रहेगा। उनकी तरफ से मिले उपहारों से आपको खुशी होगी।

वृषभ - क्रोध और हताशा की भावना आपके मन पर छायी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी साथ नहीं देगा। घर-परिवार की चिंता के साथ खर्च के मामले में भी आज चिंतित रहेंगे।

मिथुन - परिवार में खुशी और आनंद का माहौल रहेगा। नौकरी-धंधे में आपको लाभ का समाचार मिलेगा। उच्च अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे। विवाह योग्य जातकों के रिश्ता पक्का होने के योग है। मित्रों से विशेष लाभ होगा।

कर्क - आज आप घर की सजावट पर समय और धन दोनों खर्च करेंगे। व्यापार और नौकरी में लाभ होगा तथा पदोन्नति होने की भी संभावना बनी रहेगी। परिवार में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा।

सिंह - आज गुस्से वाला स्वभाव होने के कारण किसी भी काम में मन नहीं लगेगा। संघर्ष या विवाद के कारण किसी के नाराज होने की आशंका बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा।

कन्या - आज वाणी पर संयम रखें और किसी नए काम का प्रारंभ न करें। क्रोध एवं आवेश के कारण बातचीत में नुकसान हो सकता है। परिवार एवं मित्रों के साथ भी वाद-विवाद हो सकता है।

तुला - दैनिक कामों के बोझ से हल्का होने के लिए आज आप पार्टी, सिनेमा, नाटक या पर्यटन का आयोजन करेंगे। मित्रों को आमंत्रित करेंगे। किसी खास मित्र के साथ से आनंदित महसूस करेंगे।

वृश्चिक - आज आप अनिश्चितता और सुखशांति के साथ घर में समय व्यतीत करेंगे। शारीरिक तथा मानसिक प्रसन्नता से काम करने में उत्साह रहेगा। ऑफिस में स्टाफ की मदद पाकर बहुत से काम पूरे कर सकेंगे।

धनु - संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई की चिंता से मन व्यग्र रहेगा। पेट संबंधी बीमारियां परेशान करेंगी। काम की असफलता से आपके अंदर हताशा होगी। क्रोध को काबू में रखें। साहित्य, लेखन तथा कला के प्रति गहरी रुचि रखेंगे।

मकर - आपके तन-मन में सुस्ती और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मन में भय रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या विवाद से आपके मन में डर का भाव रहेगा। समय पर भोजन और नींद नहीं मिलेगी।

कुंभ - आज चिंता मुक्त होने से आप राहत महसूस करेंगे। आपके उत्साह में भी वृद्धि होगी। बुजुर्गों और मित्रों से लाभ की अपेक्षा रख सकते हैं। स्नेहमिलन या प्रवास के माध्यम से मित्रों एवं स्वजनों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजरेगा।

मीन - आर्थिक आयोजन करने के लिए आज शुभ दिन है। निर्धारित काम पूरे होंगे। आय बढ़ेगी। परिवार में सुख- शांति का वातावरण बना रहेगा। सुरुचिपूर्ण भोजन प्राप्त होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## तुर्किए ने इराक में पीकेके के ठिकानों पर हवाई हमला किया

**अंकारा,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। तुर्किए की सेना ने उत्तरी इराक में सीमा पार ऑपरेशन के तहत प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के 17 ठिकानों पर हवाई हमले किए। तुर्किए रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक ऑपरेशन मेटिना, हाकुर्क, गारा और कंदील क्षेत्रों में चलाया गया, जिसमें 19 गुफाओं, कैश और आश्रयों को निशाना बनाया गया, जहां माना जाता है कि पीकेके के वरिष्ठ सदस्य रहते हैं। बयान में कहा गया कि हवाई हमले में कई आतंकवादी भी मारे गये हैं। बयान में निहित शब्दों में 'निष्प्रभावी' शब्द का उपयोग किया गया है यानी की कथित 'आतंकवादियों' ने या तो आत्मसमर्पण कर दिया है, मारे गए हैं, या पकड़े गए हैं। तुर्किए सेना उत्तरी इराक में खासकर पीकेके समूह के मुख्य आधार कंदील पर्वत में अक्सर जमीनी कार्रवाई, हवाई हमले और बमबारी करती रही है।

# कुवैत गाजा में घायल फिलिस्तीनियों का उपचार करने के लिए तैयार

**कुवैत सिटी,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। कुवैत ने गाजा पट्टी से घायल फिलिस्तीनियों का उपचार करने के लिए अपने अस्पतालों और विभिन्न क्षेत्रों की तैयारी की घोषणा की है। कुवैत के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेफॉर्म एक्स पर कहा, हमारे फिलिस्तीनी भाइयों से घायल लोगों का उपचार करने के लिए कुवैत में संबंधित अधिकारी निरंतर समन्वय और सहयोग बनाए हुए हैं। घायलों को स्वास्थ्य संबंधी देखभाल सुविधा प्रदान की जाएगी। आधिकारिक कुवैत समाचार एजेंसी के अनुसार कुवैत गाजा पट्टी तक सहायता पहुंचाने के लिए 23 अक्टूबर से मिस्र के उत्तरी सिनाई गवर्नरेट में अल-अरिश हवाई अड्डे के लिए उड़ानें संचालित कर रहा है, जो भोजन और चिकित्सा आपूर्ति, टेंट और एम्बुलेंस ले जाती हैं। गौरतलब है कि हमास



और इजरायल के बीच चार दिवसीय संघर्ष विराम पर समझौता हो गया है। समझौते के तहत, हमास इज़रायल में बंद लगभग 150 फ़िलिस्तीनी बंदियों के बदले में गाजा से करीब 50 इजरायली बंधकों को रिहा करेगा। इसके अलावा, संघर्ष विराम ने एन्क्लेव में अधिक सहायता आपूर्ति की डिलीवरी को सक्षम किया है और क्षेत्र के बाहर इलाज के लिए घायलों और बीमारों को स्थानांतरित करने की अनुमति दी है।

## रूस से गजा भोजी अतिरिक्त 15 टन सहायता

**मॉस्को।** रूस के आपात मंत्रालय ने गाजा पट्टी के लोगों को अतिरिक्त 15 टन मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए एक आईएल-76 विमान मिस्र के लिए रवाना किया है। मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर लिखा, रूस के आपात मंत्रालय गाजा की आबादी के लिए मानवीय सहायता का एक और बैच वितरित करेगा।आईएल-76 विमान 15 टन माल लेकर रवाना हो गया है। इसमें शिशु आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता उत्पाद, बिस्तर लिनन, कंबल और स्लीपिंग बैग शामिल हैं।

# ऑस्ट्रेलिया में कथित हमले के बाद भारतीय छात्र कोमा में

■ 20 वर्षीय छात्र का रॉयल होबार्ट अस्पताल में चल रहा इलाज

**मेलबर्न,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया विश्वविद्यालय में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रहा एक भारतीय छात्र इस महीने की शुरुआत में कथित हमले के बाद कोमा में चला गया है। सिडनी स्थित ब्रॉडकास्टर एसबीएस की रिपोर्ट के अनुसार, तस्मानिया में 5 नवंबर को सुबह लगभग 4:20 बजे हुए हमले के तुरंत बाद 20 वर्षीय छात्र को रॉयल होबार्ट अस्पताल ले जाया गया। कथित तौर पर उसका दाहिना फेफड़ा खराब हो गया है और उसे ब्रेन सर्जरी करानी पड़ी, यह प्रक्रिया कई घंटों तक चली। घटना के तुरंत बाद, पुलिस ने 25 वर्षीय बेंजामिन डॉज कोलिंग्स को हिरासत में ले लिया, और उस पर हमले का आरोप लगाया - एक अपराध जिसमें अधिकतम 21 साल की जेल की सजा हो





सकती है। कोलिंग्स को मजिस्ट्रेट द्वारा जमानत दे दी गई और उसकी 4 दिसंबर को अदालत में फिर से पेशी है। पुलिस ने एसबीएस हिंदी को बताया कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि यह घटना नस्लीय रूप से प्रेरित है। वहां के एक निवासी जर्मनजीत सिंह गिल ने फेसबुक ग्रुप इंडियन्स इन तस्मानिया% पर पोस्ट किया, आरोपी व्यक्ति को जमानत पर रिहा कर दिया गया है, जबकि गरीब आदमी अपनी जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहा है। गिल ने कहा, किसी ने बिना किसी कारण के हमारे भाई पर हमला किया, और हम सवाल भी नहीं पूछ सकते? हम पीड़ित की मदद के लिए सामुदायिक समर्थन कर रहे हैं।

## चीनी सेना ने म्यांमार सीमा पर शुरू की सैन्य अभ्यास

**बीजिंग,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने शनिवार को चीन-म्यांमार सीमा के चीनी हिस्से पर सैन्य अभ्यास शुरू किया। पीएलए के दक्षिणी थिएटर कमांड के प्रवक्ता तियान जुनली ने आज यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने अपने बयान में कहा कि वार्षिक अभ्यास योजना के तहत पीएलए दक्षिणी थिएटर कमांड ने 25 नवंबर से शुरू होने वाले चीन-म्यांमार सीमा के चीनी हिस्से पर सैन्य अभ्यास करने के लिए सेना इकाइयों का आयोजन किया है।

अभ्यास का उद्देश्य सेना की गतिशीलता, सीमा नियंत्रण और मारक क्षमता का परीक्षण करना है।श्री तियान ने कहा कि दक्षिणी थिएटर कमांड के सैनिक राज्य की संप्रभुता, सीमा स्थिरता और लोगों की सुरक्षा की रक्षा के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होंने अभ्यास की अवधि और सीमा के बारे में कोई जानकारी देने से इंकार किया है। गौरतलब है कि वर्ष 1948 में म्यांमार को ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद केंद्रीय अधिकारियों और जातीय अल्पसंख्यकों के सैन्य समूहों ने देश में गृह युद्ध छेड़ दिया, जो 1990 के दशक तक चला।

## सुडोकू 6387 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 1 | 7 | 3 | 6 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 6 | 5 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 6 | 7 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 5 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 8 | 2 |

## आज का इतिहास

1859 -चार्ल्स डिकन्स की 'ए टेल ऑफ टू सिटीज' का अंतिम साप्ताहिक अंक साहित्यिक पत्रिका 'ऑल द इयर राउंड' में प्रकाशित हुआ।
1865 -लुइस कैरोल की पुस्तक 'एलिस इन वंडरलैंड' अमेरिका में प्रकाशित।
1885-पहली बार उल्कापिंड की तस्वीर ली गयी।
1919 -भारत के प्रसिद्ध इतिहासकार और शिक्षाविद् राम शरण शर्मा का जन्म।
1921-आज प्रसिद्ध उद्योगपति और श्वेत क्रांति के जनक वर्गीज कुरियन का जन्म हुआ था।
1932-महान क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दस हजार रन बनाये।
1948-नेशनल कैडेट कोर की स्थापना हुई।1949-संविधान सभा ने संविधान के मसौदे पर हस्ताक्षर किए।
1967 -लिस्बन में बादल फटने से करीब 450 लोगों की मौत।
1984-इराक एवं अमेरिका ने कूटनीतिक संबंधों को पुन-स्थापित किया।
1992 -विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाने की शुरुआत।
1996-मंगल ग्रह पर जीवन की संभावनाओं का पता लगाने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अंतरिक्ष यान 'मार्स ग्लोबल सर्वेयर' को अंतरिक्ष में भेजा था।
1998 -तुर्की के प्रधानमंत्री मेसुत यिल्माज ने संसद में अपनी सरकार के विश्वासमत हासिल नहीं कर पाने के बाद इस्तीफ़ा दिया।
2001 -नेपाल में 200 विद्रोही मारे गए।
2006 -इराक बम धमाके में 202 लोगों की मौत।
2008 -मुंबई के कई स्थानों पर आतंकवादी हमलों में 166 लोग मारे गए।
2012-अरविंद केजरीवाल ने एक नये राजनैतिक दल आम आदमी पार्टी का गठन किया।
2018 -नासा का इनसाइट मिशन सात महीने की यात्रा के बाद मंगल ग्रह पर उतरा।

**आयोजन** चीन-फ्रांस उच्च स्तरीय बैठक पेइचिंग में आयोजित

# सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर सहमत हुए चीन-फ्रांस

बीजिंग, 25 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन और फ्रांस की जनता के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान तंत्र के चीनी नेता और विदेश मंत्री वांग यी ने इस तंत्र की फ्रांस की नेता और फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना के साथ 24 नवंबर को पेइचिंग में तंत्र की छठी बैठक की सह-अध्यक्षता की।

दोनों पक्ष दोनों राष्ट्राध्यक्षों द्वारा संपन्न महत्वपूर्ण सहमति को लागू करने और चीन और फ्रांस के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 6वीं वर्षगांठ और संस्कृति और पर्यटन वर्ष के अवसर पर लोगों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर सहमत हुए। वांग यी ने कहा कि दोनों देशों की जनता के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान तंत्र चीन और फ्रांस के बीच तीन स्तंभ संवाद तंत्रों में से एक है, जो चीन-फ्रांस संबंधों के विकास के लिए एक ठोस जनमत की नींव रखता है। चीन और फ्रांस को व्यापक

■ राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ मनाई

रूप से लोगों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को गहरा करना चाहिए, लोगों के बीच आपसी समझ और दोस्ती को बढ़ाना चाहिए, ताकि चीन-यूरोप और यहां तक ??कि वैश्विक सभ्यता के आदान-प्रदान के लिए एक





उदाहरण स्थापित करने में सकारात्मक भूमिका निभाई जा सके। कोलोना ने कहा कि दोनों पक्षों ने दोनों राष्ट्राध्यक्षों द्वारा संपन्न सहमति को सक्रिय रूप से लागू किया, फ्रांस और चीन के लोगों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को व्यापक रूप से फिर से शुरू किया, विभिन्न क्षेत्रों के ठोस सहयोग में उपलब्धियां हासिल करने को बढ़ावा दिया। उन्होंने फ्रांसीसी कर्मियों को चीन की यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए चीन को धन्यवाद दिया और कहा कि फ्रांस लोगों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को सहयोग के लिए प्राथमिकता देता रहेगा और आपसी लाभ वाले आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा।

## दुनिया को जानें

### भ्रूण के विकास की गति बेहतर ढंग से पहचान सकता है एआई

**लंदन,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। शोधकर्ता अब भ्रूण के विकास की गति और चरणों को पहचानने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर आधारित तरीकों का विकास और उपयोग कर रहे हैं। नेचर मेथड्स जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में, सिस्टम जीवविज्ञानी पैट्रिक मुलर के नेतृत्व में जर्मनी में कोन्स्टानज विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक नये दृष्टिकोण का वर्णन किया है जो स्वचालित रूप से विकास प्रक्रियाओं की गति को पकड़ लेता है और मानव इनपुट के बिना विशिष्ट चरणों को पहचानता है। एक निषेचित अंडा कोशिका से एक कार्यात्मक जीव तक की यात्रा में पशु भ्रूण विशिष्ट विकासात्मक चरणों की एक श्रृंखला से गुजरते हैं। फिर भी, विवरण में अंतर हैं - अलग-अलग प्रजातियों के बीच और यहां तक कि एक ही प्रजाति के भ्रूणों के बीच भी। उदाहरण के लिए, अलग-अलग भ्रूणीय अवस्थाओं से गुजरने की गति अलग-अलग हो सकती है। भ्रूण के विकास में इस तरह की विविधताओं को विकास का एक महत्वपूर्ण चालक माना जाता है, क्योंकि वे नई विशेषताओं को जन्म दे सकते हैं, जिससे विकासवादी अनुकूलन और जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है।

# खेल जगत

## सात्विक-चिराग चाइना मास्टर्स के फाइनल में

**शेनझेन,** 25 नवंबर (आईएएनएस) भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चीन मास्टर्स 223 के सेमीफाइनल में घरेलू पसंदीदा हे जी टिंग/रेन जियांग यू को शनिवार को 21-16, 22-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वे इस साल बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर अपना चौथा फाइनल खेलेंगे, इससे पहले उन्होंने इस साल की शुरुआत में स्विस ओपन 223, इंडोनेशिया ओपन 223 और कोरिया ओपन 223 में तीनों में जीत हासिल की थी। रविवार को फाइनल में सात्विक-चिराग का सामना चीन के चेन बो यांग/लियू यी और लियांग वेई केंग/वांग चांग के बीच विजेता से होगा।



# भारत की निगाहें अब ऑस्ट्रेलिया हकराकर टी-20 सीरीज में निर्णायक बढ़त लेने पर

- भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तिरुवनंतपुरम में रोमांचक मुकाबले की उम्मीद
- भारत को अपने गेंदबाजी संयोजन की बाबत गंभीरता से सोचना होगा
- ऑस्ट्रेलिया जम्पा, हेड और मैक्सवेल को एकादश में शामिल कर सकता है



सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 25 नवंबर (देशबन्धु)। नए कप्तान सूर्य कुमार यादव की 80 रन की आतिशी पारी और फिनिशर रिंकू सिंह की मात्र अविजित 22 रन की पारी की बदौलत भारत विशाखापट्टम में पांच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज के पहले सांस रोक देने वाले बेहद रोमांचक मैच में बृहस्पतिवार को विशाखापट्टनम में ऑस्ट्रेलिया पर एक गेंद के बाकी रहते दो विकेट से जीत के बाद अब उससे तिरुवनंतपुरम में रविवार को दूसरा मैच भी जीत सीरीज में 2-0 की बढ़त लेने पर निगाहें लगाए है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया से पिछले पांच में लगातार तीन मैच जीते हैं और वह तिरुवनंतपुरम में भी जीत का सिलसिला जारी रखने की पुरजोर कोशिश करेगा। तिरुवनंतपुरम में बारिश की भी हल्की आशंका है इस मैदान पर बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम दो बार जीती है। ऐसे में भारत के कप्तान सूर्य कुमार यादव टॉस जीतते हैं तो वह एक बार फिर पहले बल्लेबाजी बल्लेबाजी करने का ही फैसला करेंगे।

विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिश के पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शतक के बावजूद भारत के हाथों हार से आगाज करने वाली ऑस्ट्रेलिया अब तिरुवनंतपुरम में ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम दूसरा मैच जीत सीरीज में एक-एक की बराबरी पाने की पुरजोर कोशिशि करेगी और ऐसे में दोनों टीमों के बीच बेहद रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।भारत ने इस मैदान पर अब तक खेले तीन में से दो मैच जीते हैं। भारत के कप्तान सूर्य कुमार यादव और इशान किशन ने पहले टी-20 में तेज गेंदबाज मुकेश कुमार सहित अपने गेंदबाजों की खासतौर पर आखिर के ओवर में बेहतर गेंदबाजी की तारीफ की है। बावजूद भारत को मेहमान ऑस्ट्रेलिया से दूसरा मैच भी जीतना है तो खासतौर पर पहले मैच में खासे महंगे रहे अपने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा, बाएं हाथ के अर्शदीप सिंह तथा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की धुनाई के बाद अपने गेंदबाजी संयोजन की बाबत गंभीरता से सोचना होगा। भारत की अपेक्षाकृत कम अनुभवी खिलाडियों से सज्जित टीम के लिए रिंकू सिंह ने फिनिशर का रोल जिस खूबी से पहले मैच में निभाया उनसे उन्होंने बल्लेबाज क्रम में छठे नंबर अपना स्थान और मजबूत किया है।

आस्ट्रेलिया के नाथन एलिस और स्यां एबट जैसे तेज गेंदबाजों के साथ पहले मैच में दो विकेट चटकाने वाले लेग स्पिनर तनवीर सांगा की भारत के लिए तूफानी अर्द्धशतक जडने वाले कप्तान सूर्य और इशान किशन जिस तरह जमकर धुनाई की उससे ऑस्ट्रेलिया भी दूसरे मैच में अपने गेंदबाजी संयोजन में बदलाव की बाबत गंभीरता से सोच सकता है। भारतीय मूल के लेग स्पिनर तनवीर सांगा को गेंदों की जिस निर्ममता से खासतौर पर बाएं हाथ के भारत के बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लबाज इशान किशन ने जमकर धुनाई की उससे ऑस्ट्रेलिया शनिवार को उनकी जगह अनुभवी लेग स्पिनर एडम जम्पा, टिम डेविड और एरॉन हार्डी की जगह बीते रविवार को अपनी आईसीसी वन डे विश्व कप फाइनल में भारत पर छह विकेट से जीत की जीत के हीरो ट्रेविज हेड और ग्लेन मैक्सवेल को एकादश में शामिल कर सकता है। यदि हेड खेलते हैं तो बहुत मुमकिन है पहले मैच में अर्द्धशतक जडने वाले स्टीव स्मिथ की जगह ऑस्ट्रेलिया की पारी का आगाज कप्तान मैथ्यू वेड करेंगे। ऑस्ट्रेलिया गेंदबाजों ने भारत के कप्तान सूर्य कुमार यादव के खिलाफ विशाखापट्टनम में धीमे बाउंसर कर उन्हें बड़ा स्ट्रोक खेलने की वही रणनीति अपनाई जो कि उसके तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने अहमदाबाद में आईसीसी वन डे विश्व कप के फाइनल में आउट करने की रणनीति अपनाई लेकिन यह कारगर नहीं रही।

# वर्ल्ड कप फाइनल की हार से उबरने में समय लगेगा : सूर्यकुमार



**तिरुवनंतपुरम,** 25 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही टी20 सीरीज के लिए भारत के कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव ने स्वीकार किया कि खिलाड़ियों को 2023 पुरुष वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली छह विकेट की हार से उबरने में समय लगेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाली प्रेरणा की सराहना की।

भारत टूर्नामेंट से पहले प्रबल दावेदार था और उसने जोशीले घरेलू दर्शकों के सामने और परिचित परिस्थितियों में खेलते हुए प्रतियोगिता में लगातार दस मैच जीते। लेकिन रविवार को अहमदाबाद में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से छह विकेट से हार के बाद उनका अजेय क्रम समाप्त हो गया।

सूर्यकुमार ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, जैसा कि आप सभी जानते हैं, विश्व कप खत्म हुए 4-5 दिन हो गए हैं। हर कोई निराश है, जिसमें हम भी शामिल हैं। लेकिन भारत और विदेशों में हमारे प्रशंसकों से हमें जो समर्थन मिला, वह अद्भुत था। अंत में, यह एक खेल है और यह हमें बहुत कुछ सिखाता है, जैसे कि जीवन में कैसे आगे बढ़ना है।

फाइनल में भारत की हार के बाद, पीएम मोदी ने ड्रेसिंग रूम का दौरा किया और सभी खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी स्टाफ सदस्यों से भी मुलाकात की। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि कृपया अपना समर्थन हमेशा बनाए रखें जो आपने हमें दिया है। जैसा कि आप सभी ने देखा, फाइनल खत्म होने के बाद हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भी ड्रेसिंग रूम में हमसे मिले और हमारा हौसला बढ़ाया।

सूर्यकुमार ने कहा, उन्होंने कहा, यह एक खेल है, और ऐसा होता रहता है - उतार-चढ़ाव। आपको इन सभी चीजों को अपने साथ लेना होगा। हां, इससे उबरने और इससे बाहर आने में समय लगेगा। लेकिन उनकी प्रेरक बातें और हम सभी से पांच-छह मिनट के लिए मिलना बहुत बड़ी बात थी; देश के एक नेता का ड्रेसिंग रूम में आना और टीम को प्रेरित करना हम सभी के लिए बहुत बड़ी बात थी।

4-30 जून तक वेस्ट इंडीज और यूएसए में खेले जाने वाले 2024 पुरुष टी20 विश्व कप के साथ, सूर्यकुमार ने वादा किया कि भारतीय टीम ट्रॉफी जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगी।

हमने पीएम मोदी की बातें ध्यान से सुनीं और उन्होंने हमारे साथ समय भी बिताया। लेकिन हम भविष्य के टूर्नामेंटों में बहुत अच्छा खेलने की कोशिश करेंगे। हमारे पास अगले साल फिर से एक आईसीसी टूर्नामेंट है और हम इस विश्व कप में दिखाई गई तीव्रता के साथ भविष्य के आयोजनों में खेलेंगे और उम्मीद है कि हम इसे जीतेंगे।

# टीमों को हमेशा उस पद्धति पर कायम रहना चाहिए जो वे कर रहे हैं : वसीम अकरम



**नई दिल्ली,** 25 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और बाएं हाथ के महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम का मानना है कि भारत को 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल के लिए शुरुआती गेंदबाजी टेम्पलेट को बदलने के बजाय जो उनके लिए काम कर रहा था, उस पर कायम रहना चाहिए था जहां वे हार गए।

19 नवंबर को फाइनल में, भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 241 रनों के बचाव में मोहम्मद सिराज के बजाय मोहम्मद शमी को नई गेंद देने का फैसला किया। इसने अच्छा काम किया क्योंकि शमी और जसप्रीत बुमराह ने सामूहिक रूप से तीन विकेट लिए, इससे पहले ट्रेविस हेड ने शानदार 137 रन बनाए और मार्नस लाबुशेन ने नाबाद 58 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई।

यदि आप मुझसे पूछें, तो मैंने पाया कि सिराज पूरे विश्व कप में वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहा है, हालांकि उसके विकेटों का कॉलम ऐसा नहीं बता सकता है, लेकिन एशिया कप में उसने जो ब्रेक थ्रू दिया और उसके हालिया प्रदर्शन ने उसे भारतीय क्रिकेट के भविष्य के रूप में स्थापित किया है। इस मैच में वे सीधे शमी को लेकर आए और उन्होंने वार्नर को तुरंत आउट करके खेल पर प्रभाव डाला, हालांकि ऐसा लग रहा था जैसे वार्नर ने वाइड गेंद पर स्लैश मारकर खुद को आउट कर लिया हो।

अकरम ने स्टार स्पोर्ट्स के शो द फाइनल टेक पर कहा, एक अन्य कारक यह है कि पहले 15 ओवरों के भीतर तीन विकेट खोने के बाद समय निर्धारित किया गया, जिससे बल्लेबाजी करना आसान हो गया क्योंकि गेंद उसके बाद ज्यादा कुछ नहीं कर रही थी। मैं ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी का श्रेय नहीं ले रहा हूं, लेकिन इसका गेंदबाजों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है। मेरा मानना है कि फाइनल जैसे बड़े मैचों में, टीमों को हमेशा उस पर कायम रहना चाहिए जो वे कर रहे हैं और जो उनके लिए काम कर रहा है।

यह पूछे जाने पर कि क्या रोहित को फाइनल के लिए अपना गेम-प्लान बदलना चाहिए था,अकरम ने महसूस किया कि भारतीय कप्तान को अपनी निर्धारित योजनाओं से दूर जाने की कोई जरूरत नहीं थी।वह पूरे विश्व कप में इसी तरह खेला है, यही उसका खेल है। पूरे विश्व कप में किसी ने भी उनके द्वारा दी गई शुरुआत या 40 के आसपास लगातार आउट होने की शिकायत नहीं की, और अब जब उन्होंने फाइनल में भी ऐसा ही किया है तो लोग शिकायत करने का कारण ढूंढ रहे हैं।

और वह दुनिया में स्पिन के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है, हालांकि वह उस मैच में मैक्सवेल के हाथों आउट हो गया था, और इसका श्रेय मैक्सवेल और कमिंस को जाता है, लेकिन यह रोहित के खेल की प्रकृति है और मुझे नहीं लगता कि उसे इसे बदलना चाहिए। अकरम को यह भी लगता है कि अगर भारत ने बीच के ओवरों में बल्ले से तेजी से रन बनाए होते तो चीजें अलग होतीं। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी स्पॉट-ऑन गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण प्रदर्शन के माध्यम से भारत को कड़ी पकड़ में रखा, मेजबान टीम 11-40 ओवरों में केवल चार चौके ही लगा सकी।

# हार्दिक पांड्या को शायद लगता है कि उनका समय पूरा हो गया है और अब वापस मुंबई इंडियंस लौट जाएं : एबी डिविलियर्स

नई दिल्ली, 25 नवंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि हार्दिक पांड्या के आईपीएल 2024 रिटेंशन से पहले गुजरात टाइटन्स से मुंबई इंडियंस में जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं, क्योंकि ऑलराउंडर को लगा होगा कि नव-निर्मित फ्रेंचाइजी में उनका समय खत्म हो गया है।

डिविलियर्स ने भविष्य में हार्दिक के मुंबई की कप्तानी करने की भी भविष्यवाणी की है, जिसमें रोहित शर्मा भारत के सभी प्रारूपों के कप्तान होने की जिम्मेदारी निभाएंगे। पिछले कुछ दिनों से, हार्दिक के मुंबई वापस जाने की अटकलें तेज हो गई हैं, जहां से उन्होंने 2015 में अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी। एक अनकैप्ड खिलाड़ी से, हार्दिक एक तेज़ गेंदबाज़ी ऑलराउंडर के रूप में मुंबई टीम के महत्वपूर्ण सदस्य बन गए, सभी प्रारूपों में इंडिया कैप अर्जित की और 2015, 2017, 2019 और 2020 में उनके आईपीएल खिताब जीतने वाले सीज़न के सदस्य थे। आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी से पहले मुंबई ने उन्हें रिलीज़ कर दिया और वह गुजरात फ्रेंचाइजी के कप्तान बन गए, जिससे उन्हें 2022 में अपने पहले सीज़न में खिताब मिला, राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच बने और 2023 में उन्हें उपविजेता बनाया।.

मुझे नहीं पता कि इससे उन्हें थोड़ा सिरदर्द होगा कि कप्तान कौन बनेगा। मेरा मतलब है, रोहित कप्तान हैं और उन्हें आगे बढ़कर नेतृत्व करना पसंद है। यह रोमांचक है क्योंकि वह (हार्दिक) कई वर्षों तक मुंबई इंडियंस के लिए एक बड़ा खिलाड़ी था। उन्हें वानखेड़े स्टेडियम में खेलना पसंद था। उन्होंने गुजरात टाइटंस के साथ ट्रॉफी जीती और फिर (2023 सीज़न के) फाइनल में भी पहुंचे। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, उन्हें शायद लगता है कि उनका समय पूरा हो गया है और अब वह मुंबई इंडियंस में वापस आ गए हैं। मुझे अजीब लग रहा है कि रोहित उन्हें (हार्दिक को) कप्तानी करने देंगे और बागडोर अपने हाथ में लेने देंगे, क्योंकि रोहित पर टीम इंडिया की कप्तानी करने का बहुत दबाव है। शायद यही कदम होगा, लेकिन देखते हैं क्या होता है। डिविलियर्स, जिन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए तूफानी 360-डिग्री पारी खेलने की आईपीएल विरासत को मजबूत किया, को लगता है कि उनकी पूर्व टीम, एंडी फ्लावर के रूप में एक नए मुख्य कोच के साथ, तेज गेंदबाज हर्षल पटेल और लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा को जाने दे सकती है। प्रत्येक को 10.75 करोड़ रुपये की लागत पर फ्रेंचाइजी में शामिल किया गया था। आरसीबी ने उनके (हर्षल और हसरंगा) के लिए एकमुश्त राशि का भुगतान किया है और शायद वे कहीं और शिफ्ट होने का मन बना रहे हैं। उन्हें रिलीज करने से उनके लिए एक बड़ा पर्स खुल जाएगा। यहीं पर स्काउटिंग आएगी और मुट्ठी भर खिलाड़ियों को देखेगी।



## फुटबॉल की तरह क्रिकेट में भी ट्रांसफर फीस का पहला संकेत : वॉन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने माइकल वॉन ने हार्दिक पांड्या के 15 करोड़ रुपये (लगभग 1.8 मिलियन डॉलर) में अपने पुराने घर मुंबई इंडियंस में लौटने की अफवाहों के बीच कहा, फुटबॉल की तरह क्रिकेट में ट्रांसफर फीस का यह पहला संकेत है। आईपीएल 2024 का रिटेंशन और ट्रेडिंग प्रक्रिया में है और समय सीमा 26 नवंबर को भारतीय समयानुसार शाम 4 बजे समाप्त हो रही है। वॉन ने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा,हार्दिकपांड्या मुंबई वापस चले गए .. यह स्पष्ट रूप से हो रहा है .. फुटबॉल की तरह क्रिकेट में ट्रांसफर फीस का पहला संकेत !! यह अपरिहार्य है कि यह जल्द ही होगा.. सटाटाआईपीएल। यह सौदा पूरी तरह से नकद में होगा, जिसमें मुंबई को हार्दिक के वेतन के रूप में 15 करोड़ रुपये (लगभग 1.8 मिलियन डॉलर) और टाइटन्स को एक अज्ञात हस्तांतरण शुल्क का भुगतान करना होगा। हार्दिक को ट्रांसफर शुल्क का 50 प्रतिशत तक लाभ मिलता है। मुंबई इंडियंस (एमआई) ने जोफ्रा आर्चर और कैमरून ग्रीन को रिलीज़ करने का फैसला किया है, जिन्हें हार्दिक पांड्या के साथ डील करने के लिए क्रमश: 17.5 करोड़ रुपये और 8 करोड़ रुपये में साइन किया गया था। क्रिकबज ने पांच बार के चैंपियन के संबंध में विकास की पुष्टि की है, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में सबसे बड़ा व्यापार सौदा पूरा करने के लिए तैयार हैं।

# मुंबई के साथ बहुत अच्छा सफर रहा; सीएसके में जाना और भी खास था : अंबाती रायडू



**नई दिल्ली,** 25 नवंबर (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने करियर को याद करते हुए कहा कि मुंबई इंडियंस के साथ उनका समय एक शानदार सफर था, लेकिन उनका चेन्नई सुपर किंग्स में समय और भी खास रहा। रायुडू ने 2010 में मुंबई इंडियंस के साथ अपना आईपीएल डेब्यू किया और 2017 संस्करण तक टीम के लिए खेले, 2013, 2015 और 2017 में उनके साथ तीन खिताब जीते। फिर 2018 सीज़न से पहले उन्हें सीएसके ने अपने साथ जोड़ा। उस संस्करण में, रायुडू ने बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था, उन्होंने 16 पारियों में 43 की औसत से 602 रन बनाए थे, जिसमें उनका नाबाद 100 रन का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी शामिल था, क्योंकि स्पॉट फिक्सिंग और सट्टेबाजी में एक प्रमुख अधिकारी की संलिप्तता के कारण दो साल के निलंबन के बाद टीम ने ट्रॉफी जीती थी। वह तब आईपीएल 2021 और 2023 का खिताब जीतने वाली सीएसके टीम के सदस्य थे और लीग से संन्यास लेने से पहले उन्होंने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पिछले सीज़न के बारिश से प्रभावित फाइनल में गुजरात टाइटन्स पर जीत हासिल की थी।

मैं अपने आप को एक टीम के माहौल में बहुत लचीले होने के रूप में याद रखूंगा। मैं ओपन के साथ-साथ मध्य क्रम और निचले मध्य क्रम में भी बल्लेबाजी करूंगा। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां मुझे टीम के लिए योगदान देने पर बहुत गर्व है, और मैं अपने करियर में उस पहलू को बहुत संजोता हूं।

यूट्यूब पर प्रसारित द रणवीर शो पॉडकास्ट पर रायडू ने कहा, बेशक, मैंने उनके लिए आठ साल तक खेला। मैंने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत मुंबई से की। यह एक शानदार यात्रा थी और हमने तीन आईपीएल और दो चैंपियंस लीग ट्रॉफी जीतीं। हमने बहुत अच्छा समय बिताया। सीएसके में अपने समय के बारे में बात करते हुए, रायडू ने आगे कहा, सीएसके में जाना और भी खास था, लेकिन दूसरे ड्रेसिंग रूम में बैठना, नीले के बजाय पीले पैड पहनना और मुंबई का सामना करना बहुत अजीब था, जो मुझसे दो विकेट दूर सिर्फ अभ्यास कर रही थी। यह मेरे दिमाग में एक फ्लैशबैक की तरह चल रहा था, यह याद करते हुए कि हम हर दिन क्या करते थे। तब से, हाँ, मुझे सीएसके में रहने की आदत हो गई थी। दाएं हाथ के पूर्व बल्लेबाज ने भारतीय क्रिकेट और आईपीएल में एक लीडर के रूप में एमएस धोनी की विरासत के बारे में भी विस्तार से बात की। हर कोई जानता है कि उन्होंने कई खिलाड़ियों और सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, यहां तक कि उन्होंने सीएसके के लिए खेलने वाले कई विदेशी खिलाड़ियों में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन निकलवाया है।

# इमाद वसीम ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**कराची** 25 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के ऑलराउंडर इमाद वसीम ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इमाद ने सोशल मीडिया के जरिए अपने संन्यास की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हाल के दिनों में मैं अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के बारे में काफी सोच-विचार करते हुए इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने का सही समय है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक उनका समर्थन करने वाले पीसीबी को धन्यवाद। पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना वास्तव में सम्मान की बात है।

उन्होंने कहा, एकदिवसीय और टी-20 प्रारूपों में मेरी 121 उपस्थिति एक सपने के सच होने जैसी थी। नए कोचों और नेतृत्व के आने के साथ पाकिस्तान क्रिकेट के लिए यह एक रोमांचक समय है। मैं कामना करता हूं कि सभी इसमें शामिल हों और मैं टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन करते देखने के लिए उत्सुक हूं।

उन्होंने कहा, हमेशा इतने जुनून के साथ मेरा समर्थन करने के लिए पाकिस्तान प्रशंसकों को धन्यवाद। अंत में मेरे परिवार और दोस्तों को धन्यवाद जो मुझे उच्चतम स्तर पर पहुंचने में मदद करने में बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं। मैं अब अंतरराष्ट्रीय मंच से दूर अपने खेल करियर के अगले चरण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए उत्सुक हूं।

उल्लेखनीय है कि बाएं हाथ के स्पिनर इमाद ने निचले क्रम के बल्लेबाज के रूप में पाकिस्तान के लिए 55 एकदिवसीय और 66 टी-20 मैच खेले। उन्होंने आखिरी बार इस साल अप्रैल में पाकिस्तान के लिए रावलपिंडी में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 मैच खेला था।

## सार संक्षेप

### फ्रेंड्स यूनाइटेड ने सुदेवा को 2- से हराया

**नई दिल्ली।** फ्रेंड्स यूनाइटेड ने अंकित और अभय सिंह डसीला के गोलों की बदौलत शनिवार को अंबेडकर स्टेडियम पर खेली जा रही प्रीमियर लीग में सुदेवा एफसी को 2- से हरा दिया है। आज यहां खेल गये मुकाबले में युवा खिलाड़ियों से सजी सुदेवा पूरी तरह बदरंग नजर आई। दूसरी तरफ फ्रेंड्स यूनाइटेड ने बेहतर तालमेल से खेलते हुए मौकों का भरपूर लाभ उठाया। विजेता टीम अधिकांश समय हावी रही और सुदेवा के युवा अनावश्यक ड्रिबलिंग और गलत पासों के चलते मौके गंवाते चले गए। दिल्ली और देश की नामी अकादमियों में शामिल पराजित टीम के किसी भी खिलाड़ी का प्रदर्शन उल्लेखनीय नहीं रहा। मिड फील्ड और फारवर्ड ने बेतुके खेल से आसान मौके गंवाए। फ्रेंड्स यूनाइटेड के दोनों गोल दर्शनीय रहे। दाएं बाएं छोर के क्रॉस पर अंकित और अभय ने रक्षापंक्ति को छकाते हुए शानदार गोल जमाए।

### ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड को हराकर पहुंचा डेविस कप फाइनल में

**मैड्रिड।** एलेक्स डी मिनौर और एलेक्सी पोपिरिन ने स्पेन के मलागा में एकल मुकाबले में फिनलैंड को 2- से हराते हुए ऑस्ट्रेलिया को लगातार दूसरे वर्ष डेविस कप फाइनल में पहुंचा दिया। शुक्रवार को यहां खेले गये पहले सेमीफाइनल मुकाबले में एलेक्सी पोपिरिन ने ओटो वर्टानेन को 7-6 (5), 6-2 से हराया, इससे पहले डी मिनौर ने एमिल रुसुवुओरी को 6-4, 6-3 से हराया। मैच के बाद डी मिनौर ने कहा, हमारे लिए यह कप प्राथमिकता है, हम गर्व और जुनून के साथ ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 23 में टूर्नामेंट जीता था। रविवार के फाइनल में सर्बिया और इटली के बीच विजेता के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला होगा।

### हैरी केन के एकमात्र गोल ने बायर्न को तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया

**कोलोन।** इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन के गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने शुक्रवार को एफसी कोलन को 1- से हराकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। 12 लीग मैचों में यह केन का 18वां गोल था क्योंकि वह बुंडेसलीगा सीज़न में 18 बार गोल करने वाले एकमात्र अंग्रेज बन गए। एरिक मैक्सिम चौपो-मोटिंग के शॉट को लाइन से क्लीयर किये जाने के बाद केन ने 2वें मिनट में नजदीकी रेंज से गेंद को गोल में पहुंचाया। चौपो-मोटिंग, साने और किंग्सले कोमन ने बायर्न की बढ़त को दोगुना करने के मौके गंवाए।

# साहित्य

कहानी

■ यशपाल



# दु:ख का अधिकार

मनुष्यों की पोशाकें उन्हें विभिन्न श्रेणियों में बाँट देती हैं। प्राय: पोशाक ही समाज में मनुष्य का अधिकार और उसका दर्जा निश्चित करती है। वह हमारे लिए अनेक बंद दरवाजे खोल देती है, परंतु कभी ऐसी भी परिस्थिति आ जाती है कि हम जरा नीचे झुककर समाज की निचली श्रेणियों की अनुभूति को समझना चाहते हैं। उस समय यह पोशाक ही बंधन और अड़चन बन जाती है। जैसे वायु की लहरें कटी हुई पतंग को सहसा भूमि पर नहीं गिर जाने देतीं, उसी तरह खास परिस्थितियों में हमारी पोशाक हमें झुक सकने से रोके रहती है।

बाज़ार में, फुटपाथ पर कुछ ख़रबूज़े डलिया में और कुछ जमीन पर बिक्री के लिए रखे जान पड़ते थे। ख़रबूज़ों के समीप एक अधेड़ उम्र की औरत बैठी रो रही थी। ख़रबूज़े बिक्री के लिए थे, परंतु उन्हें खरीदने के लिए कोई कैसे आगे बढ़ता? ख़रबूज़ों को बेचनेवाली तो कपड़े से मुँह छिपाए सिर को घुटनों पर रखे फफक-फफककर रो रही थी।

पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा से उसी स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई।

एक आदमी ने घृणा से एक तरफ़ थूकते हुए कहा, 'क्या जमाना है! जवान लड़के को मरे पूरा दिन नहीं बीता और यह बेहया दुकान लगा के बैठी है।'

दूसरे साहब अपनी दाढ़ी खुजाते हुए कह रहे थे, 'अरे जैसी नीयत होती है अल्ला भी वैसी ही बरकत देता है।'

सामने के फुटपाथ पर खड़े एक आदमी ने दियासलाई की तीली से कान खुजाते हुए कहा, 'अरे, इन लोगों का क्या है? ये कमीने लोग रोटी के टुकड़े पर जान देते हैं। इनके लिए बेटा-बेटी, ख़सम-लुगाई, धर्म -ईमान सब रोटी का टुकड़ा है।'

परचून की दुकान पर बैठे लाला जी ने कहा, 'अरे भाई, उनके लिए मरे-जिए का कोई मतलब न हो, पर दूसरे के धर्म-ईमान का तो खयाल करना चाहिए! जवान बेटे के मरने पर तेरह दिन का सूतक होता है और वह यहाँ सड़क पर बाज़ार में आकर ख़रबूज़े बेचने बैठ गई है। हजार आदमी आते-जाते हैं। कोई क्या जानता है कि इसके घर में सूतक है। कोई इसके ख़रबूज़े खा ले तो उसका ईमान- धर्म कैसे रहेगा? क्या अँधेर है!'

पास-पड़ोस की दुकानों से पूछने पर पता लगा- उसका तेईस बरस का जवान लड़का था। घर में उसकी बहू और पोता-पोती हैं। लड़का शहर के पास डेढ़ बीघा भर जमीन में कछियारी करके परिवार का निर्वाह करता था। ख़रबूज़ों की डलिया बाज़ार में पहुँचाकर कभी लड़का स्वयं सौदे के पास बैठ जाता, कभी माँ बैठ जाती।

लड़का परसों सुबह मुँह- अँधेरे बेलों में से पके ख़रबूज़े चुन रहा था। गीली मेड़ की तरावट में विश्राम करते हुए एक साँप पर लड़के का पैर पड़ गया। साँप ने लड़के को डस लिया।

लड़के की बुढ़िया माँ बावली होकर ओझा को बुला लाई। झाड़ना-फूँकना हुआ। नागदेव की पूजा हुई। पूजा के लिए दान-दक्षिणा चाहिए। घर में जो कुछ आटा और अनाज था, दान-दक्षिणा में उठ गया। माँ, बहू और बच्चे 'भगवाना' से लिपट-लिपटकर रोए, पर भगवाना जो एक दफ़े चुप हुआ तो फिर न बोला। सर्प के विष से उसका सब बदन काला पड़ गया था।

ज़िंदा आदमी नंगा भी रह सकता है, परंतु मुर्दे को नंगा कैसे विदा किया जाए? उसके लिए तो बजाज की दुकान से नया कपड़ा लाना ही होगा, चाहे उसके लिए माँ के हाथों के छन्नी-ककना ही क्यों न बिक जाएं ।

भगवाना परलोक चला गया। घर में जो कुछ चूनी-भूसी थी सो उसे विदा करने में चली गई। बाप नहीं रहा तो क्या, लड़के सुबह उठते ही भूख से बिलबिलाने लगे। दादी ने उन्हें खाने के लिए ख़रबूज़े दे दिए लेकिन बहू को क्या देती? बहू का बदन बुख़ार से तवे की तरह तप रहा था। अब बेटे के बिना बुढ़िया को दुअन्नी-चवन्नी भी कौन उधार देता।

बुढ़िया रोते-रोते और आँखें पोंछते-पोंछते भगवाना के बटोरे हुए ख़रबूज़े डलिया में समेटकर बाज़ार की ओर चली-और चारा भी क्या था?

बुढ़िया ख़रबूज़े बेचने का साहस करके आई थी, परंतु सिर पर चादर लपेटे, सिर को घुटनों पर टिकाए हुए फफक-फफककर रो रही थी।

पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा से उसी स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई। पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा से उसी स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई।

कल जिसका बेटा चल बसा, आज वह बाज़ार में सौदा बेचने चली है, हाय रे पत्थर-दिल!

उस पुत्र-वियोगिनी के दु:ख का अंदाजा लगाने के लिए पिछले साल अपने पड़ोस में पुत्र की मृत्यु से दु:खी माता की बात सोचने लगा। वह संभ्रांत महिला पुत्र की मृत्यु के बाद अढ़ाई मास तक पलंग से उठ न सकी थी। उन्हें पंद्रह-पंद्रह मिनट बाद पुत्र-वियोग से मूर्छा आ जाती थी और मूर्छा न आने की अवस्था में आँखों से आँसू न रुक सकते थे। दो-दो डॉक्टर हरदम सिरहाने बैठे रहते थे। हरदम सिर पर बर्फ़ रखी जाती थी। शहर भर के लोगों के मन उस पुत्र-शोक से द्रवित हो उठे थे। जब मन को सूझ का रास्ता नहीं मिलता तो बेचैनी से कदम तेज हो जाते हैं। उसी हालत में नाक ऊपर उठाए, राह चलतों से ठोकरें खाता मैं चला जा रहा था। सोच रहा था- शोक करने, गम मनाने के लिए भी सहूलियत चाहिए और--- दु:खी होने का भी एक अधिकार होता है।

व्यंग्य

■ शरद जोशी

## बुद्धिजीवियों का दायित्व

लोमड़ी पेड़ के नीचे पहुंची. उसने देखा ऊपर की डाल पर एक कौवा बैठा है, जिसने मुंह में रोटी दाब रखी है. लोमड़ी ने सोचा कि अगर कौवा गलती से मुंह खोल दे तो रोटी नीचे गिर जाएगी. नीचे गिर जाए तो मैं खा लूं.

'लोमड़ी बाई, शासन ने हम बुद्धिजीवियों को यह रोटी इसी शर्त पर दी है कि इसे मुंह में ले हम अपनी चोंच को बंद रखें. मैं जरा प्रतिबद्ध हो गया हूं आजकल'



लोमड़ी ने कौवे से कहा, ' भैया कौवे! तुम तो मुक्त प्राणी हो, तुम्हारी बुद्धि, वाणी और तर्क का लोहा सभी मानते हैं. मार्क्सवाद पर तुम्हारी पकड़ भी गहरी है. वर्तमान परिस्थितियों में एक बुद्धिजीवी के दायित्व पर तुम्हारे विचार जानकर मुझे बहुत प्रसन्नता होगी. यों भी तुम ऊंचाई पर बैठे हो, भाषण देकर हमें मार्गदर्शन देना तुम्हें शोभा देगा. बोलो मुंह खोले कौवे!'

इमर्जेंसी का काल था. कौवे बहुत होशियार हो गए थे. चोंच से रोटी निकाल अपने हाथ में ले धीरे से कौवे ने कहा – 'लोमड़ी बाई, शासन ने हम बुद्धिजीवियों को यह रोटी इसी शर्त पर दी है कि इसे मुंह में ले हम अपनी चोंच को बंद रखें. मैं जरा प्रतिबद्ध हो गया हूं आजकल, क्षमा करें. यों मैं स्वतंत्र हूं, यह सही है और आश्चर्य नहीं समय आने पर मैं बोलूं भी.'

इतना कहकर कौवे ने फिर रोटी चोंच में दबा ली.

गजल

■ बिस्मिल अज़ीमाबादी

न अपने ज़ब्त को रुस्वा करो सता के मुझे
ख़ुदा के वास्ते देखो न मुस्कुरा के मुझे

सिवाए दाग़ मिला क्या चमन में आ के मुझे
क़फ़स नसीब हुआ आशियाँ बना के मुझे

अदब है मैं जो झुकाए हुए हूँ आँख अपनी
ग़ज़ब है तुम जो न देखो नज़र उठा के मुझे

इलाही कुछ तो हो आसान नज़्%अ की मुश्किल
दम-ए-अख़ीर तो तस्कीन दे वो आ के मुझे

ख़ुदा की शान है मैं जिन को दोस्त रखता था
वो देखते भी नहीं अब नज़र उठा के मुझे

मिरी क़सम है तुम्हें रहरवान-ए-मुल्क-ए-अदम
ख़ुदा के वास्ते तुम भूलना न जा के मुझे

हमारा कौन ठिकाना है हम तो %बिस्मिल% हैं
न अपने आप को रुस्वा करो सता के मुझे

हरमिंदर साहिब, अमृतसर का यात्रा संस्मरण

■ मिर्ज़ा जाहिद बेग

# नानक नाम चढ़दी कलां– तेरे भाणे सरबत दा भला

दुनिया के सभी धर्म अपने पवित्र ग्रंथों में समस्त मानवता के लिए करुणा और प्रेम का सन्देश देते हैं लेकिन इन धर्म ग्रंथों को आम तौर पर कोई अन्य धर्मावलम्बी नहीं पढ़ता। वो इनके अनुयायियों को देखता है और उस धर्म के बारे में, उसके दूतों, अवतारों और पैगंबरों के बारे में अपनी राय क़ायम करता है। मेरा अपना अनुभव और मानना है कि इस मामले में सिख धर्म के अनुयायी अन्य धर्मों के अनुयायियों से अक्सर बेहतर साबित हुए हैं।

पंद्रहवीं शताब्दी में गुरु नानक देव जी द्वारा सिखी की स्थापना से ही सिखों ने सम्पूर्ण मानवता की सेवा और राष्ट्रप्रेम के अनुपम प्रतिमान स्थापित किये हैं यद्यपि अपने धर्म की स्थापना से ही उन्होंने अत्याचार का दंश झेला है। शुरुआत में मुगलों ने अपने राजनैतिक मक़सद के लिए उनका दमन किया। विभाजन के समय भी सबसे ज़्यादा हिंसा उन्हीं के ख़िलाफ़ हुई। इंदिरा जी की हत्या से उपजे आक्रोश के फलस्वरूप उन्हें जान और माल का अपूरणीय नुक़सान हुआ पर सलाम इस क़ौम को कि उनके दिल में किसी धर्म के प्रति कटुता स्थायी रूप से जगह नहीं बना पाई।


व्यक्तिगत तौर पर आप किसी भी सिख से मिलिए उसकी गर्मजोशी और मृदु व्यवहार आपको इस क़ौम का क़ायल बना देगा। अपने गुरुओं की सीख को उन्होंने पूरी तरह आत्मसात किया हुआ है। खालसा एड इंटरनेशनल के सेवा कार्यों के बारे में तो अब लगभग सारी दुनिया जान ही चुकी है। आप दुनिया के किसी भी गुरूद्वारे में चले जाइये वहाँ का आत्मीय माहौल, सेवा की परम्परा और हर मज़हब के दर्शनार्थियों के लिए निरंतर चलते लंगर आपको अपना मुरीद बना लेंगे। जब तक आप दर्शन कर के बाहर आएंगे सेवादार आपके जूते चमका देंगे, आपको पता भी नहीं चलेगा की आपके जूते चमकाने वाला कौन है? हो सकता है कि वह विदेश में रहने वाला कोई अरबपति सिख या आईएएस-आईपीएस हो।

मेरा सौभाग्य रहा है कि मुझे हरमिंदर साहिब से लेकर हिन्दी पट्टी के अधिकाँश गुरुद्वारों में गुरुग्रंथ साहिब का दर्शन करने और उसका पाठ सुनने का शर्फ़ हासिल हुआ है। मैं जहाँ भी पर्यटन के लिए गया अगर वहाँ गुरुद्वारा है तो मेरे क़दम बेखुदी में उस ओर उठ ही गए। यूँ कहिये कि गुरूद्वारे मुझे अपनी ओर खींचते हैं। इस बारे में एक व्यक्तिगत अनुभव आपके साथ साझा करना चाहता हूँ।

हम सपरिवार जनवरी 2010 में इंदौर से अमृतसर,दिल्ली, आगरा और फतेहपुर सीकरी पर्यटन के लिए निकले। इंदौर से पहला पड़ाव अमृतसर था। लगभग शाम के 5 बजे ट्रेन इंदौर से निकली।

हमारे कूपे में सामने वाली बर्थ पर एक छोटा सा सिख परिवार बैठा था – माँ, उनका नौजवान बेटा और एक किशोरवय बेटी। उनके पिता और चाचा पकिस्तान से लरकाना साहिब में मत्था टेक कर 3 दिन बाद आने वाले थे और वे उन्हें लिवाने के लिये अमृतसर जा रहे थे।

जैसा कि अमूमन ट्रेन यात्राओं में होता है परिचय की शुरुआत 'आप कहाँ जा रहे हैं' से हुई। जैसे ही उन्हें पता चला कि हम मुस्लिम हैं और हरमिंदर साहिब दर्शन के लिए जा रहे हैं वो इतने प्रसन्न और अभिभूत हुए कि उसको बयाँ करना मुश्किल है। पंजाबी अपने



खाने/खिलाने के शौक के लिए पूरी दुनिया में मशहूर हैं आप यक़ीन नहीं करेंगे दोस्तो, अमृतसर तक लगभग 35 घंटों के सफर में उन्होंने हमें 35 रूपये भी खर्च नहीं करने दिए। इतना सारा और इतनी तरह का खाना ले कर वो चले थे कि पूरे सफर के दौरान हम अपना टिफ़िन निकाल ही नहीं पाए। यही नहीं अपने परिजनों के लिए स्वर्णमंदिर परिसर के बाहर ट्रस्ट की धर्मशाला में आरक्षित एसी कक्ष 24 घंटे के लिए हमें उपलब्ध करा दिया, अपने साथ हरमिंदर साहिब के दर्शन कराये और वाघा सरहद तक लेकर गये। दूसरे दिन हम स्वर्ण मंदिर परिसर में शाम को टहल रहे थे। मग़रिब की नमाज़ का वक़्त हो गया था, मैं टहलता हुआ बच्चों से थोड़ा दूर आ गया था। बेटे ने मुझ से आ कर कहा-'डैडी मम्मी नमाज़ पढ़ने का बोल रही हैं।' मैंने कहा-'ठीक है परिसर के बाहर चलते हैं।'

तब तक श्रीमती जी भी वहां आ गईं और कहा कि 'इतनी भीड़ है बाहर निकलने में और कमरे तक पहुँचने में एक घंटे से ज़्यादा वक़्त लग जायेगा और नमाज़ कज़ा हो जायगी।' अब मैं सकपकाया मुझे पता था कि उन्होंने किशोरावस्था के बाद अब तक शायद एक नमाज़ भी नहीं छोड़ी थी। वे बोलीं -'यहीं कहीं पढ़ लें।'

मैं सिखों और मुस्लिमों के रक्त-रंजित इतिहास को जानता था। यद्यपि यह भी जानता था कि 1588 में गुरु अर्जन साहिब ने लाहौर के एक मुस्लिम फ़क़ीर(सूफी संत) हजरत मियां मीर जी से हरमिन्दर साहिब की नींव रखवाई थी पर यह भी सत्य है कि पिछले 422 सालों में पंजाब की पांचो नदियों में दोनों क़ौमों का बहुत रक्त बह चुका था। घर से दूर हजारों सिखों के बीच उनके सबसे पवित्र धर्म-स्थल पर बीबी-बच्चों को नमाज़ पढ़ने का कहने की मेरी हिम्मत नहीं हुई। शायद पढ़ा-लिखा होना इंसान को पूर्वाग्रही भी बना देता है। हमारी इस उहापोह को वहाँ तैनात एक सेवादार ने भांप लिया और हिन्दी मिश्रित गुरुमुखी में मुझसे कहा -'बोलें क्या बात है ?'

मेरे कुछ कहने से पहले ही बिटिया ज़ेनिफ़र ने उन्हें सारा माज़रा कह सुनाया। सेवादार महाशय मुस्कराये और बोले-' तो इसमें क्या दिक़्क़त है?' बस, फिर क्या था पवित्र सरोवर मेरे परिवार के लिए वज़ुख़ाना बन गया। सेवादार ने भीड़ को एक तरफ़ किया। दिशा भ्रम होने के कारण हमें बताया कि मग़रिब (पश्चिम) किस तरफ़ है। अपने उत्तरीय को पवित्र सरोवर में डुबो कर नमाज़ पढ़ने के स्थान को पोंछा, जब तक श्रीमती जी और बच्चे नमाज़ पढ़ते रहे, वे अपनी चिर-परिचित नीले रंग की पोशाक में चार फ़ीट लम्बी तलवार क़मर से लटकाये वहीं खड़े रहकर नमाज़ियों के सामने से लोगों को निकलने से रोके रहे।

ज़रा तसव्वुर कीजिये मित्रों दुनिया के सबसे पवित्र सिख धर्मस्थल पर हज़ारों सिखों के बीच में मेरा परिवार हरमिंदर साहिब में अपने रब की बारगाह में सजदा कर रहा था। बेटे के सर पर टोपी के स्थान पर अकाल तख़्त के प्रतीक वाला भगवा सरोपा (रुमाला) बंधा हुआ था। बिटिया और श्रीमती जी के सर पर हिज़ाब था। उन तीन नमाज़ियों के एहतराम में निहंग सर पर पगड़ी और क़मर में तलवार बांधे खड़ा था। यह एक कल्पनातीत दृश्य था। जिसका चित्रण करना नामुमकिन है। जो संवेदनशील होंगे उन्हें दिख रहा होगा कि इन नमाज़ियों, उस निहंग और वहाँ से ख़ामोशी से गुज़र रहे दर्शनार्थियों पर अल्लाह की रहमत के साथ-साथ तमाम प्रात:स्मरणीय गुरुओं और मियां मीर का आशीर्वाद भी बरस रहा था।

बच्चों की नमाज़ के बाद मैंने अपनी भीग आई आँखों की कोर को पोंछा और उस मोहब्बत के फ़रिश्ते से मुसाफ़ा( दोनों हाथ मिलाना ) कर उसका शुक्रिया अदा किया। सेवादार महाशय 'कोई गल नी जी, कोई गल नी' कहते हुए वापस अपने काम में लग गये। हम भी मोहब्बत और सर्वधर्म समभाव का एक अमिट पाठ अपने हृदय पर अंकित कर वहाँ से विदा हुए।

मेरा सौभाग्य रहा है कि मुझे हरमिंदर साहिब से लेकर हिन्दी पट्टी के अधिकाँश गुरुद्वारों में गुरुग्रंथ साहिब का दर्शन करने और उसका पाठ सुनने का शर्फ़ हासिल हुआ है। मैं जहाँ भी पर्यटन के लिए गया अगर वहाँ गुरुद्वारा है तो मेरे क़दम बेखुदी में उस ओर उठ ही गए। यूँ कहिये कि गुरूद्वारे मुझे अपनी ओर खींचते हैं। इस बारे में एक व्यक्तिगत अनुभव आपके साथ साझा करना चाहता हूँ। हम सपरिवार जनवरी 2010 में इंदौर से अमृतसर,दिल्ली, आगरा और फतेहपुर सीकरी पर्यटन के लिए निकले।

# उड़ानें बंद, ट्रेनें रद्द नागरिक परेशान

## हवाई सुविधा संघर्ष समिति ने दिल्ली की सीधी उड़ान जल्द प्रारंभ करने की मांग

**बिलासपुर**, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति का महाधरना आज 25 नवंबर को लगातार जारी रहा। आज के धरने में वक्ताओं ने इस बात को लेकर करके काफी नाराजगी जाहिर की कि बिलासपुर से दिल्ली तक की जो सीधी उड़ान प्रारंभ की गई थी उसे बिना किसी कारण के बंद कर दिया गया, जबकि यहां से दिल्ली तक जाने वाले यात्रियों की कोई कमी नहीं थी। उसके बावजूद इस उड़ाने को रद्द कर दिया गया।




दूसरी तरफ यात्री ट्रेनों को लगातार रद्द किया जा रहा है। रोज दो से चार ट्रेनें महीनों के लिए बंद कर दी जाती है। जिसके कारण यात्रियों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है और व्यापार में भी काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। विमान एवं ट्रेनों के बंद होने से पढ़ाई कर रहे बच्चे एवं व्यापार में यदि किसी व्यक्ति को अचानक तत्कालिक चिकित्सा हेतु यदि दूसरे महानगरों तक जाना है तो इन सभी हालातों में आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिये हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति यह मांग करती है कि दिल्ली की सीधी नियमित उड़ान एवं बिलासपुर से दूसरे महानगर जैसे कलकत्ता, हैदराबाद, पुणे एवं अन्य महानगरों के लिए जल्द से जल्द प्रारंभ की जाये।

हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति यह मांग करती है कि केन्द्र सरकार रक्षा मंत्रालय से जल्द ही एयरपोर्ट की जो जमीन रक्षा मंत्रालय के पास है उसे बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार हेतु जल्द प्रदान करें।

आज के धरने में आगमन के क्रम से देवेंद्र सिंह, बद्री यादव, समीर अहमद, महेश दुबे, राजा अवस्थी, मनोज श्रीवास, केशव गोरख, गोपाल दुबे, अशोक भण्डारी, कमल सिंह, चित्रकांत श्रीवास, दीपक कश्यप, हीरा यादव, संतोष पीपलवा, प्रकाश बहुरानी, पवन बनर्जी दादा, शिव मुदलियार, आशु शर्मा, रंजित खनूजा एवं हवाई सुविधा समिति के सदस्य उपस्थित थे।



**रायपुर,** 25 नवंबर । राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को भुवनेश्वर के कलिंग इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंस ने डी. लिट. की मानद उपाधि प्रदान की है। यह उपाधि उन्हें आज ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास के हाथों से प्रदान की गई। हरिचंदन को यह सम्मान सामाजिक और सार्वजनिक जीवन में सक्रियता के माध्यम से उल्लेखनीय जन सेवा के लिए दिया गया है। कलिंग इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंस के कुलपति प्राध्यापक और गणमान्य अतिथि उक्त अवसर पर आयोजित समारोह में उपस्थित थे।

# 27 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा, इस दिन नदी में स्नान और दीपदान का विषेश महत्व



**बिलासपुर,** 25 नवंबर ( देशबन्धु)। शास्त्रों में कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि का खास महत्व है. कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि को स्नान और दान के लिए बेहद माना गया है इस वर्ष 27 को कार्तिक पूर्णिमा मनाया जाएगा . मान्यता है कि स्नान और दान करने से पाप धुल जाते हैं.

यही वजह है कि कार्तिक मास की पूर्णिमा को गंगा स्नान कहा जाता है. इसके अलावा इस दिन दीप दान का भी खास महत्व है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान का खास महत्व है. मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से समस्त सांसारिक पापों से मुक्ति मिल जाती है. पौराणिक मान्यता है कि इस दिन देवतगण भी पृथ्वी लोक पर पधारकर गंगा स्नान करते हैं. ऐसे में कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान जरूर करना चाहिए. इसके अलावा इस दिन दान भी करना चाहिए. मान्यता है कि इस दिन दान करने से कई गुणा अधिक पुण्य फल की प्राप्ति होती है. गंगा स्नान के दिन अगर पवित्र नदियों में स्नान करने के संयोग न बन पाए तो इस दिन नहाने वाले पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान किया जा सकता है. ऐसा करने से भी पुण्य फल की प्राप्ति होती है. कार्तिक पूर्णिमा के दिन प्रदोष काल में नदी या तालाब में दीपदान करने का विशेष महत्व है. इस दिन शुभ मुहूर्त में किसी नदी या तालाब में जलता हुआ दीप दान करना चाहिए. पौराणिक मान्यता है कि इस दिन दीपदान करने से घर-परिवार में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है।

# आशीर्वाद वैली के डेवलपर व बिल्डर पर एक लाख का जुर्माना

## तीन महीने के अंदर स्विमिंग पुल बनाने के दिए निर्देश

**बिलासपुर**, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। आशीर्वाद वैली के डेवलपर और बिल्डर पर रेरा के अध्यक्ष संजय शुक्ला और सदस्य धनंजय देवांगन ने एक लाख रुपए का जुर्माना ठोक दिया है। यही नहीं कालोनी में तीन महीने के अंदर स्विमिंग पुल बनाने के निर्देश भी दिए है। रेरा ने यह कार्रवाई कालोनी की एक मकान मालकिन श्रीमती कविता सिंह की शिकायत पर की है।

कालोनी निवासी कविता सिंह ने अपने शिकायत में बताया था कि रायपुर रोड स्थित आशीर्वाद वैली के नाम से एक कालोनी विकसित की गई है। कालोनी के बिल्डर, डेवलपर और प्रमोटर ने चौड़ी सड़क, शानदार गार्डन, स्विमिंगपूल, क्लब हाउस, क्लीनिक जैसी आधुनिक सुविधाओं का सपना दिखाकर सैकड़ों लोगों को मकान बेचा है। उन्होंने भी बताए साधन सुविधा को देखते हुए मकान लिया और पति अरविंद सिंह की सेवा निवृत्त के बाद निवास करने लगी। लेकिन कालोनी से स्विमिंग पुल नही बनाया गया है, क्लीनिक हाउस अभी तक नही बनाया गया है। जिस जगह पर स्विमिंगपुल बनना है वहां लोग बेडमिटन खेलने लगे। गार्डन बहुत छोटा है, ले आउट के अनुसार गार्डन ए 24422 वर्गफीट का होना चाहिए लेकिन 23000 वर्गफीट है, इसी तरह गार्डन बी 33222 वर्गफीट पर होना चाहिए लेकिन 20000 वर्गफीट जमीन पर बनाया गया है। इस तरह से बिल्डर ने गार्डन की 14644 वर्गफीट जमीन में प्लाट काटकर मकान बना लिए और उन मकानों को बेचकर पैसा भी बना लिया। विडंबना तो ये है कि जिम्मेदार अधिकारियों ने कालोनी पूर्ण होने का प्रमाण पत्र दे दिया, वो भी समय से पहले। जब बिल्डर से वहां के रहवासियों ने स्विमिंग पुल और क्लीनिक की मांग की तो मुंह बंद रखने धमकी दी गई। इन्ही सब समस्याओं को लेकर श्रीमती कविता सिंह ने सभी जिम्मेदार अधिकारियों और संस्थाओं में इसकी शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुआ। तब अपने अधिवक्ता के माध्यम से रेरा में बिल्डर, डेवलपर और प्रमोटर के खिलाफ शिकायत की। सभी पक्षों को सुनने के बाद रेरा ने बिल्डर, डेवलपर और प्रमोटर पर एक लाख रुपए का जुर्माना कर दिया है। इसके अलावा तीन महीने के अंदर प्लान के अनुसार निर्धारित स्थान पर स्विमिंगपुल बनाने के निर्देश दिए है।



गौरतलब है कि आशीर्वाद बिल्डकॉन के साझेदार विजय कुमार प्रीतवानी व रवि प्रीतवानी ने बोदरी नगर पंचायत स्थित 15.49 एकड़ जमीन पर आशीर्वाद वैली के नाम से कॉलोनी बनाया है। दीपक ग्वालानी इस कालोनी के बिल्डर और डेवलपर है। दीपक शहर के जानेमाने बिल्डर प्रकाश ग्वालनी के पुत्र है। कॉलोनी विकसित करने से पहले आशीर्वाद बिल्डकॉन के साझेदारों ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग में जो ले-आउट जमा कर अनुमति प्राप्त की है, उसमें से आधे से ज्यादा सुविधाओं को कालोनी में उपलब्ध नहीं कराया गया है।

## योग वेदान्त सेवा समिति का पुर्नगठन

**बिलासपुर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। आज संत आसाराम बापूजी आश्रम सेन्दरी के योग वेदांत सेवा समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें विभिन्न सेवा कार्य के पदों पर साधक साधिकाओं का सर्वसम्मिति से चयन किया गया। कार्यकारिणी अध्यक्ष, संरक्षक, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, सहकोषाध्यक्ष, प्रचार प्रभारी, युवा सेवा संघ प्रभारी, कृषि प्रसाद प्रभारी, लोक कल्याण सेतु प्रभारी, बाल संस्कार प्रभारी, अखंड ज्योति प्रभारी, आसा रामायण पाठ प्रभारी, कीर्तन यात्रा प्रभारी, एकादशी पाठ प्रभारी आदि का चयन किया गया, जिसमें विष्णु सिंह ठाकुर को अध्यक्ष, विशाल पाहूजा को कार्यकारी अध्यक्ष हुलास राम साहू को सचिव, अशोक जीवनानी को कोषाध्यक्ष, मनिस साहू को युवा, सेवा संघ प्रभारी, उषा किरण बुलबुले को महिला मण्डल समिति के अध्यक्ष, पूनम रोहरा, राधा शर्मा को उपाध्यक्ष पल्लवी साहू को सचिव, हर्ष सग्गर को संरक्षक बाबीता बीरवानी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उक्ताशय की जानकारी राम अवतार साहू ने दी है।

## 'शोर किया तो अब खैर नहीं, कलेक्टर ने घोषित किया कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र

**रायपुर**, 25 नवंबर ( देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे ने रायपुर जिले में चिन्हित क्षेत्रों के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र (जोन्स ऑफ साइलेंस) घोषित किया है। जारी निर्देश के अनुसार इसके अंतर्गत समस्त शासकीय, अशासकीय हॉस्पीटल, समस्त शासकीय अशासकीय शैक्षणिक संस्थान, जिला एवं सत्र न्यायालय तथा अन्य न्यायालय और मंत्रालय, संचालनालय, तथा समस्त शासकीय कार्यालय चिन्हित क्षेत्रों में शामिल होंगे। उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के द्वारा जारी अन्तरिम आदेश के परिपालन में शिक्षण संस्थानों की शैक्षणिक गतिविधियों, वृद्धजनों, नि:शक्तजनों, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए, कोलाहल नियम 1985 तथा ध्वनि प्रदुषण नियम 2000 में प्रदत्त शक्तियों के तहत कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। कलेक्टर ने सक्षम अधिकारी को कडाई से पालन कराने के निर्देश दिए है।

## घर से स्कूल के लिए निकली 6 साल की बच्ची का ट्रेक्टर से गिर कर मौत

**बिलासपुर,** 25 नवंबर ( देशबन्धु)। मस्तूरी थाना अंतर्गत आज 25 नवंबर की सुबह करीब 8.30 बजे पाराघाट में लल्लू राम साहू के दुकान के पास गांव की एक 5-6 साल की बच्ची अंजली यादव पिता राम नारायण यादव उम्र करीब 06 वर्ष निवासी पाराघाट जो घर से स्कूल जाते समय महिंद्रा ट्रेक्टर के इंजन में बैठ गयी थी।



चालक धरम पाल बघेल पिता रामाधीन बघेल निवासी पाराघाट ने ट्रेक्टर को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाया जिससे बच्ची छिटक कर इंजन से नीचे गिर गयी,गिरने से चोट आने के कारण बच्ची की मौके पर ही मृत्यु हो गयी है।

शव को हॉस्पिटल मस्तूरी पहुँचा दिया गया है।मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।बच्ची गांव के ही आंगनबाड़ी में पढ़ रही थी।

NECC

| 26.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 523 | 83 | 145 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 175 |

डिलीवरी 538 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA



# रेलमंत्री वैष्णव ने रेलवे के सभी जोन के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ले कर संरक्षा के पहलुओं पर की चर्चा

**बिलासपुर,** 25 नवंबर ( देशबन्धु)। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज 25 नवंबर को रेलवे बोर्ड के सदस्यों व वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भारतीय रेलवे के सभी जोन एवं मंडलों व अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) के अधिकारियों के साथ बैठक कर भरतीय रेलवे में संरक्षा के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में माननीय रेलमंत्री जी ने ऑटोमैटिक सिग्नलिंग, रेलवे यार्ड के आधुनिकीकरण एवं संरक्षा तथा आपदा प्रबंधन टीम जैसे विभिन्न संरक्षा पहलुओं पर जोर दिया।

इसके साथ ही साथ उन्होंने पाक्षिक संरक्षा कार्ययोजना बनाने और उसकी नियमित समीक्षा करने के भी दिशा-निर्देश दिये।

इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, तीनों रेल मंडलो बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर के मंडल रेल प्रबंधक सहित अन्य अधिकारीगण इस बैठक से जुड़े रहे।

# सरप्राइज चेकिंग में 142 वाहनों पर हुई कार्रवाई

## ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों से वसूला गया 57 हजार




### शराब पीकर वाहन चलाने वाले 30 वाहन चालकों के विरुद्ध 185 एमव्ही एक्ट की कार्यवाही

### बिलासपुर शहरी थाना के सभी प्रमुख जगहों एवं सभी ग्रामीण थाना में हुई चेकिंग

**बिलासपुर,** 25 नवंबर ( देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती अर्चना झा, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन संदीप कुमार पटेल (भापुसे), नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्रीमती पूजा कुमार (भापुसे) के मार्गदर्शन में बिलासपुर के प्रमुख चौराहों में, सभी ग्रामीण थानो में सरप्राइज चेकिंग लगाकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक तथा शहरी क्षेत्रों में रात्रि 10 बजे से 12 बजे तक सरप्राइज वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

चेकिंग के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव, ब्लैक फिल्म लगाने वाले कार, बिना नंबर गाड़ी, तीन सवारी आदि यातायात नियमों को नहीं मानने वाले की जांच कर कार्यवाही की गई है।

शराब पीकर वाहन चलाने वालों का मौके पर ही ब्रेथ एनालाइजर मशीन से चेक किया गया व नियत सीमा से अधिक शराब पी कर गाड़ी चलाने वालों की गाड़ियों को जप्त किया गया है, 185 एम.व्ही. एक्ट के अंतर्गत कुल 30 वाहनों को जप्त किया गया है, जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 142 वाहनों पर एमवी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही कर कुल 57,100 शमन शुल्क वसूला गया।

वाहनों की सरप्राईज चेकिंग का उद्देश्य अपराधिक गतिविधि वाले व्यक्तियों पर अंकुश लगाना तथा ड्रिंक एंड ड्राइव से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाना है।

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188